CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28° C
न्यूनतम : 14° C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 8 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 297 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 16 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश से मिले आजम खां, बोले 'अब भी जिंदा हैं पत्थर से मजबूत लोग' पेज 2



ब्रिस्बेन में सीरीज का आखिरी मैच धमाकेदार होने के आसार खेल टाइम्स




परीक्षा देने का सबसे अच्छा समय क्या है सम्पादकीय



पाकिस्तान एटमी हथियारों की तस्करी कर रहा: भारत पेज 12

# मोदी से चल रही अच्छी बात, जल्द करूंगा भारत का दौरा: ट्रम्प

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका के राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी बातचीत बेहद अच्छी चल रही है और वे जल्द ही भारत दौरे पर आ सकते हैं। ट्रम्प ने मीडिया से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा हमारे बीच बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। उन्होंने रूस से तेल खरीदना काफी हद तक बंद कर दिया है।

मोदी मेरे दोस्त हैं, हम बात करते रहते हैं और उन्होंने मुझे भारत आने का न्योता दिया है। हम तारीख तय करेंगे, प्रधानमंत्री मोदी एक महान व्यक्ति हैं और मैं भारत जाऊंगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अगले साल भारत का दौरा करेंगे, तो ट्रम्प ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, हो सकता है, हां। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत अभी जारी है। ट्रम्प ने कहा कि ट्रेड के कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं, लेकिन हमारी टीम इस पर काम कर रही है। हालांकि दोनों देशों के बीच बीते कुछ समय से व्यापार को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत अपने बाजारों को और अधिक खोलने पर विचार करे, जबकि भारत कृषि और तकनीकी क्षेत्र में अमेरिकी रियायतों की उम्मीद कर रहा है। ट्रम्प के कार्यकाल के दौरान भी दोनों देशों के बीच कई व्यापारिक समझौतों पर बात हुई थी, लेकिन कुछ मतभेदों के कारण वे अधूरे रह गए थे। ट्रम्प ने हाल ही में भारत-रूस तेल व्यापार को लेकर भी बयान दिया था। उनका कहना था कि भारत अब रूस के साथ तेल व्यापार को सीमित करेगा। पिछले महीने से ट्रम्प इस मुद्दे पर कई दावे कर चुके हैं। इससे पहले भी ट्रम्प ने अपने भाषण के दौरान भारत से जल्द व्यापार समझौता पूरा होने के संकेत दिए थे।

**टैरिफ विवाद के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति का बड़ा ऐलान**
**कहा- भारत ने रूस से तेल खरीदना काफी हद तक बंद किया, मोदी मेरे दोस्त हैं, उन्होंने मुझे भारत आने का न्योता दिया है**



## संक्षिप्त समाचार

### गायिका-अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित का हुआ अंतिम संस्कार



**मुंबई।** हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका और अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित का शुक्रवार को मुंबई में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर परिवार के सदस्य और करीबी लोग मौजूद थे। सुलक्षणा पंडित का गुरुवार शाम लंबी बीमारी के बाद 71 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। सुलक्षणा पंडित 1970 और 1980 के दशक के आरंभ में लोकप्रिय गायिका एवं अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाई और उन्होंने उस समय हिंदी फिल्मों के बड़े सितारों जितेन्द्र, संजीव कुमार, राजेश खन्ना, विनोद खन्ना, शशि कपूर और शत्रुघ्न सिन्हा के साथ फिल्में की। उन्होंने अपने अभिनय की शुरुआत 1975 की सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म 'उलझन' में संजीव कुमार के साथ की और उन्होंने क्लासिक उपन्यास परिणीता पर आधारित अनिल गांगुली की फिल्म 'संकोच' (1976) में लोलिता की भूमिका के लिए प्रशंसा अर्जित की। उनकी फिल्मों में हेरा फेरी, अपनापन, खानदान, चेहरे पे चेहरा, धरम कांटा और वक्त की दीवार जैसे लोकप्रिय फिल्में शामिल हैं।

### 68 करोड़ के बैंक गारंटी मामले में रिलायंस पावर का संदिग्ध आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रिलायंस पावर लिमिटेड से जुड़ी जाली ऋण गारंटी और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के नवीनतम घटनाक्रम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को एक और संदिग्ध अमरनाथ दत्ता को गिरफ्तार किया। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दत्ता को रिलायंस पावर लिमिटेड की एक सहायक कंपनी द्वारा सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) को 68 करोड़ रुपये से अधिक की जाली बैंक गारंटी (बीजी), फर्जी बैंक गारंटी अनुमोदन और एसएफएमएस जमा करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने व्यापार के लिए वित्तीय सेवा उपलब्ध कराने के नाम पर परामर्श सेवाएं प्रदान करने का दावा किया था। दत्ता ने पहले गिरफ्तार किए गए अशोक पाल और पार्थसारथी बिस्वाल के साथ मिलकर फर्जी बैंक गारंटी प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाई थी। अमरनाथ दत्ता को नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 10 नवम्बर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया गया।

### अतीक के बहनोई, वकील, ड्राइवर और नौकर की जमानत अर्जी खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी रहे अतीक अहमद के बहनोई डा. अखलाक अहमद, वकील विजय मिश्रा, ड्राइवर व नौकर नियाज की जमानत अर्जी खारिज कर दी। पिछली सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया। सभी आरोपियों की ओर से दाखिल अपराधिक अपील पर न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकल पीठ सुनवाई कर रही थी। मेरठ निवासी अतीक के बहनोई डा. अखलाक अहमद पर हत्याकांड के बमबाज गुड्डू मुस्लिम को शरण देने का आरोप है। जबकि, बाकी मुल्जिमों पर हत्या की साजिश रचने का आरोप है। हत्याकांड के बाद से फरार बमबाज गुड्डू मुस्लिम पांच लाख का इनामी है। पुलिस का दावा है कि घटना को अंजाम देने के बाद इसने डा. अखलाक के मेरठ स्थित घर पर शरण ली थी। मेरठ से गिरफ्तार एकलाख ने जमानत पर रिहाई के लिए सितम्बर 2023 में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। डा. अखलाक के अधिवक्ता ने दलील दी थी कि उनका नाम एफआईआर में नामजद नहीं है। वह पेशे से डाक्टर हैं। अपराध की दुनिया से उसका कोई वास्ता नहीं है। उसे केवल अतीक के रिश्तेदार होने के कारण फंसाया गया है। अतीक के वकील विजय पर उमेश पाल हत्याकांड में मुखबिरी करने का आरोप है।

### सीबीआई ने अकील अख्तर की संदिग्ध मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज की

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा और पंजाब की पूर्व लोक निर्माण विभाग मंत्री रजिया सुल्ताना के बेटे अकील अख्तर की गत 16 अक्टूबर को पंचकूला में हुई संदिग्ध मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली। सीबीआई ने शुक्रवार को बताया कि अकील अख्तर की संदिग्ध मौत का मामला सबसे पहले 20 अक्टूबर को पंचकूला के मनसा देवी कॉम्प्लेक्स पुलिस थाने में दर्ज किया गया था।

# आवारा कुत्तों को सड़कों-हाईवे से हटाएं

## सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को जारी किया अहम निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में सुनवाई करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अहम निर्देश जारी किया है। कोर्ट ने कहा है कि सभी आवारा पशुओं को सड़कों, राज्य के हाईवे और राष्ट्रीय राजमार्गों से हटाया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर राज्यों के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और नगरपालिकाओं को भी निर्देश जारी किया है।

इतना ही नहीं कोर्ट ने निर्देश दिया है कि आवारा पशुओं को हटाने के लिए हाईवे निगरानी टीमें बनाई जाएं जो उन्हें पकड़ कर सड़कों से हटाएंगी और शेल्टर होम्स में रखेंगी। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में आगे आवारा कुत्तों के मुद्दे पर भी आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, बस और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों को हटाया जाए और उन्हें शेल्टर होम में जगह दी जाए। साथ ही उन्हें टीकाकरण के बाद भी उसी इलाके में न छोड़े जाने के निर्देश दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों- जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान कुत्तों के काटने के मामलों में चौंकाने वाली बढ़ोतरी की बात कही और आदेश दिया कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के बाद उन्हें शेल्टर में टीके दिए जाएं। इसके बाद उन्हें पुरानी जगहों पर न छोड़ा जाए। इसके अलावा सार्वजनिक जगहों पर आवारा कुत्तों के दोबारा न घुसने देने के इंतजाम भी तय हों। कोर्ट इस मामले में अगली सुनवाई 13 जनवरी को करेगी। पीठ ने आवारा कुत्तों को सार्वजनिक रूप से भोजन कराने पर भी रोक लगाई और उनके लिए भोजन स्थल बनाने का निर्देश दिया। पीठ ने मामले का दायरा दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से आगे बढ़ाकर इसे पूरे भारत में लागू कर दिया है। पीठ ने शुक्रवार को स्वत: संज्ञान लेकर आवारा कुत्तों के मामले में यह आदेश पारित किया।



**■ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और नगर पालिकाओं को भी शीर्ष अदालत ने निर्देश किया जारी**

### विमान हादसा: पायलट के पिता की याचिका पर केंद्र- डीजीसीए से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए पायलट के पिता की स्वतंत्र जांच की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और डीजीसीए से जवाब तलब किया है। वहीं इस मामले में कोर्ट ने मृत पायलट के पिता से साफ कहा कि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में भी पायलट के खिलाफ कोई आरोप नहीं है। कोर्ट ने पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल के 91 वर्षीय पिता से कहा कि उनके बेटे को हादसे के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है और उन्हें खुद पर इसका बोझ नहीं लेना चाहिए।पीठ ने इस मामले में केंद्र सरकार और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को नोटिस जारी किया है।


### SIR: DMK की याचिका पर सुनवाई को तैयार हुआ कोर्ट

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने राज्य में एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। अब सुप्रीम कोर्ट 11 नवम्बर को इस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। डीएमके की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील विवेक सिंह ने मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ से याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की, जिसके बाद पीठ ने याचिका को मंगलवार को सूचीबद्ध करने की बात कही। डीएमके के संगठन सचिव आरएस भारती ने चुनाव आयोग द्वारा तमिलनाडु में एसआईआर कराने के फैसले के खिलाफ 3 नवम्बर को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

# 1937 में विभाजन के बीज बोए गए, वही सोच आज भी देश के लिए बड़ी चुनौती: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव का शुभारंभ किया है।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की भावना ने पूरे राष्ट्र को आलोकित किया, लेकिन दुर्भाग्य से 1937 में इसकी आत्मा का एक हिस्सा, वंदे मातरम के महत्वपूर्ण पदों को अलग कर दिया गया। वंदे मातरम को खंडित किया गया, उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए। वंदे मातरम के इसी विभाजन ने देश के विभाजन के बीज भी बोए... आज की पीढ़ी के लिए यह जानना जरूरी है कि यह अन्याय क्यों हुआ, क्योंकि वही विभाजनकारी सोच आज भी देश के लिए चुनौती बनी हुई है। वंदे मातरम, ये शब्द एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है, एक संकल्प है। वंदे मातरम, ये शब्द मां भारती की साधना है, मां भारती की आराधना है। वंदे मातरम, ये शब्द हमें इतिहास में ले जाता है, ये हमारे वर्तमान को नए आत्मविश्वास से भर देता है और हमारे भविष्य को ये नया हौसला देता है कि ऐसा कोई संकल्प नहीं जिसकी सिद्धि न हो सके, ऐसा कोई लक्ष्य नहीं जिसे हम भारतवासी पा न सकें।



**■ कहा: आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की भावना ने पूरे राष्ट्र को आलोकित किया**

# दिल्ली हवाई अड्डे पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल समस्या, 300 उड़ानें प्रभावित

**नई दिल्ली/मुंबई।** दिल्ली हवाई अड्डे पर शुक्रवार को हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में तकनीकी खामी के कारण लगभग 300 घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ। सैकड़ों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसका असर मुंबई के हवाई अड्डे पर भी देखा गया है।

मुंबई में भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुंबई एयरपोर्ट की तरफ से जारी एडवाइजरी में कहा गया कि दिल्ली स्थित स्वचालित संदेश स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) में आई एक तकनीकी समस्या के कारण मुंबई हवाई अड्डे पर भी उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है। एयर ट्रैफ़िक कंट्रोल (एटीसी) में इस प्रणाली से मदद मिलती है। संबंधित अधिकारी इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

**■ यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा**

# दिल्ली में सीजन की सबसे ठंडी रात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी राज्यों में ठंड ने दस्तक दे दी है। दिल्ली में गुरुवार को इस मौसम की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। दिल्ली का न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री तक गिर गया।

इस सर्दी सीजन में पहली बार है जब तापमान 15 डिग्री से नीचे चला गया। इससे पहले, इस साल का न्यूनतम तापमान 26 अक्टूबर को 15.8 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटों में मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, दिल्ली सहित मध्य और उत्तर भारत के राज्यों में तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक और गिर सकता है। तापमान में गिरावट के साथ ठंडी हवाएं भी चलेंगी। इससे कड़ाके की ठंड का एहसास होगा। राजस्थान के 3 शहरों में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया। फतेहपुर में तापमान सबसे कम 7.5 डिग्री दर्ज हुआ। नागौर में 9.4 और बीकानेर के पास लूणकरणसर में 8.9 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश के औसत तापमान में गुरुवार रात 6.1 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। राज्य के राजगढ़ में सबसे कम 11 डिग्री तापमान रहा। इंदौर में 12. 1 डिग्री और भोपाल में 13 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।



**■ अगले दो-तीन दिन में कड़ाके की ठंड का अनुमान जताया**

### वंदे मातरम की ध्वज वाहक है कांग्रेस: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की गर्वित ध्वज वाहक है। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के अवसर पर खड़गे ने कहा कि वंदे मातरम ने ही देश की सामूहिक आत्मा को जगाया और देश की आजादी का बुलंद नारा बन गया। वंदे मातरम देश की एकता में अनेकता की भावना को दर्शाता है। खड़गे ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वंदे मातरम की गर्वित ध्वजवाहक रही है। साल 1896 में कलकत्ता में कांग्रेस के अधिवेशन के दौरान तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष रहमतुल्लाह सयानी के नेतृत्व में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने पहली बार सार्वजनिक रूप से वंदे मातरम गाया था। उस पल ने आजादी की लड़ाई में नई जान फूंक दी।

# पूरा चुनाव ही चोरी कर लिया गया: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक बार फिर भाजपा पर वोट चोरी के आरोप लगाए। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पूरा चुनाव चोरी किया गया और नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं।

हालांकि भाजपा ने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि राहुल गांधी अपनी नाकामी को छिपाने के लिए देश के लोकतंत्र को बदनाम कर रहे हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, हमारे पास बहुत सारा मैटेरियल है। हम वोट चोरी का पर्दाफाश करने की प्रक्रिया जारी रखेंगे। हम भारत के जेन जी, युवाओं को साफ तौर पर दिखाएंगे कि नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं और भाजपा चुनाव चोरी करती है। बुधवार की अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह एक सामान्य सी बात है। मैंने अपनी प्रेजेंटेशन में दिखाया कि हरियाणा चुनाव, चुनाव नहीं था, और बड़े पैमाने पर चोरी हुई है। राहुल गांधी ने कहा कि मेरे द्वारा लगाए गए सभी आरोपों पर चुनाव आयोग की ओर से कोई जवाब नहीं आया है और भाजपा लगातार चुनाव आयोग का बचाव कर रही है, लेकिन वे मेरी कही बात को गलत नहीं बता रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया था कि हरियाणा चुनाव के दौरान मतदाता सूची में 25 लाख एंट्री फर्जी थीं और चुनाव आयोग ने पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भजापा के साथ मिलीभगत की थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि मीडिया ब्राजीली मॉडल के मुद्दे को उठा रहा है।

**■ कांग्रेस नेता का पीएम मोदी पर तीखा हमला**
**■ कहा: नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं**



# 50 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के रौनापार क्षेत्र में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और आजमगढ़ स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश मार गिराया गया।

पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह ने बताया कि जोकहरा गांव के पुल के पास हुई इस मुठभेड़ में तीन अन्य बदमाश मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। मारे गए बदमाश की शिनाख्त वाकिब उर्फ वाकिफ (27) निवासी थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ के रूप में की गई है । सिधारी क्षेत्र में हुई छिनैती की घटना के सुराग के लिए स्वाट टीम एवं थाना सिधारी पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ हुई।

**■ मारे गए बदमाश की पहचान वाकिफ के रूप में हुई**

## संक्षिप्त समाचार

### एससी-एसटी एक्ट की आड़ में झूठी शिकायत पर हाईकोर्ट पर सख्त

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एससी/एसटी एक्ट की आड़ में झूठी शिकायत कर सरकारी मुआवजा प्राप्त करने के मामले में सख्त टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि यह कानून कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए बनाया गया है, न कि इसे निजी लाभ या दबाव बनाने के साधन के रूप में इस्तेमाल करने के लिए। अदालत ने स्पष्ट चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रयागराज की रामकली और उसकी दो बहुएं कविता और सविता ने पहले कोर्ट में कहा था कि उन्होंने ही एफआईआर कराई है और उन पर अत्याचार हुआ है। इसके आधार पर इन्हें सरकार से मुआवजा भी दिया गया, लेकिन बाद में हाईकोर्ट में बयान बदलते हुए कहा गया कि उनके अंगूठे के निशान खाली कागज पर लिए गए थे और उन्होंने जानबूझकर शिकायत नहीं की थी।

### मतदाताओं ने विकसित बिहार के मुद्दे पर लगाई मुहर: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के बाद बिहारवासियों की सराहना करते हुए कहा है कि लोगों ने विकसित बिहार पर अपनी मुहर लगा दी है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- बिहार ने प्रथम चरण के मतदान में भाजपा-एनडीए सरकार के संकल्प 'विकसित बिहार' पर अपने विश्वास और आशीर्वाद की मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि आज सत्याग्रह और राष्ट्रवाद की तीर्थभूमि पूर्वी चंपारण एवं पश्चिमी चंपारण की सुशासनप्रिय जनता-जनार्दन से संवाद करूंगा।

# एसआईआर को लेकर भाजपा ने 75 जिलों में बनाए वॉर रूम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान विधानसभा क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने की अपनी रणनीति के तहत, भारतीय जनता पार्टी ने बूथ स्तर पर समर्पित वॉर रूम और कार्यकर्ताओं की विशेष टीमें स्थापित की हैं।

पार्टी के एक पदाधिकारी ने बताया कि मुख्य रूप से जिला और क्षेत्रीय स्तर पर गठित इन वॉर रूम का संचालन 75 जिलों और छह क्षेत्रों (पश्चिमी उत्तर प्रदेश, ब्रज, अवध, काशी, गोरखपुर और कानपुर-बुंदेलखंड) में से प्रत्येक में 11 लोगों की एक टीम द्वारा किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि ये टीमें पार्टी के जिला और विधानसभा स्तर के समन्वयकों से रोजाना फीडबैक ले रही हैं। पार्टी ने टीमों को कार्यकर्ताओं के कामकाज पर नज़र रखने और बाद में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। बूथ जीतना ही चुनाव जीतना है। हम बूथ स्तर पर तैयारियों के तहत इसी मंत्र पर काम कर रहे हैं। एक वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी ने कहा कि एसआईआर के मामले में भी, पार्टी ने मतदाता सूचियों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग के साथ समन्वय स्थापित करने की विस्तृत योजना बनाई है।

विशेषज्ञों ने कहा कि भाजपा वॉर रूम, एसआईआर के दौरान वास्तविक समय में डेटा निगरानी और जवाबदेही को औपचारिक रूप देने की पार्टी की रणनीति को रेखांकित करते हैं।

### अगर वोटर घर पर नहीं, तो ऐसे भरेगा एसआईआर का फॉर्म: यूपी सीईओ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से अपील की है कि शुद्ध निर्वाचक नामावली मजबूत लोकतंत्र के उद्देश्य से चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। यूपी में चार नवंबर से मतदाता सूची से संबंधित गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) का वितरण शुरू हो चुका है, जिसके बाद से बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर यह गणना फॉर्म मतदाताओं को दे रहे हैं। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हम प्रत्येक मतदाता से अनुरोध करते हैं कि वे गणना फॉर्म को ध्यानपूर्वक भरें, उस पर अपने हस्ताक्षर करें और बीएलओ को वापस दे दें। यदि मतदाता घर पर नहीं हैं, तो परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य सभी सदस्यों की जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को दे सकता है। जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे, उनके नाम आगामी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सम्मिलित किए जाएंगे, जिसका प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को होगा। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि सभी मतदाता समय पर अपना फॉर्म भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि किसी का नाम सूची से छूटे नहीं। उन्होंने बताया कि जिन पात्र नागरिकों का नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं है, उनके लिए दूसरा चरण चलेगा।

# विद्युत संशोधन विधेयक वापस ले सरकार

**लखनऊ, वार्ता**

**एआईपीईएफ ने की सरकार से मांग**

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने केंद्रीय विद्युत मंत्री को ड्राफ्ट विद्युत (संशोधन) विधेयक 2025 पर अपनी टिप्पणियां सौंपते हुए विधेयक को तत्काल वापस लेने की मांग की है। इंजीनियरों का कहना है कि विधेयक का उद्देश्य पूरे बिजली क्षेत्र का निजीकरण करना है, जो किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए आत्मघाती साबित होगा।

एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने बताया कि यदि यह विधेयक लागू हुआ, तो दशकों में बनी एकीकृत और सामाजिक रूप से संचालित बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी और बिजली वितरण व उत्पादन के सबसे लाभदायक हिस्से निजी कंपनियों के हाथ सौंप दिए जाएंगे जबकि घाटा और सामाजिक दायित्व सार्वजनिक क्षेत्र को ही उठाने पड़ेंगे।

दुबे ने कहा कि यह विधेयक सार्वजनिक हित में क्षेत्र को सहारा देने के बजाय बड़े पैमाने पर निजीकरण, व्यावसाईकरण और भारतीय बिजली प्रणाली के केंद्रीकरण का रास्ता साफ करने के लिए बनाया गया है। यह सार्वजनिक उपयोगिताओं की वित्तीय स्थिरता, उपभोक्ताओं के लोकतांत्रिक अधिकारों, भारतीय राज्य की संघीय संरचना और देशभर में लाखों बिजली क्षेत्र कर्मचारियों की आजीविका को खतरे में डालता है। उन्होंने कहा कि लागत-प्रतिबिबी टैरिफ (कास्ट रिफ्लेक्टिव टैरिफ) का प्रावधान और क्रॉस-सब्सिडी की वापसी से किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ असहनीय हो जाएगा। दुबे ने बताया कि पहले भी वर्ष 2014, 2018, 2020, 2021 और 2022 में केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय ने विद्युत (संशोधन) विधेयक पेश किए थे, लेकिन कर्मचारी-विरोधी, किसान-विरोधी और उपभोक्ता-विरोधी प्रावधानों के कारण तथा बिजली इंजीनियर्स, बिजली कर्मचारी, किसान संगठन, उपभोक्ता मंच और कई राज्य सरकारों के कड़े विरोध के चलते ये विधेयक पारित नहीं हो सके।

# पर्यटन नीति-2022 के तहत यूपी में खुलेंगे वेलनेस सेंटर

**लखनऊ, वार्ता**



उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने पर्यटन नीति-2022 के अंतर्गत व्यक्तियों, संस्थाओं और उद्यमियों को प्रदेशभर में वेलनेस सेंटर स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया है। इस पहल का उद्देश्य योग, प्राकृतिक चिकित्सा और पारंपरिक भारतीय उपचार पद्धतियों के माध्यम से आध्यात्मिकता और पर्यटन को एक सूत्र में जोड़ना है।

प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में लोग तेजी से वेलनेस आधारित जीवनशैली अपना रहे हैं। ऐसे में प्रदेश में वेलनेस सेंटरों की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक वेलनेस पद्धति से जोड़ना है। इससे पर्यटकों को आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी और होम्योपैथी जैसी आयुष पद्धतियों का अनुभव प्राप्त होगा। पर्यटन नीति-2022 के अनुसार वेलनेस सेंटरों को अनुभव आधारित पर्यटन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। प्रत्येक वेलनेस सेंटर में कम से कम पांच थेरेपी कक्ष होना अनिवार्य होगा, जहां आयुष पद्धतियों पर आधारित विशेष उपचार और सेवाएं प्रदान की जाएंगी। वहीं वेलनेस रिज़ॉर्ट के लिए कम से कम एक एकड़ भूमि और 20 कमरे आवश्यक हैं, साथ ही थेरेपी और योग गति. विधियों के लिए अलग परिसर भी होना चाहिए। पर्यटन विभाग का मानना है कि ऐसे वेलनेस सेंटर उन पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करेंगे, जो शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और समग्र जीवनशैली सुधार की तलाश में रहते हैं। मंत्री ने बताया

## सपा मुखिया अखिलेश से मिलने के बाद बोले आजम खान

# अब भी जिंदा हैं पत्थर से मजबूत लोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान ने शुक्रवार को लखनऊ में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवास पर पहुंच कर उनसे मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ बेटे अब्दुल्ला आजम भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं के बीच करीब 45 मिनट तक चली यह बैठक राजनीतिक रूप से काफी अहम मानी जा रही है, जिससे राजधानी के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

आजम खान से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कहा कि न जाने कितनी यादें संग ले आए, जब वो आज हमारे घर पर आए। ये जो मेलमिलाप है यही हमारी साझा विरासत है। वहीं बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में आजम



मेरे घर में कल भी जनरेटर नहीं था, आज भी नहीं: आजम खान



जब आजम हमारे घर आए न जाने कितनी यादें अपने संग लेकर आए: अखिलेश

खान ने कहा कि आज मेरे आने का मकसद सिर्फ इतना था कि लोगों को बता सकूं कि आज भी इस धरती पर कुछ ऐसे लोग जिंदा हैं, जिनकी सहनशीलता किसी पत्थर और पहाड़ से ज्यादा मजबूत है। अपने सादे जीवन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे घर में कल भी जनरेटर नहीं था, आज भी नहीं है, और जब तक मेरे समाज के हर व्यक्ति के घर में जनरेटर नहीं लग जाएगा, मैं भी जनरेटर नहीं रखूंगा। आजम खान ने कहा कि आज ऐसा दौर है, जब लोग हजारों किलोमीटर चलकर मिलने आते हैं और गले लगते हैं, उनमें से कई मेरे धर्म के भी नहीं हैं। यही असली बदलाव है और यह बदलाव महसूस भी हो रहा है। जेल में बिताए समय को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर मुझे कभी इतना वक्त मिला कि मैं कुछ लिख सकूं, तो मैं दावा करता हूं कि आप उसे पढ़ नहीं सकेंगे। बिहार के मौजूदा चुनावी माहौल पर तंज करते हुए आजम खान ने कहा कि यहां बादशाह से लेकर वजीर तक कहते हैं कि बिहार में जंगलराज है, लेकिन जंगल में कौन रहता है, इंसान तो नहीं। अगर मैं उस 'जंगलराज' में चला जाऊं, तो देख लेना, मैं अपना सिर रेल की पटरी पर नहीं रखूंगा। आजम खान ने कहा कि लोग कह रहे हैं कि बिहार में बदलाव आने वाला है और जब लोग कहते हैं, तो शायद सही कहते हैं। अपने ऊपर दर्ज मामलों को लेकर उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि अगर 'तनखइया' कहने पर मेरी सदस्यता जा सकती है, मुर्गी चोरी पर 21 साल की सजा और 30 लाख का जुर्माना हो सकता है, तो फिर दूसरे लोग क्यों माहौल खराब करें।

### नई पीढ़ी कट्टर विचारों के खिलाफ: सपा

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट साझा कर बिना नाम लिए भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी किसी भी तरह के कट्टर विचारों के खिलाफ होती है। यादव ने लिखा कि 'नई पीढ़ी' इसीलिए नई कही जाती है, क्योंकि उसकी सोच नई होती है, पुरानी नहीं। नई पीढ़ी आने वाले कल की ओर खुले नज़रिए से देखती है। वह पिछली पीढ़ियों की तुलना में अधिक प्रगतिशील होती है और उसका सोचने का दायरा बहुत बड़ा होता है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी दुनिया भर को न केवल अनुभव करना चाहती है, बल्कि गले भी लगाना चाहती है। नई पीढ़ी का नेचर इंक्लूसिव और एकमोडेटिंग होता है। उसमें भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं होती। वह हर धर्म, पंथ और विचार के प्रति सहनशील होती है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि नई पीढ़ी के विचार 'फ्लेक्सिबल और मानवीय' होते हैं। वह सबको सुनना, समझना चाहती है।



सेंसेक्स 83311.01
निफ्टी 25492.30



सोना रु. 120231
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 148010
प्रति किलो



# सेंसेक्स और निफ्टी में रही हल्की गिरावट

**मुंबई, वार्ता**



वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं और विदेशी संस्थागत निवेशकों के बीच शुक्रवार को शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के साथ स्थानीय शेयर में नरमी का सिलसिला बना रहा और बीएसई-30 संसेक्स और निफ्टी-50 हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। वाहन, वित्तीय सेवा और बैंकिंग क्षेत्र के शेयरों ने बाजार को बड़ी गिरावट से बचा लिया। प्रमुख सूचकांकों में गुरुवार को भी गिरावट दर्ज की गई थी।

बीएसई संसेक्स सूचकांस 83,311.01 के पिछले बंद की तुलना में आज सुबह तेजी से गिरावट के साथ 83,150.15 पर खुला और नीचे में 82,670.95 तक गिरने के बाद अपराह्न के कारोबार में काफी हद तक संभल गया और कारोबार के अंत में 83,216.28 पर बंद हुआ। यह कल की तुलना में 94.73 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (निफ्टी) का 50 प्रमुख शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 50 भी उतार चढाव भरे कारोबार में 17.40 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,492.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 25,433.80 पर तेजी से गिरावट के साथ खुल कर 25,318.45 तक नीचे चला गया था। अपराह्न के सत्र में यह एक बार 25,551.25 के स्तर तक चढ़ गया था। बीएसई में आज लाभ और हानि में रहे शेयरों की संख्या बराबर रही और बैंकिंग तथा प्रौद्योगिकी शेयरों में मिलाजुला रुख दिखा। लाभ में रहे 15 शेयरों में बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, अडानी पोर्ट्स, बीईएल, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, कोटक बैंक, सन फार्मा, मारुति, एटर्नल और एलएंडटी शामिल हैं। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स 0.76 प्रतिशत सुधर कर 27,238.75, निफ्टी बैंक 0.56 प्रतिशत सुधर कर 57,876.80 और व्यापक आधार वाला निफ्टी- 100, 0.04 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ 26144.20 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 में 0.63 प्रतिशत और निफ्टी ऑटो में 0.57 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। ब्रोकरेज फर्म जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू शेयर बाज़ार शुरुआती गिरावट से उबर गए, क्योंकि शुरुआती गिरावट के बाद कारोबार के दौरान विभिन्न स्तरों पर खरीदारी बढ़ गई थी। नायर की राय में कंपनियों के मिश्रित तिमाही नतीजों, सतर्क वैश्विक संकेतों और लगातार विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी के बीच इसे रुझान में बदलाव कहना अभी जल्दबाजी होगी।

## आज फिर लुढ़की सोना और चांदी की कीमत

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहे हैं। कभी कीमतें बढ़ती हैं, तो कभी घटती हैं। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार शुक्रवार दोपहर तक 24 कैरेट सोने की कीमत घटकर 1,20,231 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। वहीं चांदी का भाव घटकर 148,010 रुपये प्रति किलो हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का भाव बढ़कर 1,21,133 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। दूसरी ओर चांदी की वायदा कीमत 1,598 रुपये बढ़कर 1,48,667 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक व्यापारियों की ताजा लिवाली और मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत दो दिनों की गिरावट के बाद गुरुवार को 600 रुपये बढ़कर 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। संघ ने बताया कि 99.5 प्रतिशत शुद्धता (23 कैरेट) वाले सोने की कीमत भी 600 रुपये बढ़कर 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

# यात्री वाहनों, दुपहिया की खुदरा बिक्री ने बनाया नया रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** त्योहारी मांग और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में नई पीढ़ी के सुधारों के कारण अक्टूबर में यात्री वाहनों और दुपहिया की खुदरा बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया। वाहन डीलरों के संगठन फाडा द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अक्टूबर 2025 में यात्री वाहनों की बिक्री 11.35 प्रतिशत बढ़कर 5,57,373 इकाई पर पहुंच गई। दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर अक्टूबर में 51.76 प्रतिशत बढ़कर 31,49,846 इकाई दर्ज की गई। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने कहा कि वाहनों की खुदरा बिक्री के मामले में अक्टूबर 2025 मील के पत्थर के तौर पर याद किया जाएगा।

जीएसटी सुधारों, ग्रामीण मांग बढ़ने और त्योहारी मांग रहने से रिकॉर्डतोड़ परिणाम सामने आए हैं। यात्री वाहनों और दुपहिया दोनों की बिक्री अब तक के उच्चतम स्तर पर दर्ज की गई जो उपभोक्ता विश्वास में नई ऊर्जा और अर्थव्यवस्था में अंदरूनी लहर को दिखाता है। तिपहिया की बिक्री 5.43 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,29,517 इकाई दर्ज की गई, हालांकि इसमें ई-रिक्शा की बिक्री में 15.60 प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रैक्टरों की बिक्री 14.22 फीसदी की वृद्धि के साथ 73,577 पर और वाणिज्यिक वाहनों की 17.69 प्रतिशत बढ़कर 1,07,841 पर पहुंच गई। वाहनों की कुल बिक्री में 40.53 फीसदी का जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया और यह 40,23,923 इकाई रही।

फाडा ने बताया कि अक्टूबर में ग्रामीण भारत मांग में वृद्धि का नया ईंजन बनकर उभरा है। उसने अनुकूल मानसून, कृषि आय में वृद्धि और सार्वजनिक बुनियादी ढांचों में सुधार को इसकी वजह बताई है। मौजूदा वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में अप्रैल से अक्टूबर तक वाहनों की कुल बिक्री में 10.73 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और यह 1,63,91,421 इकाई पर पहुंच गई। इसमें दुपहिया की बिक्री 12.63 प्रतिशत बढ़कर 1,19,94,390 इकाई और यात्री वाहनों की 5.76 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 25,19,348 इकाई हो गई।

# भारत-न्यूजीलैंड एफटीए वार्ताओं का चौथा दौर पूरा

**मंत्रिस्तरीय भागीदारी हुई, दोनों देश समझौता शीघ्र सम्पन्न करने को तत्पर**

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ताओं का चौथा दौर शुक्रवार को न्यूजीलैंड में समाप्त हुआ, जिसमें दोनों पक्षों की ओर से मंत्रिस्तरीय भागीदारी हुई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हम भारत और न्यूजीलैंड के बीच बढ़ते रणनीतिक और आर्थिक सहयोग के अनुरूप, एक संतुलित, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते के शीघ्र समापन की दिशा में काम करने के लिए तत्पर हैं।

चौथे दौर की यह बातचीत तीन सितम्बर को ऑकलैंड में शुरू हुई थी। इसी सिलसिले में अधिकारियों के दल के साथ पीयूष गोयल भी न्यूजीलैंड के दौरे पर थे। इस दौरान भारत के वाणिज्य एवं उद्योग जगत का एक शिष्टमंडल भी वहां गया हुआ था। गोयल ने चौथे दौर की समाप्ति पर कहा कि वार्ताओं का यह दौर दोनों देशों की ओर से एक दूसरे के सामान को अपने बाजारों में मुक्त प्रवेश देने, सेवा व्यापार के उदारीकरण, आर्थिक और तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसरों पर केंद्रित था। गोयल ने इस दौरे में न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री कैक्ले और अन्य अधिकारियों के अलावा एयर न्यूजीलैंड के सीईओ निखिल रविशंकर और वहां के उद्योग व्यापार जगत के शीर्ष प्रतिनिधियों के साथ साथ प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से भी मुलकात की। गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष मेरे मित्र और समकक्ष, टॉड मैक्ले के साथ बैठक के साथ न्यूजीलैंड की मेरी उपयोगी यात्रा समाप्त हुई। भारत-न्यूजीलैंड एफटीए वार्ता का चौथा दौर वस्तु बाजार में प्रवेश, सेवाओं, आर्थिक और तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसरों पर केंद्रित था। गोयल ने कहा कि उन्होंने इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के व्यापार जगत की प्रमुख हस्तियों के साथ बैठकें कीं और कई कार्यक्रमों में भाग लिया। ए बैठकें और कार्यक्रम दोनों देशों के बीच मज़बूत जन-जन और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाते हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का कहना है दोनों देश एक एक संतुलित, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी को आगे बढ़ाने की दिशा में बढ़ने के लिए प्रयासरत हैं।

# कभी देश को झकझोर देने वाले गीत वंदे मातरम की धुनों से गूंजे साउथ ब्लॉक के गलियारे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर देश भर में मनाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान रक्षा मंत्रालय यानी 'साउथ ब्लॉक' के गलियारे भी शुक्रवार को 'सुजलाम, सुफलाम, मलयज शीतलाम, शस्यश्यामलम, मातरम, वंदे मातरम' की शाश्वत पंक्तियों से गूंज उठे।

राजपूत रेजिमेंटल सेंटर, फतेहगढ़, उत्तर प्रदेश के सैन्य बैंड ने इस अवसर पर एक विशेष प्रस्तुति में अपनी मधुर धुनों से इस भावपूर्ण गीत को जीवंत कर दिया। इस समारोह में सेना उप प्रमुख पुष्पेंद्र सिंह और साउथ ब्लॉक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बाद में सभी उपस्थित लोग राष्ट्रीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण में शामिल हुए, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन किया। साउथ ब्लॉक में प्रस्तुति देने वाले सैन्य बैंड में 2 जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) और 23 अन्य रैंकों सहित 25 सदस्य शामिल थे। इससे पहले 2014 में भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के जन्मदिन समारोह में भी यह बैंड प्रस्तुति दे चुका है। आज की प्रस्तुति में इस बैंड का नेतृत्व नायब सूबेदार लक्ष्मण सिंह ने किया। साल भर चलने वाले समारोह के दौरान आकाशवाणी, दूरदर्शन और एफएम रेडियो चैनलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### अल्पसंख्यक आयोग ने मनाया 'वंदे मातरम' का स्मरणोत्सव समारोह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) ने राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्मरणोत्सव उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को बताया गया कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने यहां राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्मरणोत्सव उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सचिव अलका उपाध्याय ने आयोग के अधिकारियों के साथ सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' के गायन में भाग लिया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# डीसीएम से कुचल कर बाइक सवार की मौत

## फेरी कर लौट रहा था मृतक पुरकाजी निवासी

**शाह टाइम संवाददाता**

**मोरना।** भोकरहेड़ी-लक्सर मार्ग पर सोलानी नदी पुल के पास डीसीएम ने बाइक चालक को टक्कर मार दी। जिसमें बाईक चालक गुलफाम कुरैशी घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे शुक्रताल चौकी प्रभारी विवेक चौधरी द्वारा घायल को भोपा अस्पताल में लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी चालक केंटर छोड़ कर फरार हो गया।

थाना में कस्बा पुरकाजी के मोहल्ला झोझगान निवासी 28 वर्षीय गुलफाम पुत्र तौफीक कुरैशी बाईक द्वारा फेरी लगाकर क्षेत्र व आसपास बिस्किट आदि बेंचने का काम करता था। शुक्रवार को वह भोकरहेड़ी-लकसर मार्ग पर मजलिसपुर तौफीर की ओर से लौट रहा था की डीसीएम ने उसकी बाईक को टककर मार दी। टककर मारने के बाद डीसीएम छोड़कर चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची शुक्रताल चौकी पुलिस ने घायल को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया जहां चिकित्सक ने गुलफाम को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर भाई फुरकान व परिजन पहुंच गये। पुलिस ने पंचनामा लिखकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया मृतक अपने पीछे मां रईसा पत्नी रूबी पुत्र साद 5 वर्ष व हमजा़ 3 वर्ष को छोड़ गया है। पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नाले में पाइप डालने को लेकर खूनी संघर्ष, पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** शुक्रवार को गांव रूड़कली में गांव के मुख्य नाले में सीमेंट से बना बंबा डालकर पुलिया बनाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गये। लाठी डंडे व धारदार हथियार चलने से पांच व्यक्ति घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रुड़कली तालाब अली निवासी एक पक्ष के फरमान आदि नाले में सीमेंटेड पाइप डालकर पुलिया बना रहे थे तो दूसरे पक्ष के शमीम आदि विरोध कर रहे थे। इसी को लेकर दोनों पक्षों में गाली-गलौज के बाद लाठी डंडे चल गये जिनमें दोनों और से वसीम, नवाब व दूसरे पक्ष अबू तल्हा, फरमान मौबिलाल आदि घायल हो गये। मामले मे पुलिस ने लगभग आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया हैं। तथा घायलों को भोपा अस्पताल भेजा गया है। वहीं थाने पर दोनों पक्षों के लोगों की भीड़ भी इकट्ठा हो गयी थी। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों ने तहरीर है। जांच के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# चकबंदी प्रक्रिया में धांधली पर भड़के दूधली के ग्रामीण

- कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर डीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चकबंदी प्रक्रिया में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरते हुए किसान मजदूर संगठन से जुड़े किसानों और ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन कर डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को संगठन के युवा जिला अध्यक्ष बिल्लू राणा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे चरथावल ब्लॉक के गांव दूधली के किसानों ने आरोप लगाया कि चकबंदी प्रक्रिया में नक्शा-5 के वितरण के समय भूमि की कीमतें गलत निर्धारित की गई, जिसमें अव्वल भूमि और भूड - भूमि दोनों की कीमत एक समान कर दी गई। इसके चलते कई किसानों के रकबे अधूरे रह गए हैं। किसानों का कहना है

कि नक्शा 11 अभी तक सुनाया नहीं गया, फिर भी नक्शा 23 का वितरण कर दिया गया, जो नियमानुसार नहीं है। संगठन के अनुसार, एसीओ अजय कुमार पर किसानों से धन लेकर अव्वल भूमि में भूड भूमि के हवाई चक बनाने का आरोप है। किसानों का कहना है कि गांव के लगभग 80-90 प्रतिशत किसानों के 6-6 चक बना दिए गए हैं, जिससे भारी असंतोष व्याप्त है। संगठन ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ग्राम दूधली का नक्शा-23 तत्काल रद्द कराते हुए फिर से नक्शा-5 से प्रक्रिया शुरू की जाए, और 2 प्रतिशत कटौती के साथ किसानों की सहमति से नए सिरे से चक बनाए जाएं। बिल्लू राणा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो किसान मजदूर संगठन व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगा।

# पिछड़ों को मुख्य धारा से जोड़ना आसपा का मकसद : चित्तौड़ा



**मुजफ्फरनगर।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम के प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी सुनील कुमार चित्तौड़ा ने कहा कि देश की 647 दलित व पिछडी जातियों को समाज की मुख्य धारा से जोडने के लिए आजाद समाज पार्टी जागरूकता कार्यक्रम एवं रेलियों का आयोजन करेंगी। इसके लिए शहर में 26 नवंबर को राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान में रैली का आयोजन किया जाएगा जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चन्द्रशेखर आजाद शामिल होगे। चित्तौड़ा शुक्रवार को अलमासपुर के निकट एक रेस्टूरेंट में पत्रकारों से वार्ता कर पार्टी के उद्देश्य पर जानकारी दे रहे थे। उन्होने कार्यकर्ताओं के साथ आगामी कार्यक्रम को लेकर समीक्षा भी की। इस दौरान मण्डल प्रभारी सरदार जोगेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष दिनेश बावरा, गौतम मलिक सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकारी दफ्तरों में वंदेमातरम की गूंज से देशभक्ति की अलख

- 150 वर्ष पूरे होने पर हुआ सामूहिक गायन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रवाद और देश भक्ति के प्रतीक गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने स्वयं वंदे मातरम गीत गाया, जिसे कलक्ट्रेट के सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से दोहराया।



कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत संबोधन के उपरांत किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि वंदे मातरम केवल गीत नहीं, बल्कि यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौड़ सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## नगरपालिका में भी फूटी देशभक्ति की धारा

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका में कार्यक्रम के दौरान ईओ प्रज्ञा सिंह ने स्वयं वंदे मातरम गीत गाकर उपस्थित कर्मचारियों में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार किया। इसके बाद पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने गीत का हिंदी अनुवाद प्रस्तुत करते हुए कर्मचारियों को इसके गूढ़ अर्थ और ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया। सभा में मौजूद सभी कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा थामकर राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति का संकल्प लिया और 'भारत माता की जय' के जयघोष से सभागार गूंज उठा। पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने। कहा कि ष्वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा और एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से देश सेवा और नगर के स्वच्छ, सुंदर व विकसित बनने के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर पालिका के समस्त अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे और एकता व देशभक्ति के इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया।



मुजफ्फरनगरः चकबंदी विभाग के खिलाफ धरना देते चरथावल ब्लॉक के ग्रामीण।

## भैंसा-बुग्गी दौड़ प्रतियोगिता में 7 गिरफ्तार

**मीरापुर।** अवैध रूप से भैंसा-बुग्गी प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे सात युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए छह दोपहिया वाहन जब्त किए हैं। सूचना मिली थी कि कुतुबपुर झाल के पास कुछ युवक भैंसा बुग्गी दौड़ की तैयारी कर रहे हैं।

गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान रईयान पुत्र इरफान निवासी ग्राम कुतुबपुर थाना मीरापुर, समीर पुत्र दिलशाद निवासी कुतुबपुर थाना मीरापुर, विपिन पुत्र पप्पू निवासी करनावल थाना सरधना मेरठ, बादल पुत्र वेदगिरी निवासी भूम्मा रोड थाना मीरापुर, मुनीर पुत्र मन्सूर निवासी सटला थाना मवाना मेरठ, माज पुत्र राशिद निवासी सटला थाना मवाना मेरठ तथा साद पुत्र आरिफ निवासी सटला थाना मवाना मेरठ के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से छह दोपहिया वाहन भी जब्त किए हैं, जिनका उपयोग दौड़ आयोजन में किया जा रहा था। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध शांति भंग की धाराओं में चालान कर न्यायालय भेजा गया है। थाना प्रभारी ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि ऐसी अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहे और जनमानस में सुरक्षा की भावना मजबूत हो।

## सफाईकर्मी की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे पीड़ित युवक ने नगर पालिका में नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख से अधिक की ठगी का आरोप लगाते हुए कॉल रिकॉर्डिंग भी अधिकारियों को सुनाई है। पीड़ित अभिषेक ने एसएसपी को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि नीरज नामक व्यक्ति ने नगर पालिका में सफाई कर्मचारी के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया। आरोप है कि नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 1 लाख पांच हजार रूपये ले लिए गए। पीड़ित अभिषेक का आरोप है कि पैसे लेने के बाद उसे नगर पालिका में 14 महीने तक सफाई कर्मचारी के पद पर रखकर मुफ्त में काम भी कराया गया। उससे सरकारी अस्पताल से लेकर रुड़की चुंगी तक सफाई और यहाँ तक कि ट्रैक्टर चलाने का काम भी लिया गया।

14 महीने काम करने के बावजूद उसे उसका एक भी वेतन नहीं मिला और न ही नीरज बिड़ला उसके पैसे वापस कर रहा है। यह मामला वर्ष 2023 से चल रहा है।

अभिषेक ने बताया कि वह पहले भी चौकी, थाना, कोतवाली, सीओ सिटी और एसएसपी कार्यालय में इस मामले को लेकर शिकायत कर चुका है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# बाहर की दवाई लिखने पर डॉक्टरों पर होगी कार्यवाही

## सरकारी अस्पताल के कुछ डॉक्टर घर पर भी करते हैं प्रेक्टिस, ओपीडी में भी सादी पर्ची पर बाहर की दवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** यूपी सरकार मरीजों का स्वास्थ संबंधी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर जत्न प्रयास कर रही है ताकि गरीबों का इलाज हो सके और उनको फायदा पहुंचे, हालांकि ऐसे आदेश कई बार हो चुके है, लेकिन हर बार यही देखने को मिला है कि सरकारी अस्पताल के डॉक्टर ओपीडी में ड्यूटी के समय बाहर की दवाई लिखकर कम्पनियों को फायदा पहुंचा रहे है। बाहर की दवाई लिखने से डॉक्टरो को कितना मुनाफा व क्या फायदा है यह तो किसी से छिपा नहीं है, लेकिन अधिकतर सरकारी अस्पताल के डॉक्टर यह कहकर बाहर की दवाई लिख रहे है कि यहां उपलब्ध दवाई से ज्यादा फायदा नहीं होता। अब मरीज क्या करे, मरता क्या नहीं करता, तीमारदार को तो अपने मरीज की जिन्दगी बचानी होती है और उसको डॉक्टर की बात माननी भी पड़ती है। अब सवाल यह है कि गरीब मरीज फीस से बचने के लिए प्राइवेट चिकित्सक से उपचार न कराकर सरकारी अस्पताल की तरफ अपना रूख करता है, लेकिन यहां सिर्फ उसको फीस से तो फायदा पहुंचता है, लेकिन बाहर की दवाई उसकी जेब खाली कर देती है। कई बार सरकार यह भी आदेश कर चुकी है कि सरकारी डॉक्टर अपने घर पर प्रेक्टिस नहीं करेंगे, लेकिन सरकारी अस्पताल के डॉक्टर न केवल अस्पताल की ड्यूटी के बाद अपने घर पर मरीजों को देखते है, बल्कि उनसे मोटी फीस लेकर अपनी पसंदीदा कम्पनी की मेहंगी दवाई भी लिखते है। कई बार तो ऐसा भी देखने को मिला कि कुछ डॉक्टर ऐसी कम्पनी की दवाई लिखते है कि वह उनके घर पर बने मेडिकल पर ही उक्त दवाई उलब्ध होती है जिसके चलते मरीज को थक हार कर डॉक्टर के बताए गए मेडिकल पर ही उक्त दवाई खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है। हाल में भी उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बार फिर आदेश जारी करते हुए सरकारी डॉक्टरो को चेतावनी दी कि यदि बाहर की दवाई लिखी तो डॉक्टर पर निलंबन की कार्यवाही भी हो सकती है। इसके लिए सीएमओ को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा, ऐसा भी सरकार ने निर्देश जारी किया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने आदेश जारी करते हुए कहा कि सरकारी अस्पताल में सादी पर्ची पर बाहर की ब्रांडिड दवाई लिखी तो ओपीडी में तैनात डॉक्टर पर निलबंन की कार्यवाही की जाएगी। सूत्रों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाईज कॉरपोरेशन द्वारा भेजी जाने वाली करीब 200 से अधिक दवाई उपलब्ध है। और इसके अलावा जैनेरिक दवाई के लिए जन औषधि केन्द्र भी है। डॉक्टरो को सरकारी अस्पताल में मौजूद दवा और जैनेरिक दवा लिखने का आदेश है, लेकिन सरकारी अस्पताल में बैठे कुछ डॉक्टर सरकार के आदेशों को पलीता लगाते हुए अस्पताल की कुछ दवाई तो लिखते है, लेकिन सादी पर्ची पर पसींदा कम्पनी लिखने से भी फरहेज नहीं कर रहे है। यह शिकायत बार-बार स्वास्थ विभाग को मिल रही है। अब देखना यह है कि सरकार द्वारा जारी किए गए आदेशों का सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर किस तरह पालन करते है।



# किशोरी को ले जाने व दुष्कर्म में दस वर्ष की कैद

- कोर्ट ने पन्द्रह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में आरोप सिद्ध होने पर कोर्ट ने आरोपी को दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है अर्थदण्ड भी लगाया है। 22 सितम्बर 2020 को शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव नियाजीपुरा निवासी इमरान पुत्र मुमताज के खिलाफ एक पीड़ित व्यक्ति ने 363, 376 आईपीसी व 3/4 पोक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने तीन सितम्बर 2020 को इमरान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और इस मामले की जांच पड़ताल करते हुए 24 नवम्बर 2020 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। घटना से संबंधित सभी सबूत पेश होने के बाद इस मामले की सुनवाई स्पेशल पोस्को कोर्ट में चली। इस मुकदमें की पैरोकारी एडीजीसी दीपक कुमार गौतम व विक्रांत राठी ने की। कोर्ट में घटना से संबंधित सबूत व गवाह पेश किए गए। दोनो पक्षों के वकीलों ने अपनी-अपनी दलीले पेश की। सबूत व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने इमरान को दोषी पाया और इसी के आधार पर दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। कोर्ट नेइमरान पर पन्द्रह हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। इस मुकदमे का निर्णय पांच वर्ष बाद ही आ गया है। कोर्ट के निर्णय के बाद पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है।

# नगर स्वास्थ अधिकारी की शिकायत पर दो सभासदों के खिलाफ डीएम ने जांच बैठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पालिका का दर्जा हासिल करने वाली मुजफ्फरनगर नगर पालिका का परिषद का विवादों से पुराना नाता रहा है, इस बार भी दो सभासदों के खिलाफ जिलाधिकारी ने एक सरकारी चिकित्सक की शिकायत पर जांच बैठा दी है। सभासदों के खिलाफ जांच बैठने पर अभी तक शांत नजर आ रही पालिका में नई हलचल शुरू हो गई है। शिकायत में नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने सभासदों पर मानसिक उत्पीड़न करने का गंभीर आरोप लगाया है। इसके लिए शिकायत मिलने पर डीएम ने एडीएम प्रशासन और एसपी क्राइम को जांच अधिकारी नामित करते हुए एक सप्ताह के भीतर आख्या तलब की है। वहीं सभासदों ने आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि वो जनता के हितों के लिए संघर्ष कर रहे हैं और जांच समिति में अपना पक्ष रखेंगे। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही की शिकायत पर डीएम उमेश मिश्रा ने नगरपालिका के दो सभासदों के खिलाफ जांच बैठा दी है। डॉ. शाही ने एक नवम्बर को प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एडीएम प्रशासन संजय सिंह को पत्र लिखकर दोनों सभासदों की शिकायत करते हुए गंभीर आरोप लगाये थे। डॉ. शाही के आरोपों के अनुसार 01 नवंबर को वो टाउनहाल स्थित अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह के कार्यालय में मौजूद थे, तो वहां सभासद मनोज वर्मा व राजीव शर्मा ने एक छोटी सी बात को तूल देकर ईओ से यह मांग करने लगे कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर शाही को पालिका से उनको हटाया जाये। सभासदों से जब ईओ ने इसका कारण पूछा तो उन्होंने बताया था कि वो आज ही भगत सिंह रोड से होकर आ रहे हैं और वहां पर कई जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। जबकि ईओ ने रात्रि कालीन सफाई अभियान में लगी टीम के सुपरवाइजर से सफाई कार्य कराये जाने के बारे में पूछताछ की गई तो बताया कि रात में ही टीम ने सफाई की थी। डॉ. शाही का आरोप है कि दोनों सभासद मिलकर एक सुनियोजित साजिश के तहत उनका उत्पीड़न उसी दिन से कर रहे हैं, जबसे सीएमओ द्वारा उनकी तैनाती पालिका में नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर की है। करीब चार माह में कई बार दोनों सभासदों ने उनके साथ अभद्रता की। डॉ. शाही की इस शिकायत पर प्रभारी अधिकारी ने डीएम उमेश मिश्रा को जानकारी दी। डीएम ने शुक्रवार को प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए दोनों सभासदों के खिलाफ जांच बैठा दी है। डीएम ने इसके लिए आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया कि नगर पालिका के नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही द्वारा एक नवंबर को की गई शिकायत के निस्तारण के लिए दोनों सभासदों पर लगाये गये आरोपों को लेकर दो सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। इसमें एडीएम प्रशासन संजय सिंह और एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ को जांच दी गई है। डीएम ने जांच समिति को एक सप्ताह में प्रकरण की जांच आख्या मांगी है।

## कम्पनी बाग पेड़ कटाई प्रकरण को दबवाने की साजिश: राजीव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आरोपों से घिरे सभासद राजीव शर्मा ने कहा कि कम्पनी बाग से काटे गए पेड के प्रकरण को दबवाने के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी हमारे विरूद्ध यह साजिश रची है।

उन्होने कहा कि बोर्ड बैठक में सभासदों ने कम्पनी बाग से बिना अनुमति काटे गए दर्जनों फलदार पेडों का मुद्दा जोर शोर से उठाया था इसकी जिम्मेदारी वाटिका प्रभारी के रूप में नगर स्वास्थ्य अधिकारी की थी। उसी बात से बोखलाकर डॉक्टर शाही ने हम पर दबाव बनाने के लिए डीएम से झूठी शिकायत की, जबकि हमने पहले ही तीन नवंबर को सीएमओ को एक पत्र लिखा है। इसमें आरोप लगाये गये हैं कि अक्टूबर माह में कंपनी बाग के सौन्दर्यकरण का कार्य करा रही कार्यदायी संस्था सी एंड डीएस के ठेकेदार ने वाटिका प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय शाही की मिलीभगत से करीब एक करोड़ रुपये कीमत के हरे भरे पेड़ काटकर गायब करा दिये। इसकी पोल खुलने पर कंपनी बाग से पालिका की बोर्ड मीटिंग तक हंगामा हुआ। उन्होंने सीएमओ से मांग करते हुए कहा कि वाटिका से पेड़ कटाने की जानकारी होने पर भी डॉ. शाही ने कोई संज्ञान नहीं लिया, जिस कारण उनकी जिम्मेदारी तय करते हुए मुकदमा दर्ज कराने, कार्यदायी संस्थान सी एंड डीएस को अवैध कटान कराने पर काली सूची में डालने और दोषियों पर एफआईआर दर्ज कराने और राजस्व हानि की वसूली करने, वाटिका प्रभारी डॉ. अजय को पालिका से स्थानांतरित करते हुए उनके कार्यकाल की जांच कराने की मांग की है। सीएमओ को भेजे गए पत्र में अन्य सभासदों ने भी अपनी सहमति जताते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी पद से डॉक्टर शाही को हटाने की मांग की है साथ इस ही इस मुद्दे को लेकर सभासदों ने बैठक बुलाई है जिसमें डॉक्टर शाही की झूठी शिकायत पर चर्चा होगी।




# सरकारी स्कूल में छात्रा से झाड़ू लगवाने का वीडियो वायरल

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली तहसील क्षेत्र के ग्राम सठेड़ी में स्थित एक सरकारी विद्यालय का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में विद्यालय का एक छात्र हाथ में झाड़ू लिए स्कूल परिसर और सड़क की सफाई करता हुआ नजर आ रहा है, जबकि उसी दौरान शिक्षक स्कूल के अंदर बैठे दिखाई दे रहे हैं। इस ख्रश्य को देखकर न केवल अभिभावक बल्कि पूरा गांव आक्रोशित है।

शुक्रवार को सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल होते ही ग्राम सठेड़ी और आसपास के इलाकों में चर्चा का विषय बन गया। वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि बच्चा स्कूल परिसर की सफाई कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार यह वीडियो विद्यालय समय में ही बनाया गया है, जब शिक्षक स्कूल में मौजूद थे।गांव के ही कुछ लोगों ने यह वीडियो बनाकर

## शिक्षक बने दर्शक, बच्चों से कराई सफाई

वीडियो में यह भी देखा गया कि जब छात्र झाड़ू लगा रहा था, उस समय विद्यालय के शिक्षक अंदर मौजूद थे, लेकिन उन्होंने बच्चे को रोकने की बजाय यह सब होते रहने दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जब 'स्वच्छता अभियान' जैसी गति. विधियाँ होती हैं तो सभी को उसका हिस्सा बनना चाहिए, लेकिन यहां शिक्षक केवल दर्शक बनकर खड़े दिखाई दिए। एक ग्रामीण ने कटाक्ष करते हुए कहा, हअगर स्वच्छता का इतना ही शौक है तो शिक्षक खुद झाड़ू उठाएं। बच्चों से काम करवाना शिक्षा का अपमान है।

## शिक्षा विभाग की लापरवाही पर उठे सवाल

मामले के बाद ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से तुरंत जांच और कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसे शिक्षकों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह की हरकत न करे। कुछ लोगों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारी केवल कागजों में जांच करते हैं, लेकिन जमीन पर कभी नहीं पहुंचते। बच्चों को 'स्वच्छता अभियान' के नाम पर झाड़ू पकड़ा देना शिक्षा का अपमान है। यह मामला सिर्फ शिक्षक की नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की लापरवाही का प्रतीक है।ग्रामीणों ने प्रशासन और शिक्षा विभाग से अपील की है कि स्कूलों में अनुशासन और शिक्षा के माहौल को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पहले ही शिक्षा स्तर पर सवाल उठ रहे हैं, और अब ऐसे वीडियो शिक्षा व्यवस्था पर और कलंक लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल एक गांव के स्कूल की कहानी है, बल्कि यह सवाल पूरे शिक्षा तंत्र पर खड़ा करती है क्या सरकारी स्कूलों में बच्चों को शिक्षा दी जा रही है या जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं? अगर शिक्षा का मंदिर ही बच्चों से झाड़ू लगवाएगा, तो भविष्य की नींव कौन मजबूत करेगा?



सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसके बाद यह तेजी से वायरल हो गया। कुछ ही घंटों में यह वीडियो विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों और फेसबुक पेजों पर पहुंच गया। वीडियो वायरल होने के बाद अभिभावकों में भारी नारा. जगी देखने को मिल रही है। उनका कहना है कि बच्चों को स्कूल पढ़ाई के लिए भेजा जाता है, न कि सफाई करने के लिए। गांव के एक अभिभावक ने कहा, हसरकारी स्कूलों में शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के बजाय उनसे झाड़ू लगवा रहे हैं। यह बेहद शर्मनाक है। अगर बच्चों से ही सफाई करवानी है तो फिर शिक्षकों की जरूरत क्या है?ह कुछ अभिभावकों ने आरोप लगाया कि यह कोई पहली बार नहीं है, कई बार बच्चों से स्कूल की सफाई करवाई जाती है, लेकिन इस बार मामला कैमरे में कैद हो गया।

### विभाग करेगा जांच, बोले अधिकारी

मामले की जानकारी मिलते ही शिक्षा विभाग भी सक्रिय हो गया है। वीडियो की जांच के लिए टीम गठित की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। वैसे स्कूल प्रधानाचार्य को कारण बताओ नोटिस भेज दिया गया है, वीडियो की सत्यता की जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

**खतौली खंड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल**

## संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने कमर्शियल में बढ़ें हुए वॉटर टैक्स का किया विरोध

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल जनपद मुजफ्फरनगर का एक प्रतिनिधिमंडल नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरुप वह गौरव स्वरूप से उनके आवास पर मिला व्यापार मंडल के संरक्षक अशोक कंसल अध्यक्ष संजय मित्तल महामंत्री प्रमोद मित्तल ने कहा की जो वाटर टैक्स की नई दरे मार्केट में लगाई है यह बहुत ज्यादा है हम इसका विरोध करते हैं इसको वापस लिया जाए काफी विचार विमर्श के बाद गौरव स्वरूप ने कहा कि मैं बोर्ड की बैठक में पुणरू विचार विमर्श कर लागू करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में उपरोक्त के अलावा विश्वदीप बिट्टू अनिल नामदेव विजय तागरा अजय सिंघल राकेश कंसल संजीव गोयल आदि व्यापारी उपस्थित थे।

# बच्चों को दिखाई देशभक्ति फिल्मों की क्लिप्स

**बुढाना।** खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती किरण यादव की अध्यक्षता में बुढाना ब्लॉक में वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष होने के उपलक्ष में इस गीत का हमारी आजादी में बड़ा महत्व रहा है। सभी विद्यालयों में प्रभात फेरी, गायन, निबंध प्रतियोगिता तथा देशभक्त फिल्म जो हमारे बच्चों की भावनाओं को देश प्रेम और इस राष्ट्रीय गीत से जोड़ती है उनका प्रदर्शन हुआ। बच्चों को इस गीत से जुड़े हुए इतिहास के बारे में बताया गया। बंकिम चंद्र चटोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत सबसे पहले उनके उपन्यास आनंद मठ में प्रकाशित हुआ। गीत की रचना 1870 के दशक में हुई थी। इस गीत का हमारे स्वतंत्रता संग्राम में बड़ा ही महत्व और योगदान रहा। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों एवं हमारे स्वतंत्रता संग्राम के नेताओं में इस गीत के द्वारा आजादी के प्रति एक जोश भर दिया जाता था। जिस जोश के कारण और स्वतंत्रता सेनानियों और स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के बदौलत आज हम आजाद भारत में रहते हैं। कंपोजिट विद्यालय मंदवाड़ा में बालकों ने बड़े उत्साह और बहुत मेहनत के साथ सभी कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। यहां मुख्य रूप से अमीर अहमद पूर्व एआरपी अंग्रेजी, अंजलि, पारुल, मोहम्मद साजिद खान, वैशाली, मानसी शर्मा, रश्मि वशिष्ठ, अंजना आर्य, सरिता और दीपा आदि शिक्षक उपस्थित रहे तथा बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहे।

## कान्हा गौशाला में व्यापारियों ने खिलाया चारा

**बुढ़ाना।** कस्बे के कुछ व्यापारियों ने बुढ़ाना नगर पंचायत की बड़कता रोड पर स्थित कान्हा गौशाला में सभी गायों को अपनी और से हरा चारा खिलाया और पानी पिलाकर राहत महसूस की। बताया जाता हे कि लगभग दो कुंतल भी अधिक हरे चारे को लेकर ये सभी व्यापारी आज गौशाला में पहुंचे। हरा चारा गाय माता को खिलाया गया। कान्हा गौशाला बुढाना में दो कुन्टल हरा चारा व्यापारी नेता सुरेन्द्र संगल और बुढ़ाना नगर अध्यक्ष व्यापार मंडल संजीव कुमार संगल ने अपने हाथों से गाय माताओं को दिया। संजीव कुमार संगल ने गो माता को गुड भी खिलाया। इस मौके पर मुख्य रूप से शिवम कंसल, आशीष गर्ग, केयर टेकर धीरज, आकाश बसी, राजा और अंकुल आदि लोग गौशाला में मोजूद थे।

## चोरी के सामान व नकदी सहित एक गिरफ्तार

**छपार।** रात्रि में चेकिंग के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक चोर को बाइक ,अवैध तमंचा व बिजली की टयूवैलों से चोरी किया सामान व कुछ नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया जबकि उसका एक साथी भागने में सफल हो गया। बृहस्पतिवार की रात्रि में पुलिस गश्त कर रही थी।मुखबिर ने सूचना दी कि हाइवे पर स्थित जय भारत इंटर कालेज के बराबर चकरोड पर जंगल की ओर से एक बाइक पर दो संदिग्ध युवक आ रहे हैं। पुलिस ने चकरोड के पास पहुंच कर चेकिंग शुरू कर दी जब वह बाइक जंगल की ओर से आई तो पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया।बाइक वापस मोड़ते हुए वह रपट कर गिर गई जिस पर पुलिस ने एक युवक को दबोच लिया जबकि दूसरा फरार हो गया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस और 1300 रुपए बरामद हुए। लाइट मार कर पीछे देखा तो एक बोरा पड़ा था जिसमें तार कटर, तांबें के तार, स्टार्टर के अंदर की तांबें की पत्ती व चोरी किये गये केबिल पाये गये।

समन वास्ते करार वाद, उमर तनकी तलब
(आदेश 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर।**
मूलवाद सं0-72 सन् 2025
1. नदीम अहमद पुत्र महबूब अहमद निवासी मकान न0 21, 2. किदवईनगर-2 मुजफ्फरनगर, परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर।
....... वादीगण
बनाम
1. महबूब अहमद पुत्र रशीद निवासी मकान न0. 21(2) किदवईनगर मुजफ्फरनगर, परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर।
...... प्रतिवादी
आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वाद वादी ने आपके विरूद्ध बाबत माननीय न्यायालय में योजित किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 11 नवम्बर सन् 2025 को प्रात: 10.00 बजे असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई से वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुत्ताल्लिका मुकदमा / वाद का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा कर और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। अगर तारीख आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा /वाद बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज दिनांक 18 सितम्बर सन् 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।
आज्ञा से
सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर।

# एसपी सिटी ने शस्त्रों का कराया अभ्यास

**फिटनेस के लिए पुलिसकर्मियों की लगवाई दौड़**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसपी सिटी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के. मिश्रा ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेने के साथ पुलिस कर्मियों को शस्त्र खोलने व बंद करने का अभ्यास कराया। इस दौरान उन्होने पुलिसकर्मियों से दौड लगवाकर उनकी फिटनेस को भी परखा और पुलिसला. इन में स्थित शाखाओं की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया।

पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के. मिश्रा ने रिजर्व पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली। इस दौरान एसपी सिटी ने समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मान. सिक रूप से फिट रहने के लिए ग्राउंड में दौड लगवाई।



इसी दौरान उन्होने टॉलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक करते हुए शस्त्रों को खोलने व बंद करने का अभ्यास भी कराया। दोनो अधिकारियों ने पुलिसकर्मियें के शस्त्रों के संचालन और रख-रखाव का अभ्यास कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। एसपी सिटी ने खाने व पीने की व्यवस्था भी परखी और नये बैरिक मोटर परिवहन शाखा का निरीक्षण किया। साफ सफाई के साथ रिकॉर्ड चैक किया और कैफे में बनने वाले खाद्य पदार्थ को परखा। एसपी सिटी ने पीआरवी वाहनों में प्राथमिक चिकित्सा सहायता कीट और उपकरणों की स्थिति को चैक किया।

# खतौली शुगर मिल में ट्रॉली, बुग्गी और ट्रक पर लगाए गए रिफ्लेक्टर, सड़क सुरक्षा को लेकर चला विशेष अभियान

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** शुक्रवार को त्रिवेणी शुगर मिल खतौली में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ट्रॉली, बुग्गी, ट्रक और ट्राला पर रिफ्लेक्टर लगाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर के सहायक चीनी आयुक्त डॉ. मनीष कुमार शुक्ला, पुलिस उपाधीक्षक खतौली आशीष यादव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खतौली दिनेश बघेल, मिल के उपाध्यक्ष (शुगर) डॉ. अशोक कुमार, महाप्र. बंधक गन्ना कुलदीप राठी, अतिरिक्त महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डी.पी. सिंह, सहायक महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं प्रशासन) सुशांत ठाकुर, उपमहाप्रबंधक गन्ना राजकुमार तोमर एवं सुरक्षा अधिकारी शिवदास तिवारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपाधीक्षक आशीष यादव ने कहा कि गन्ना ढुलाई के लिए उपयोग में आने वाली बुग्गी, ट्रॉली, ट्रक और ट्राला पर उचित रूप से रिफ्लेक्टर लगे होने चाहिए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि दृश्यता की कमी के कारण रात में दुर्घटनाएं होती हैं, जिन्हें रिफ्लेक्टर लगाकर प्रभावी रूप से रोका जा सकता है। मिल प्रबंधन ने बताया कि इस वर्ष मिल परिसर से संचालित सभी ट्रक और ट्रालों पर 4 से 6 फीट के लाल पर्दों पर रिफ्लेक्टर लगाकर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। इसका उद्देश्य रात्रि समय में वाहनों की दृश्यता बढ़ाना और हादसों की आशंका को न्यूनतम करना है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने रिफ्लेक्टर लगे वाहनों का निरीक्षण भी किया और मिल प्रशासन के इस पहल की सराहना की। मिल प्रबंधन ने बताया कि आगे भी ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाकर गन्ना किसानों एवं परिवहन कर्मियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।



# मेपल्स एकेडमी में वंदे मातरम का सामूहिक गायन

**बुढ़ाना।** मेपल्स एकेडमी में शुक्रवार के दिन वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष सामूहिक गायन का सफल आयोजन कराया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मिली जानकारी के अनुसार मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक प्रेरणादायी सामूहिक गायन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण उस समय देशभक्ति की भावना से भर उठा जब सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने एक स्वर में वंदे मातरम का गायन कर मातृभूमि के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस कार्यक्रम से पूर्व आयोजित प्रार्थना सभा में बच्चों को वंदे मातरम की रचना, उसके ऐतिहासिक महत्व, तथा भारत की स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस विवरण ने विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक गर्व और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर मेपल्स एकडेमी बुढ़ाना की प्रिंसीपल श्रीमती गरिमा वर्मा ने कहा कि वंदे मातरम् भारतीय गौरव, सम्मान और एकता का प्रतीक है और विद्यार्थियों द्वारा इसका सामूहिक गायन अत्यंत प्रेरणादायक रहा।

# ग्रामीणों ने जमीन मुक्त कराने की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर क्षेत्र के गांव पुरबालियान का एक परिवार कचहरी पहुंचा और उन्होने जिलाधिकारी के नाम लिखे शिकायती पत्र में कुछ लोगों पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है। उन्होने यह भी आरोप लगाया कि दूसरा पक्ष उन्हे झूठे मुकदमें में फंसाने के लिए महिला उत्पीडन संबंधी तहरीर दे रहा है।

मंसूरपुर क्षेत्र के गांव पुरबालियान निवासी अब्दुल गफ्फार ने पुलिस अधिकारियो को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी जमीन सड़क किनारे है जिसमें खेती की जाती है और उसमें पैदावार भी अच्छी होती है। उन्होने बताया कि कई वर्षो से प्राकृतिक खाद से उस जमीन को उपजाऊ भी बना रखा है, लेकिन कुछ लोगों ने चकबंदी



अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर उक्त उपजाऊ भूमि के बदले उन्हे नदी के किनारे बंजर जमीन देने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसके चचेरे भाई साऊद, दाउद और अब्दुल कय्यूम पुत्रगण मनसफ अली उनके परिवार पर काफी समय से दबाव बना रहे है। और कई बार उनको झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दी जा चुकी है। पीड़ित का यह भी आरोप है कि उक्त लोग महिला उत्पीड़न कानून का दुरूपयोग करते हुए उन्हे फंसाने की कोशिश कर रहे है। यह भी आरोप है कि दूसरा पक्ष जमीन व मकान पर कब्जा करने के लिए तरह-तरह की साजिश रच रहे है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को भी इस संबंध में पत्र दिया है। उन्होने बताया कि इससे पहले भी पुलिस व प्रशास. निक अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की गई, लेकिन अब तक संबंधित अधिकारी ने कोई कार्यवाही नहीं की। कचहरी पहुंचे पीडित परिवार ने कहा कि उक्त जमीन उनके पुरखों की है और यदि उनकी जमीन वापस नहीं दिलाई गई तो उन्हे इच्छा मृत्यु की अनुमति लेने के लिए मजबूर होना पडेगा। उन्होने कहा कि उक्त लोगों से जान माल का खतरा भी बना हुआ है और सुरक्षा की गुहार भी लगाई गई।

# सुखलाल कॉलेज में वंदेमातरम का महत्व समझाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** लाला सुखलाल सनातन धर्म इंटर कॉलेज में वन्देमातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर वन्देमातरम गीत का सामूहिक गान प्रार्थना स्थल पर किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने बच्चों के समक्ष आजादी के समय में इस गीत के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि बच्चे बच्चे की जुबान पर ये गीत भजन की तरह विराजमान रहता था इस अवसर पर धीरज गर्ग, राकेश शर्मा,विनोद पाल, भोपाल सिंह, अर्चना देवी,भावना त्यागी, कोमल चौधरी, विकास पाल आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# मेधावी छात्रों को मिला लाला महेश चंद अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** क्षेत्र के होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से 'लाला महेश चंद अवार्ड 2024-25' प्रदान किया गया। इस समारोह में विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र और नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ टेक्सास अमेरिका से आये शिक्षाशास्त्री डा. सैम नटराजन व देश के प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ. रविश कुमार माहेश्वरी व समाजसेवी पंकज संगल ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती व समाजसेवी स्व. सीता देवी के चित्र के समक्ष धूप-दीप प्रज्जवलित कर किया। माहेश्वरी फांउडेशन द्वारा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में टेक्सास अमेरिका से आये शिक्षाशास्त्री डा. सैम नटराजन व देश के प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ. रविश कुमार माहेश्वरी द्वारा छात्रों को सम्मान दिया गया। डॉ. रविश कुमार माहेश्वरी अपने परिवार के साथ मिलकर वर्षो से क्षेत्र के मेधावी



छात्रों को प्रोत्साहित करने की यह पहल जारी रखी है।

शुक्रवार को नन्ही दुनिया जूनियर हाई स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कक्षा 8 की छात्रा अनम व छात्र आदित्य को प्रथम पुरस्कार व द्वितीय पुरस्कार प्रियांशी को दिया गया। वहीं, प्राइमरी विभाग में कक्षा 5 के अभिनव शर्मा को प्रथम और अक्शा व लायबा को द्वितीय स्थान पर रहने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. सैम नटराजन ने विद्यार्थियों को संबो. धित करते हुए कहा कि वर्तमान समय छात्रो का सबसे अच्छा समय है, समय का सदुपयोग करे। वर्तमान भारत दुनिया के विकसित देशो को टक्कर दे रहा है।

छात्रों को विकसित भारत बनाने में सहयोग करना चाहिए जिसकी शुरूआत स्कूल से होगी। डा. सैम ने अपना संबोधन अंग्रेजी मे दिया जिसका हिंदी रूपांतरण प्रतीक वत्स ने किया। डॉ. रविश कुमार माहेश्वरी ने कहा कि यह प्रतिस्पर्धा का युग है और इसमें केवल परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्रों से खेलकूद में भी भाग लेने का आह्वान किया, जिससे उनका मानसिक और शारीरिक विकास संतुलित रूप से हो सके। पंकज संगल ने संबोधित करते हुये कहा कि छात्रों को मेहनत से पढ़ाई करनी चाहिऐ ताकि जीवन को अच्छे से जी सके। उन्होने बताया कि उनकी पुत्री भी इसी स्कूल की विद्यार्थी रही है और स्कूली बच्चों के साथ पूर्व राष्ट्रपति के.आर. नारायणन के साथ मिली थी।

विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से डा. सैम नटराजन, डा. रवीश माहेश्व. री व समाजसेवी पंकज संगल को शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के राकेश कौशिक, मधु कौशिक, पंकज संगल, अंजलि शर्मा, समस्त शिक्षक, अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कामना राजवंशी व मीनू ने किया।

**सूचना**
कार्यालय के पत्र संख्या 1849/सा. प्र./फाइनेंस नोटिस/2025, दिनांक 19.08.2025 के माध्यम से आपको सूचित किया गया था। साथ ही पूर्व में भी कई पत्र आपको कार्यालय द्वारा भेजे गए थे जिनके माध्यम से आपको अवगत कराया गया था परंतु आज तक अपने वाहन संख्या यूपी 12 बीटी 9641 (JCB) के हस्तानांतरण की स्थिति से अवगत नहीं कराया है। अब आपको अंतिम बार अवगत कराया जाता है कि यदि 3 दिन के अंदर कोई सूचना आपने उक्त वाहन स्थानांतरण के संबंध में नहीं दी तो उक्त वाहन का हस्तांतरण एचडीबी फाइनेंस सर्विस एड फर्स्ट फ्लोर जानसठ रोड के नाम कर दिया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी और कार्यालय का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।
**-सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन मुजफ्फरनगर।**

# भाजपा पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा

**शाहपुर।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा के बी.एल.ओ अपने अपने क्षेत्र में अपनी विचारधारा के लोगों के वोट बनवाने के साथ फर्जी वोट कटवाने का कार्य करें। पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता बीएलओ से समन्वय बनाकर मतदाता सूची को पारदर्शी बनवाने का कार्य करे। कस्बे में पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी के कैंप कार्यालय पर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष व कार्यक्रम के जिला प्रभारी सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि गहन मतदाता पुनरीक्षण एक गंभीर विषय है। चुनाव आयोग के निर्देश पर देश के 12 राज्यों में यह पुनरीक्षण कार्य शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले चुनाव आयोग ने बिहार में गहन मतदाता पुनरीक्षण का कार्य कराया। जिसमें बिहार में करीब 69 लाख फर्जी वोट कटे हैं। उन्होंने कहा कि सभी बीएलए के साथ नियुक्त किए गए तीन तीन कार्यकर्ता बीएलओ के साथ घर-घर जाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि बीएलए इसका ध्यान रखें कि अपनी विचारधारा के सभी व्यक्तियों की वोट बनवाने के साथ फर्जी वोट कटवाने का कार्य करे। पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान ने कहा कि उन्होंने लोकसभा क्षेत्र में फर्जी वोट कटवाने व सही वोट जुड़वाने को लेकर लगातार कार्य करते रहे हैं। बावजूद इसके फिर भी काफी संख्या में फर्जी वोट है। उन्होंने कहा कि सभी भाजपा के बीएलए बीएलओ से समन्वय बनाकर उनका सहयोग करें। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि सभी भाजपा कार्यकर्ता गहन मतदाता पुनरीक्षण को गंभीरता से लेते हुए वोट बनवाने का कार्य करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता



करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने गहन मतदाता पुनरीक्षण के बारे में कार्यकर्ताओं को विस्तार से बताया। तथा कहा कि यदि किसी को कोई समस्या आए तो वह अपने विधानसभा संयोजक व सह संयोजक से संपर्क करें। कार्यक्रम को जिला संयोजक संजय गर्ग, विधानसभा संयोजक प्रमेश सैनी व भाजपा नेता श्यामपाल सिंघल ने भी संबोधित किया। इस दौरान गहन मतदाता पुन्नीक्षण के सहसंयोजक डॉ. कुलदीप त्यागी, डा, सतीश सैनी, मुक. ेश शर्मा, यशपाल बालियान, राकेश राजपूत के अलावा शाहपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी, जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, ग्राम चांदपुर प्रधान कुलदीप त्यागी, ग्राम पलड़ी प्रधान मोनू सैनी, भाजपा नेता कपिल सैनी, भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष रूबी सैनी, युवा समाजसेवी ललित जैन, अनुज सैनी आदि सहित विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष व बीएलए कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भगवंत इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में बी.एससी. नर्सिंग 7वें सेमेस्टर का शत-प्रतिशत परिणाम घोषित

**मीरापुर।** भगवंत इंस्टिटड्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में बी.एससी. नर्सिंग 7वें सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें कॉलेज ने 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त की। इस उत्कृष्ट उपलब्धि से पूरे संस्थान में हर्ष का वातावरण है।

कॉलेज की छात्रा संध्या सिंह ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि रोहित कुमार ने 73 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और शिवानी एवं तानिया त्रिपाठी ने 72 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्या डॉ. विजया डी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने न केवल




अकादमिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि नर्सिंग के मूल सिद्धांतकृसेवा, संवेदना और समर्पणकृ को भी आत्मसात किया है। को-डायरेक्टर डॉ. पुष्पनील वर्मा ने कहा कि यह सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी, वहीं डायरेक्टर डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने कहा कि संस्थान नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता को उच्चतम स्तर पर बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी प्रतिभा चौहान, नेहा रानी, विजेंद्र सैनी, शालिनी कपूर, रमा मलिक, राजा चौधरी, रिया चौहान सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैने अपना नाम क़मर उल हसन (Qamar ul Hasan) से बदलकर कमर उल हसन अंसारी (Qamar ul Hasan Ansari) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
**Qamar ul Hasan Ansari**
**निवासी- 1045 लद्दावाला, चौड़ी गली मुजफ्फरनगर।**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**
मेरा पुत्र मौ. नईम व उसकी पत्नी श्रीमती मुबीन खातून मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। गलत संगत में पड़ गए हैं। इसलिए मैंने इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।
**सहीद पुत्र दीन मौहम्मद**
**निवासी- ग्राम कसेरवा, थाना शाहपुर**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

# सुविधा नहीं तो वोट नहीं! अशोक विहार कॉलोनीवासियों का फूटा गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर पालिका परिषद खतौली के अशोक विहार कॉलोनी में विकास कार्यों की उपेक्षा से लोगों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। कॉलोनीवासियों ने शुक्रवार को एकजुट होकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) निकिता शर्मा को जिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता आवास विकास, अधिशासी अभियंता नगर पालिका परिषद के नाम ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कॉलोनी की बदहाल स्थिति नहीं सुधारी गई तो वे आगामी नगर निकाय चुनाव में सुविधा नहीं तो वोट नहीं का नारा बुलंद करते हुए मतदान का बहिष्कार करेंगे।



कॉलोनीवासियों ने कहा कि सीमा विस्तार के बाद पालिका क्षेत्र में शामिल होने के बावजूद अशोक विहार की तस्वीर आज भी ज्यों की त्यों है। नालियां जाम हैं, सीवर लाइनें ओवरफ्लो कर रही हैं, गलियों में कीचड़ और बदबू फैली हुई है, जबकि स्ट्रीट लाइटें महीनों से बंद पड़ी हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिधि केवल वादे करते हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत बिल्कुल अलग है।

## विकास का वादा हुआ धुआं, गंदगी से परेशान हैं लोग

कॉलोनीवासी सुधीश पुंडीर, चंद्रकांत सिंघल और सतेंद्र ने बताया कि करीब तीन वर्ष से कॉलोनी में एक भी विकास कार्य नहीं हुआ। जब कॉलोनी खतौली भूड़ ग्राम पंचायत के अंतर्गत थी, तब भी ग्राम प्रधानों ने कोई विकास नहीं कराया। अब पालिका क्षेत्र में शामिल होने के बाद भी कॉलोनी को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है। उन्होंने बताया कि सीवर लाइन जाम होने से घर-घर में गंदा पानी भर रहा है, जिससे डेंगू और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। सफाई कर्मचारी महीनों से कॉलोनी में नहीं पहुंचे, और पेयजल आपूर्ति भी अत्यंत खराब है। लोग मजबूरी में दूषित पानी का प्रयोग कर रहे हैं।

## सीमा विस्तार के बाद भी कहीं की नहीं रही कॉलोनी

कॉलोनीवासी ने बताया कि शासन द्वारा 2024 में नगर पालिका सीमा का विस्तार कर अशोक विहार को पालि. का क्षेत्र में जोड़ा गया था। उसके बाद कॉलोनीवासियों ने उत्साह से मतदान भी किया और अपना सभासद चुना। लेकिन चुनाव के बाद से अब तक कोई अधिकारी कॉलोनी का हाल जानने तक नहीं आया। निवासियों का कहना है कि सीमा विस्तार के बाद कॉलोनी न तो ब्लॉक प्रशासन के अधिकार क्षेत्र में रही और न ही पालिका ने जिम्मेदारी निभाई। परिणामस्वरूप कॉलोनी की स्थिति पहले से भी ज्यादा बदतर हो चुकी है।

## भूख हड़ताल की चेतावनी, अब करेंगे आर-पार की लड़ाई

कॉलोनीवासियों ने एसडीएम निकिता शर्मा को सौंपे ज्ञापन में कहा कि यदि पालिका प्रशासन ने जल्द ही सफाई, जल निकासी, पेयजल व्यवस्था और सीवर लाइन सुधार का कार्य शुरू नहीं किया तो वे पालिका कार्यालय के बाहर भूखहड़ताल पर बैठेंगे।ह्हमने सभासद चुना, वोट दिया, उम्मीद की थी कि अब हमारी गलियां भी साफ होंगी, लाइटें जलेंगी, लेकिन हालात पहले से भी खराब हैं,ह्व कृ यह कहना था निवासी राजू और राहुल का। उन्होंने कहा कि अब कॉलोनीवासी शांत बैठने वाले नहीं हैं और आवश्यक सुविधाएं न मिलने पर चुनाव में वोट बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन में रखी गई प्रमुख मांगें सीवर लाइन की त्वरित सफाई व मरम्मत की जाए, कॉलोनी में नियमित सफाई व कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था हो, जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त किया जाए, पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता सुधारी जाए और पानी की टँकी की सफाई कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष सुधीश पुंडीर, सतेंद्र सचिव, चंद्रकांत सहगल कोषाध्यक्ष समेत सुखबीर, राजू, राहुल, नकुल दत्त सहित कॉलोनी के दर्जनों निवासी तहसील पहुंचे और अपनी समस्याओं को लेकर जमकर नाराजगी जताई।

# ससुर पर लगाया 70 हजार रुपये न देने का आरोप

**बुढ़ाना।** एक बहु ने अपने ससुर पर उसके 70 हजार रुपये न देने का आरोप लगाते हुए सीओ बुढ़ाना को तहरीर देकर ससुर से अपने 70 हजार रूपये दिलाए जाने की गुहार लगाई है।ै

मिली जानकारी के अनुसार सोनम पत्नी समीर निवासी कांशीराम कालोनी मौहल्ला खाक. रोबान बुढ़ाना ने आज शुक्रवार के दिन बुढ़ाना सीओ कार्यालय को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मेरे ससुर साबिर निवासी मौहल्ला खाकरोबान बुढ़ाना पर मेरे 70 हजार रूपये हैं।

ये जो रकम है वो उसको नहीं दे रहा है। मेरे पति को और मुझे मेरे सास और ससुर ने घर से निकाल रखा है। मैं अपने पति के साथ अपनी माता के पास रह रही हूं। जब मेरी डिलीवरी हुई थी तो तब मेरे ससुर ने कहा था कि आप अपनी एफडी तुडवा लो। हम बाद में तुम्हें पैसे दे देंगे। तब मैनें अपनी एफडी तुडवाकर अपने ससुर को 70 हजार रूपये दे दिये।

परन्तु मेरा ससुर एक साल से मुझे पैसे नहीं दे रहा हैघ् मेरी बहन बीमार चल रही है। अब मुझे अपनी बहन का इलाज करवाने के लिए रुपयों की आवश्यकता है। अगर मेरी बहन का इलाज न हुआ तो वह मर जायेगी। मै इस सम्बन्ध में दो बार थाने में रिपोर्ट दे चुकी हूं परन्तु कोई कार्यवाही नही हुयी है। पीड़िता ने अपने ससुर से अपने 70 हजार रूपये दिलवाए जाने की गुहार लगाई है। इस मामले में सीओ ने बुढ़ाना पुलिस को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

# दूधिया व हलवाई की करतूत, शादी समारोह में फूड प्वॉइज़निंग से दर्जनों की हालत बिगड़ी

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**भोपा।** गांव रहमतपुर में शादी समारोह के दौरान नकली दूध से बनी मिठाई खाने से अनेक लोग बीमार पड़ गए। जिसके बाद हड़कंप मच गया पीड़ित ने दूधिया व हलवाई पर सांठगांठ कर नकली दूध से मावा, मिष्ठान पनीर आदि तैयार करने के आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।वहीं खाद्य विभाग की टीम ने मौके पर जाकर सेम्पल लिए हैं।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी अनिल कुमार ने बताया कि उनके बेटे की शादी के लिए एक नवंबर को मढ़े का कार्यक्रम था। जिसमें परिवारगण,



परिचित व रिश्तेदार शामिल हुए थे।आरोप है कि हलवाई व दूधिया ने सांठगांठ कर कार्यक्रम में मिठाइयों के लिए नकली और मिलावटी दूध व मावा की सप्लाई की।

जिससे बनी मिठाइयां रसगुल्ला और पनीर से बने पकवानकृखाने के बाद अनेक लोग बीमार हो गए। सभी को तेज बुखार व उलटी दस्त की शिकायत होने पर उन्हें प्राइवेट चिकित्सक के यहां दिखाया गया है। पीड़ित ने बताया की इस घटना से उनकी सामाजिक छवि धूमिल हुई है और गांव में आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।वहीं खाद्य निरीक्षक विशाल चौधरी ने बताया की सेम्पल लिये गये। जिनकी जांच की जायेगी।

## शुक्रताल प्रधान पति के साथ मारपीट, कार्रवाई की मांग

**भोपा।** तीर्थ नगरी शुक्रताल के प्रधान पति राजपाल सैनी के साथ मारपीट व अभद्रता की घटना से रोष व्याप्त हो गया।पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव शुक्रताल ग्राम प्रधान के पति राजपाल सिंह ने थाने पर दी तहरीर मे बताया की उसने गांव के ही एक व्यक्ति को कुछ समय पूर्व अपनी कृषि भूमि मुफ्त मे कृषि करने के लिए दी हुई थी। आरोप है कि चार वर्ष बीतने के बाद वह पिछले कई दिनों से अपनी जमीन वापस लेने को कह रहा था। शुक्रवार को वह अपना ट्रैक्टर लेकर खेत को जोतने के लिए पहुंचा तो आरोपी पिता पुत्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की। मारपीट में प्रधान पति राजपाल सैनी घायल हो गए। पीडित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल प्रधान पति को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने जांच के उपरांत कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# हिंदी-अंग्रेजी स्पीच में उमरा व इंजीला चमके

**बुढ़ाना।** अजीज फातिमा हाई स्कूल बुढ़ाना के वार्षिक समारोह में शुक्रवार को दूसरे दिन हिंदी एवं अंग्रेजी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। जिसमें हिंदी सीनियर वर्ग में छात्रा उमरा और छात्रा अलीना ने प्रथम, छात्र आरिफ और छात्र समीर ने दूसरा एवं छात्र अनस और छात्रा वजीहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हिन्दी जूनियर वर्ग में छात्रा नमरा और छात्रा आयशा ने प्रथम, छात्र अत्यब और छात्रा इन्शा ने द्वितीय एवं छात्रा सफा और छात्रा अलवीरा ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंग्रेजी सीनियर वर्ग में छात्रा इंजीला और छात्रा हुरैना ने पहला, छात्रा हबीबा और छात्रा अंबर नाज ने दूसरा एवं छात्रा इकरा और छात्रा नबिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी जूनियर वर्ग में छात्रा हूरिया और छात्रा जेबा ने पहला, छात्रा इफराह और छात्रा हुमैरा ने दूसरा एवं छात्रा लाब और छात्रा फलक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रबंधक मौहम्मद अहमद व प्रधानाचार्य हाजी नूर मौहम्मद रिजवानी ने सभी छात्र छात्राओं का हौंसला बढ़ाया। प्रोग्राम सफल बनाने में शिक्षिका फलक खान, शिक्षिका सीमा, शिक्षिका मनतशा, शिक्षिका शाजिया, शिक्षिका महक, शिक्षक सद्दाम, शिक्षक अल्तमश, शिक्षक सुहैल और लिपिक शाहिद सिद्दीकी आदि का योगदान रहा। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन संयुक्त रुप से युवा अधिवक्ता आबाद कुरैशी, अधिवक्ता अलीम अहमद व अधिवक्ता मौहम्मद मियां ने अपने कर कमलों के द्वारा फीता काटकर किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सभी वार्डों में बीएलओ दे रहे हैं घर घर दस्तक

**बुढ़ाना।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुरीक्षण का अभियान शुरू हो चुका है। बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मिर्दगान में शुक्रवार के दिन पहुंची बीएलओ आसमा ने भी घर-घर दस्तक दी। इस दौरान यहां पर बीएलओ आसमा ने डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन किया और मतदाताओं को फार्म भरवाए। बीएलओ आसमा ने बताया कि मतदाताओं को फार्म भरकर पहचान प्रमाणपत्र की छाया प्रति संलग्न करनी होगी जिस पर स्वहस्ताक्षर आवश्यक होगा। बीएलओ द्वारा सत्यापन के बाद ही वरिष्ठ अधिकारी की मुहर लगेगी। सर्वे के दौरान बड़ी संख्या में नाम सूची से हटाए या संशोधित किए जाएंगे। वर्ष 2003 के बाद 22 वर्षों में यह पहला विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण होगा। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार बीती 04 नवम्बर से लेकर आगामी 04 दिसम्बर सन 2025 तक गणना अवधि और बीएलओ द्वारा घर घर जाकर गणना प्रपत्रों का मतदाताओं को वितरण किया जायेगा। प्रपत्रों को भरवाकर प्राप्त किया जायेगा। सर्वे के दौरान आपके घर पर तीन बार बीएलओ आएंगे। ईएल फार्म देंगे। आप स्वयं भी ईएल फार्म को डाउनलोड कर सकते हैं। इस फार्म के पीछे ही सूचना शीट लगी होगी। फार्म की एक कापी बीएलओ ले लेगा। एक कापी मतदाता स्वयं रख लेगा। इस कापी के आधार पर बीएलओ अपडेट करता रहेगा। उसके बाद ड्राफ्ट का प्रकाशन होगा। फिर आपत्तियां ली जाएंगी। उसके बाद ड्राफ्ट का अंतिम प्रकाशन होगा।

### श्री कुन्द कुन्द जैन कॉलेज में ''वंदे मातरम'' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ भव्य आयोजन

**खतौली।** स्थानीय श्री कुन्द कुन्द जैन (पी.जी.) कॉलेज, खतौली में शुक्रवार को शासन एवं विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम'' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ एवं कार्यक्रम संयोजिका प्रो. नीरजा गुप्ता ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ''वंदे मातरम'' का रचनाकाल वर्ष 1875 में अक्षय नवमी को हुआ था। इसे बंकिम चन्द्र चटर्जी ने लिखा था। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह गीत देशवासियों में एकता, उत्साह और देशभक्ति की भावना जगाने का माध्यम बना। उन्होंने कहा कि मातृभूमि को शक्ति, समृद्धि और दिव्यता का प्रतीक मानते हुए यह गीत ''भारत की एकता और स्वाभिमान'' की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम संयोजिका प्रो. नीरजा गुप्ता ने कहा कि ''वंदे मातरम'' गीत स्वतंत्रता आंदोलन का प्रतीक बन गया था। यह स्वदेशी आंदोलन और विभाजन विरोधी आंदोलनों के दौरान जनमानस का स्वर बनकर उभरा। उन्होंने बताया कि ''बंगाल की गलियों से लेकर बॉम्बे और पंजाब तक यह गीत औपनिवेशिक शासन के खिलाफ प्रतिरोध का स्वर बन गया।'' ब्रिटिश सरकार द्वारा इस गीत पर रोक लगाने के प्रयासों ने इसकी देशभक्ति भावना को और प्रबल किया। उन्होंने कहा कि नेताओं, विद्यार्थियों और क्रांतिकारियों ने जेल जाने से पहले ''वंदे मातरम'' गाकर देशभक्ति का संकल्प लिया। यह गीत भारतीय संस्कृति, गौरव और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक बनकर उभरा। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. विशु ने किया। इस अवसर पर ई. राहुल माहेश्वरी, विकास जैन, डॉ.श्वेता मलिक, डॉ. पारूल शर्मा एवं एकता राजपूत का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन ''वंदे मातरम'' के सामूहिक गायन के साथ देशभक्ति के उल्लासमय वातावरण में हुआ।

### चरथावल में बंद है नशा तस्करी या कुछ और है कारण

**चरथावल।** देश प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनने पर बहुत बदलाव देखने को मिले है वही कुछ समस्याए अब भी ज्यो की त्यों खड़ी हैस जहाँ यदा कदा आम आदमी द्वारा अनेको बार कर्मचारियों पर भ्र्ष्टाचार के आरोप लगाए जाते है वही कुछ समस्याए आम आदमी का अब भी पीछा नहीं छोड़ रही है उन समस्याओ से आम आदमी को अब भी निजात मिलती नहीं दिख रही हैस और यह समस्याए अब भी आम आदमी की परेशानी बनती नजर आ रही हैस प्रदेश मे जहाँ आपरेशन सवेरा के तहत अनेको नशा तस्करो पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की गयी वही चरथावल थाने मे आपरेशन सवेरा के तहत किसी भी नशा तस्कर के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गयी जोकि चरथावल क्षेत्र मे नशे के कारोबार की दशा को दर्शा रहा है चरथावल क्षेत्र मे या तो नशे का कारोबार नहीं होता या फिर पुलिस द्वारा नशा तस्करो के खिलाफ कार्यवाही करने मे कोई रूचि नहीं है कारण चाहे कुछ भी हो लेकिन क्षेत्र से पुलिस आकंडो के अनुसार नशा तस्कर शून्य है वही इसके अलावा समाज मे घटने वाले चोरी,डकैती के अलावा अपराधिक घटनाओ मे कमी आयी हैस वही समाज मे अब भी कुछ ऐसे अपराध है जोकि समाज को खोखला करते नजर आ रहे है युवा पीढ़ी जहाँ नशे की दलदल मे दिनरात फसती जा रही है वही पढ़ने वाली उम्र मे युवा नशे को अपना शौक समझ कर पहले तो सिगरेट आदि पीते है उसके बाद युवाओं मे नशे की आदत बढ़ती चली जाती हैस और युवा अपने कैरियर से भटककर अन्य दिशा मे चला जाता है और वह पढ़ाई से दूर होता चला जाता है स जहाँ युवा वर्ग आयोजित होने वाले क्रिकेट मैचो पर भरपूर सटा खेलकर अपने भविष्य को दांव पर लगाता है वही चरथावल थाना क्षेत्र मे एक वर्ष से किसी भी मैच बुकी पर कोई कानूनी कार्यवाही न होने के कारण बुकियो के जहाँ हौसले बुलंद हो रहे है वही कोई कानूनी कार्यवाही न होना दर्शा रहा है है या तो चरथावल क्षेत्र मे मैचो पर शर्ते नहीं लग रही है या फिर पुलिस मैचो के बुकियो पर कानूनी कार्यवाही करने मे कोई रूचि नहीं ले रही है इसके अलावा चरथावल क्षेत्र मे पिछले एक वर्ष से किसी भी जुआरियो पर कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गयी और न ही क्षेत्र मे कोई जुआ पकड़ा गया है जिस कारण चरथावल क्षेत्र मे या तो पूरी तरह से जुआ बंद है या फिर पुलिस जुआरियो पर कानूनी कार्यवाही करने मे कोई रूचि नहीं ले रही है जबकि इन अपराधों के कारण अनेको लोगो के घर तक बिक चुके है और कम समय मे बिना मेहनत कर पैसा कमाने की चाहत ने युवा वर्ग को इन अपराधों की और धकेल दिया है और इन अपराधों को युवा वर्ग अपना शौक समझ रहे हैस कुछ व्यक्तियों ने तो जुए, शर्तो की दलदल मे फसकर अपने घरो तक को बर्बाद कर लिया है क्षेत्रवासियो ने इन पर कड़ी रोक लगाकर युवा वर्ग को इनसे बचाने की अपील की है ।

# आर्य कन्या इंटर कालेज में रंगारंग प्रोग्राम

**बुढ़ाना।** आर्य कन्या इंटर कालेज बुढ़ाना में शुक्रवार के दिन राष्ट्र गीत वंदे मातरम को 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उत्सव के रूप में बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ में मनाया गया। मिली जानकारी के अनुसार आर्य कन्या इंटर कॉलेज बुढ़ाना में प्रार्थना स्थल पर प्रार्थना के बाद वंदे मातरम का सामूहिक वाचन कराया गया। कालेज की कुछ छात्राओं द्वारा वंदे मातरम पर भाषण और कविता भी सुनाई गई। जिसमें कक्षा 06 की छात्रा इरम के द्वारा बहुत ही सुंदर कविता सुनाई गई। जिसे कालेज की प्रधानाचार्य के द्वारा मेडल पहनकर सम्मानित भी किया गया और अन्य छात्रा कक्षा 07 की प्राची, कक्षा 09 की छात्रा वंशिका, छात्रा नाजिया, कक्षा 11 की छात्रा अलीशा, छात्रा रिहाना और छात्रा एलिना को एक एक पेन देकर उनका उत्साहवर्धन भी बढ़ाया गया। यहां पर कालेज की सभी शिक्षिकाओं के द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाया गयाघ् यहां अंत में कालेज की प्रधानाचार्य प्रमेश कुमारी ने राष्ट्र गीत वंदे मातरम के विषय में सभी को अवगत कराया और सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।



## घर में घुसकर महिला के साथ ज़बरदस्ती का प्रयास

**भोपा।** महिला को अकेला पाकर आधी रात आरोपी घर में घुस गया तथा महिला के साथ जबरदस्ती का प्रयास किया विरोध करने पर आरोपी ने महिला के कपड़े भी फाड़ दिए पीड़िता के पति ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रुड़की निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह काम के सिलसिले मे बाहर गया हुआ था। घर मे पत्नी व एक छोटा बच्चा मौजूद था की बीते 30 अक्टूबर की रात मे गांव का ही युवक दीवार फांदकर घर मे घुस आया। आहट पाकर पत्नी की जाग गयी।तभी आरोपी युवक ने महिला का मुँह हाथ से बंदकर बलात्कार का प्रयास किया।विरोध करने पर आरोपी ने महिला के कपड़े फाड़ दिये तथा अश्लील हरकतें कर मारपीट की शोर सुनकर महिला का देवर वहां आ गया।तभी आरोपी वहां से फरार हो गया। पति ने पत्नी के साथ ज़बरदस्ती करने के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया जज्बा

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली (नावला)।** उच्च प्राथमिक विद्यालय नावला में शुक्रवार को न्याय पंचायत नावला के तत्वावधान में न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल तथा प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष बालेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में न्याय पंचायत क्षेत्र के सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन नोडल संकुल शिक्षक कुलदीप जैन के नेतृत्व में किया गया। खेल स्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने दमदार प्रदर्शन किया। खो-खो प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग में खेड़ी तगान तथा बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय नावला विजेता रहे।प्राथमिक बालक व बालिका वर्ग दोनों में खेड़ी तगान की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबढी प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में भैंसी विद्यालय तथा बालिका वर्ग में कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय नावला विजेता रहे। वहीं प्राथमिक बालक वर्ग में अंबरपुर और बालिका वर्ग में खेड़ी तगान की टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दौड़ प्रतियोगिता में प्राथमिक बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़रू आरव, आरिश, अंकुश, 100 मीटर दौड़रू अमन, अर्पित, आरव, 200 मीटर दौड़रू अमन, आरव, शोएब, 400 मीटर दौड़ रोहन, कार्तिक, आराव विजेता रहे।प्राथमिक बालिका वर्ग में 50 मीटर इल्मा, हिमानी, शमा, 100 मीटर सनोविया, दिव्या, गुंजन, 200 मीटर परी, राबिया, दिव्या, 400 मीटर प्रतिभा, गुंजन, महक विजेता रहीं। उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में 100 मीटर दीपचंद, निखिल, तरुण, 200 मीटर तनिष्क, दीपचंद, इंतजार, 400 मीटर विनय, जुबेर, तुषार, 600 मीटर रूचिन, अनिकेत, खेमचंद विज. ेता रहे। उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग में 100 मीटर सादिया, मानसी, अनम, 200 मीटर सादिया, तानिया, खुशी, 400 मीटर सादिया, खुशी, अंबरपुर की खुशी विजेता रहीं। लंबी कूद में बालक वर्ग से आर्यन, सौरभ, अमन, जबकि बालिका वर्ग से दिव्या, गुंजन, रिम्सा ने बाजी मारी।कार्यक्रम में खेल अध्यापक सुरेंद्र, परविंदर, विनीता और संगीता की सक्रिय भूमिका रही। प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को खंड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष बालेंद्र कुमार, पूनम बालियान, सिद्धार्थ रघुवंशी, अमीर आजम एवं देववीर ने मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रतिभा, मुकेश, राजदीप, सुमित, संगीता गिरी, योगेश, इंदु कौशिक, भावना पाल, अनिल, अवधेश, सीमा सहित अनेक अध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय नावला परिवार की ओर से सभी प्रतिभागियों के लिए भोजन एवं अतिथियों के लिए जलपान की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई।

# लाल दयाल पब्लिक स्कूल की छात्रा ने स्केटिंग प्रतियोगिता में लहराया परचम

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित विविधांज. लि 6.0 स्पर्धा के तहत हुई स्केटिंग चौंपियनशिप में लाल दयाल पब्लिक स्कूल, खतौली की छात्रा समीक्षा चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो रजत पदक अपने नाम किए।

समीक्षा ने 15-18 आयु वर्ग (एडजस्टेबल स्केट्स) में आयोजित 200 मीटर और 300 मीटर रेस में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया। समीक्षा के असाधारण कौशल, दृढ़ निश्चय और खेल भावना ने विद्यालय का मान बढ़ाया। उनकी मेहनत और लगन ने यह साबित कर दिया कि सफलता समर्पण और निरंतर प्रयास से ही मिलती है।विद्यालय के स्केटिंग कोच सुनील कुमार ने बताया कि समीक्षा सहित कई छात्र-छात्राओं को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विद्यालय में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विद्यालय के चेयरमैन कर्मवीर वर्मा और प्रधानाचार्य शिल्पी कुमार अरोरा ने समीक्षा चौहान को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




दोनों ने कहा कि समीक्षा ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है और यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# गोवंश और बेसहारा पशुओं की समस्या को एनिमल्स वेलफेयर संस्था ने आवाज उठाई

**खतौली।** गंग नहर पटरी क्षेत्र में लगातार मिल रहे मृत गौवंश और बेसहारा पशुओं की सूचना को लेकर एल.आई.सी. एनिमल्स वेलफेयर संस्था के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को उप जिलाधिकारी निकिता शर्मा से मुलाकात की। संस्था के संस्थापक पुनीत अरोरा एवं संरक्षक अखिलेश पंडित ने एसडीएम को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपते हुए बताया कि खतौली, सठेड़ी और सराय गांव के आसपास कई बार मृत गौमाताओं के अवशेष कूड़े में पड़े मिले हैं। इस संबंध में कई बार सूचना देने के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। संस्था ने यह भी अवगत कराया कि नगर पालिका को आवारा कुत्तों की नसबंदी (स्टरलाइजेशन) और वैक्सीनेशन के लिए कई बार पत्र दिए गए, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा टैग लगे कई गौवंश मृत अवस्था में या सड़कों पर घूमते हुए देखे जा चुके हैं, जो प्रशासन की लाप. रवाही को उजागर करते हैं। संस्था पदा. धिकारियों ने एसडीएम को यह भी बताया कि खतौली में पालतू घोड़ों के कारण कई सड़क हादसे हो चुके हैं, लेकिन न तो पशु मालिकों पर कार्रवाई की जा रही है और न ही पुलिस इस दिशा में कोई ठोस कदम उठा रही है।शिकायत पत्र प्राप्त करने के बाद उप जिलाधिकारी निकिता शर्मा ने संस्था को मामले की जांच कराने और आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य अभिनव यदुवंशी, अनमोल रावत, वंश अरोरा मौजूद रहे।

# लेखपाल के विरुद्ध वैल्ली के ग्रामीणों का प्रदर्शन

**बुढ़ाना।** गांव वैल्ली के दर्जनों ग्रामीणों ने रालोद नेता सुरेंद्र सहरावत व संयम पंवार के संयुक्त नेतृत्व में शुक्रवार को बुढ़ाना तहसील परिसर में प्रदर्शन कर एसडीएम को एक ज्ञापन देते हुए गांव वैल्ली के लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया है कि ग्राम वैल्ली में हल्का लेखपाल अंकित पाल गांव में किसी भी किसान का कोई कार्य समय से नहीं कर रहा है। अगर कोई किसान अपने कार्य के बारे में उससे पूछताछ करता भी है तो बदतमीजी से पेश आता है और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है और कहता है कि अगर मुझे प्रेशर में लोगे तो झूठे मुकदमे में फंसा दूंगा। ग्राम वैल्ली के पूर्व प्रधान ने अपने वारिसान बनवाने के सम्बंध में पूछताछ की तो लेखपाल कहने लगा कि खर्चे के दो हजार रूपये दो तब जांच करके रिपोर्ट तैयार करूंगा। पिछले तीन चार दिन से पूर्व प्रधान राजवीर सिंह का फोन भी ब्लेक लिस्ट में डाल रखा है।



पूर्व प्रधान राजवीर सिंह ने कानूनगो व अन्य कर्मचारियों से सम्पर्क करके वारिसान बनवाने के लिए प्रयास किया लेकिन हल्का लेखपाल ने सुविधा शुल्क लिए बिना कोई कार्य नही किया। सभी ग्रामवासी काफी तंग व परेशान है। एक किसान के तो ईडब्ल्यूएस के कागजात फाडकर किसान के ऊपर फेंक दिये। समस्त ग्रामीण बहुत परेशान हैं। जिस कारण हल्का लेखपाल के विरूद्ध कार्यवाही की जाए। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रुप से शकुल सहरावत, सतवीर सिंह, अनिल पंवार, हरबल सिंह, बोबी पंवार और राज पंवार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## वन्य जीव पहाड़े को तालाब से वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**भोपा।** थाना क्षेत्र के कासमपुर गांव में एक वन्य जीव पहाडा तालाब में फस गया ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर उसे सुरक्षित बाहर निकाल

कासमपुर गांव में स्थित तालाब में शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने वन्य जीव पहाड़े को तालाब में फंसा हुआ देखा इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंची टीम ने ग्रामीणों की सहायता से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद पहाड़े को तालाब से बाहर निकलने में सफलता प्राप्त हुई वन विभाग के कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया। वन विभाग की टीम द्वारा वन्य जीव पहाड़े को सुरक्षित बाहर निकाल कर वन विभाग के जंगलात में छोड़ दिया गया।

# भाकियू तोमर ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन तोमर के युवा प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर के आह्वान पर सैकड़ो पदाधिकारी कार्य करता सदर तहसील पहुंचे जबरदस्त नारेबाजी करते हुए एक ज्ञापन सीटी मजिस्ट्रेट को सोपा उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि खेती से जुड़े छोटे-छोटे कामों के लिए तहसील के चक्कर लगाने पड़ते है किसानों कोई सुनवाई नहीं हो रही है खसरा खतौनी निकलवाने के नाम पर भी किसानों से अवैध वसूली की जा रही है कोई किसान अपने खेत की धारा 80 करना चाहता है तो फाइल में शुरू होने वाले साइन से आखरी साइन तक किसानों से अवैध उगाही की जाती है इस पर निष्पक्ष तरीके से कार्य किया जाए प्रशासन के मिली भगत से सड़को पर दौड़ रहे ओवरलोडिंग वाहनों से कोई ना कोई दुर्घटना बनी रहती है इस पर पूरी तरीके से रोक लगाई



जाए ऐसे ही अन्य समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सोपा और जल्द समस्याओं के समाधान की मांग की जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन तोमर करेगा बड़ा आंदोलन।।

इस मौके पर पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष रिहान चौधरी, सलीम मलिक, इरशाद रई, नौशाद, सोनू मुस्तफा, गयूर अली, मुकेश गुर्जर आदि सम्मानित साथी मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शातिर चोर पकड़ा, आभूषण व पांच लाख बरामद





**शाह टाइम्स संवाददातता**

**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सोने के आभूषण और लगभग पांच लाख रूपए की नकदी बरामद की है। गत 20 अक्टूबर को शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गौशाला रोड निवासी अजीम किन्नर चेला शकील के घर से अज्ञात चोरों द्वारा सोने व चांदी के आभूषण और लाखों रूपये की नकदी चोरी की गई थी। पीडित ने चोरी की घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। शुक्रवार को पुलिस लाईन में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए एसपी एनपी सिंह ने बताया कि शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल एक शातिर चोर गौरव पुत्र राजपाल निवासी ग्राम बन्दरजुड्डा, थाना देवबन्द को गिरफ्तार किया है। पकडा गया गौरव किन्नर के मकान में रसोईया था, जिसने शातिर तरीके से चोरी की घटना को अंजाम दिया। यही नही पुलिस को उस पर शक न हो इसके लिए गौरव कुछ दिन वही रहा। बाद में मौका पाकर फरार हो गया। पुलिस ने काफी खोजबीन की तो चोर गिरफ्त में आ सका। पकडे गए चोर के पास से भारी मात्रा 38 तोला सोने के आभूषण, पांच लाख रूपये की नकदी सहित करीब 61 लाख रूपये का सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने पकडे गए चोर को जेल भेज दिया है।

# डीएम ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददातता**

**शामली।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त राजनैतिक दलों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में अर्हता दिनांक 1.1.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण और पुनरीक्षण से पूर्व की जाने वाली कार्यवाहियों का मतदेय स्थलों के सम्भाजन हेतु निम्न कार्यवाही कि जानी है 1- मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन, पुनर्निधारण एवं नए मतदेय स्थल स्थापित करने हेतु भवनों का चिन्हाकन 29।10।2025 (बुधवार) से 4.11.2025 (मंगलवार) तक, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रति. निधियों के साथ बैठक कर मतदेय स्थलों के प्रस्ताव 6.11.2025 (गुरुवार) से 7.11.2025 (शुक्रवार) तैयार कराना, आपत्तियों एवं सुझावों हेतु मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन 10।11।2025 (सोमवार), मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को 10.11.2025 (सोमवार) उपलब्ध कराना,वर्तमान संसद सदस्यों, विधानसभा सदस्यों तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठकों के आयोजन के पश्चात, शिकायतो एवं सुझावों एवं सुझावों के निस्तारण के बाद 18.11.2025 द्धमंगलवारऋ अन्तिम रूप दिया जाना, जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी संलग्नकों सहित मतदेय स्थलों का प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को आयोग के अनुमोदनार्थ हेतु 19.11.2025 (बुधवार), 20.11. 2025 (गुरूवार), 21.11.2025 (शुक्रवार), मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा सम्भाजन संबंधी प्रस्ताव आयोग के अनुमोदनार्थ प्रेषित किया जाएगा। 2- मतदेय स्थलों के सम्भाजन अधिकतम सीमा 1200 मतदाताओं तक रखने हेतु अनुमति प्रदान की गई है अर्थात अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा के आधार पर ही सम्भाजन की कार्यवाही की जाएगी। मतदेय स्थल भवन तथा उससे सम्बद्ध निर्वाचक नामावली के सुसंगत भाग का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन कर लिया गया है। भवन के साथ-साथ यह भी देखा गया है। कि मतदेय स्थल की निर्वाचक नामवली में अंकित मतदाताओं का निवास उसी भवन के आस-पास भौतिक रूप से हो, सुनिश्चित किया गया है। मतदेय स्थल पर समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो, सुनिश्चित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग की अपेक्षा है कि बहुमंजिली भवनों ग्रुप हाउसिंग सोसाइटिस आरडब्लूए कालोनिज जिनके पास अपने परिसर में भूतल पर सामान्य सुविधा क्षेत्र सामुदायिक हॉल हो वहां नए मतदेय स्थल स्थापित किए जाने पर विचार किया जा सकता है। उक्त के अतिरिक्त नगरीय क्षेत्रों के झुग्गी झोपडी वाले समूहों और नगरीय अर्द्ध नगरीय क्षेत्रों जहां बाह्य विकास हुआ है, उन क्षेत्रों में भी उक्त के संबंध में विचार किया जा सकता है। अत्यधिक पुराने व जर्जर भवन वाले मतदेय स्थलों को उसी मतदान क्षेत्र के अन्तर्गत उपलब्ध स्थाई भवन में स्थानानारित कर दिया जाए।

# कई घटनाओं का खुलासा, सोने चांदी के आभूषण बरामद

**शाह टाइम्स संवाददातता**



**शामली।** थाना कांधला पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का अनावरण करते हुए एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी बरामद की है।

शुक्रवार को पुलिस लाईन में जानकारी देते हुए एसपी एनपी सिंह ने बताया कि गत 25 अक्तूबर को थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत बबलू राणा पुत्र इरशाद राणा निवासी मौहल्ला खाकनीबान की भाभी फरहा पत्नी वाजिद राणा, निवासी मौहल्ला सरवज्ञान के घर से अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण एवं 10 हजार रूपए की नकदी चोरी कर ली थी। इसके अतिरिक्त 6 नवम्बर को संजिदा पत्नी मेहरबान निवासी ग्राम खन्द्रावली के घर से भी अज्ञात चोरों द्वारा सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी चोरी की गई थी। इन दोनों घटनाओं के संबंध में पीड़ितों की तहरीर पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किए गए थे। कांधला पुलिस ने दोनों घटनाओं का खुलासा करते हुए चोर कासिम पुत्र महबूब निवासी ग्राम खन्द्रावली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पकडे गए चोर के पास से 30 वस्तु सोने और 103 वस्तु चांदी की बरामद हुई है। इसके अलावा तीन हजार रूपये की नकदी भी बरामद की गई है। पुलिस ने पकडे गए चोर को जेल भेज दिया।

## एक नजर

### मंदबुद्धि महिला व मासूम बालक को परिजनों तक पहुंचाया

**शाह टाइम्स संवाददातता**

**कैराना।** मिशन शक्ति केंद्र की टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए मंदब. ुद्धि महिला एवं लावारिस अवस्था में मिले चार वर्षीय मासूम बालक को उसके परिजनों तक पहुंचाया। महिला एवं बालक के परिजनों ने मानवीय कार्य के लिए मिशन शक्ति केंद्र की टीम का आभार व्यक्त किया है। मिशन शक्ति-05 के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सहायता को प्राथमिकता देते हुए मिशन शक्ति केंद्र कैराना द्वारा एक सराहनीय कार्य किया गया। कैराना क्षेत्र में कार्यरत पुलिस रिस्पांस व्हीकलद्धपीआरवीऋ की टीम को मानसिक रूप से अस्वस्थ एक महिला मिली, जिसे मिशन शक्ति केंद्र के सुपुर्द किया गया। महिला अपनी पहचान बताने में असमर्थ थी। मिशन शक्ति केंद्र की टीम ने संवेदनशीलता के साथ उसकी देखभाल करते हुए लगातार पहचान करने के प्रयास किए। काफी प्रयासों एवं संवाद के बाद महिला ने अपना नाम नीलम निवासी ग्राम गोहरनी थाना आदर्श मंडी शामली बताया। तत्पश्चात, मिशन शक्ति केंद्र की टीम के द्वारा स्थानीय पुलिस के सहयोग से महिला के परिजनों का पता लगाया गया। बाद में टीम के द्वारा महिला को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं, कैराना कस्बे के मोहल्ला बिसातियान में एक चार वर्षीय बालक लावारिस अवस्था में पाया गया। सूचना प्राप्त होने पर मिशन शक्ति केंद्र की टीम ने मौके पर पहुंचकर बालक को अपने संरक्षण में ले लिया। इसके बाद, टीम ने पुलिस एवं स्थानीय लोगों की सहायता से बच्चे के परिजनों का पता लगाने के प्रयास शुरू किए। काफी प्रयासों के बाद लावारिस बच्चे की पहचान कस्बे के मोहल्ला आलदरमियान निवासी साकिब के पुत्र के रूप में हुई। इसके पश्चात, टीम ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करके बच्चे को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### झाड़खेड़ी में 15 माह पूर्व हुई चोरी का खुलासा नहीं, एसपी से गुहार

**शाह टाइम्स संवाददातता**

**कैराना।** झाड़खेड़ी गांव में 15 माह पूर्व हुई चोरी की घटना का खुलासा न होने पर पीड़ित अधिवक्ता ने एसपी शामली को प्रार्थना दिया है। पीड़ित अधिवक्ता ने घटना का शीघ्र खुलासा न होने पर मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव व गृहमंत्री को पत्र भेजने की बात कही है। क्षेत्र के गांव झाड़खेड़ी निवासी अवधेश सैनी एडवोकेट ने एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह को प्रार्थना-पत्र दिया है। बताया कि विगत 09द्म10 अगस्त 2024 की रात्रि अज्ञात चोरों ने उसके घर पर धावा बोलकर करीब तीस लाख रूपए के सोने-चांदी के जेव. रात व लाइसेंसी बंदूक चोरी कर ली थी। घटना का मुकदमा कैराना कोतवाली पर दर्ज है। पत्र में बताया गया है कि घटना को 15 माह का समय बीत चुका है, लेकिन कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम चोरी की घटना का खुलासा नही कर पाई है। पुलिस चोरी की घटना में शामिल किसी भी आरा. ेपी को गिरफ्तार नही कर पाई है और न ही चोरी किया गया सामान बरामद कर सकी है। घटना के बाद से ही वह और उसका परिवार दहशत के साए में जी रहा है। पत्र में घटना का खुलासा कराकर आरोपियों को गिरफ्तार कराने तथा चोरी हुआ सामान बरामद कराने की गुहार लगाई गई है। साथ ही, अधिवक्ता ने घटना का शीघ्र खुलासा न होने पर पुलिस के उच्चाधिकारियों, मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव व गृहमंत्री को पत्र लिखने की बात कही है।

### बसेड़ा में जानलेवा हमले के तीन वांछित आरोपी गिरफ्तार, जेल रवाना



**शाह टाइम्स संवाददातता**

**कैराना।** तीन माह पूर्व गांव बसेड़ा में घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीनों आरोपियों का पुलिस ने चालान कर दिया है। विगत 07 अगस्त को राजुल निवासी ग्राम बसेडा ने कुछ लोगो पर घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की नीयत से फायर करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को मामले की जांच करके आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। शुक्रवार को एसपी शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत दभेड़ी खुर्द चौकी प्रभारी एसआई जितेंद्र त्यागी ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे आरोपी असजद, शाहरुख व कुर्बान निवासीगण ग्राम बसेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों का चालान कर दिया है।

### मिनिकिट वितरण कार्यक्रम का संचालन

**शाह टाइम्स संवाददातता**

**शामली।** जिला कृषि अधिकारी शामली प्रदीप कुमार यादव ने जानक. ारी देते हुए बताया कि गन्ना फसल के साथ दलहनी सहफसली खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद के किसानों के लिए चना एवं मसूर फसलों के निशुल्क बीज मिनिकिट वितरण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर इस योजना के अंतर्गत मसूर बीज मिनिकिट की 42 क्विंटल (525 पैकेट) तथा चना बीज मिनिकिट की 8 क्विंटल (50 पैकेट) की मात्रा उपलब्ध कराई जा रही है। यह बीज दिनांक 10 नवम्बर तक सभी कृषि बीज गोदामों पर उपलब्ध हो जाएगा। बताया कि जनपद के पंजीकृत किसान, जो गन्ने के साथ चना एवं मसूर की सहफसली खेती करना चाहते हैं, वे पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर पीओएस मशीन से निशुल्क बीज मिनिकिट प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना से किसानों को गन्ने की फसल के साथ दलहनी फसलों से अतिरिक्त आय प्राप्त होगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा प्रदेश में दलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

### स्कूल से लौट रहे अध्यापक पर बदमाशों का हमला, गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स संवाददातता**

**झिंझाना।** बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने स्कूल से घर लौट रहे प्राइवेट अध्यापक पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। राहगीरों को आता देख बदमाश मौके से फरार हो गए। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पीरखेड़ा निवासी अध्यापक राकेश कुमार कस्बे के एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाते हैं। शुक्रवार दोपहर वह स्कूटी से अपने गांव लौट रहे थे। बताया गया कि जब वह पीरखेड़ा रोड पर पहुंचे तो पीछे से आए तीन बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने चलती स्कूटी में डंडा मार दिया, जिससे वह सड़क पर गिर गए। इसके बाद बदमाशों ने उन पर अंधाधुंध लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे राहगीरों को देख बदमारश झिंझाना की ओर भाग निकले। ग्रामीणों की मदद से घायल अध्यापक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# चार दिनों तक कई कार्य तहसील में रहेंगे बंद

**शाह टाइम्स संवाददातता**

**शामली।** जनपद की तहसीलों में आज से चार दिनों तक बैनामे, रजिस्ट्री, वसीयत और विवाह पंजीकरण जैसे सभी कार्य बंद रहेंगे। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल को अन्य सर्वर पर स्थानांतरित किए जाने के कारण यह व्यवस्था 8 नवम्बर से 11 नवम्बर 2025 तक अस्थाई रूप से बाधित रहेगी। विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार, सर्वर के रख-रखाव एवं तकनीकी स्थानांतरण कार्य के चलते इन चार दिनों के दौरान ऑनलाइन लेखपत्र पंजीकरण एवं अन्य आवेदन संबंधी कार्य अस्थाई रूप से बंद रहेंगे। इस अवधि में जनपद के सभी उप-निबंधक कार्यालयों में भी पंजीकरण संबंधी कार्य संपादित नहीं हो सकेंगे। पोर्टल बंद रहने के चलते तहसीलों में शुक्रवार को बैनामों को लेकर रजिस्ट्रार कार्यालयों पर भारी भीड़ देखने को मिली। लोग अपने दस्तावेजों का पंजीकरण कराने के लिए जल्दबाजी में बैनामे करवाने पहुंचे, जिससे रजिस्ट्रार कार्यालयों में अफरातफरी का माहौल रहा। चार दिनों तक पंजीकरण कार्य बंद रहने से राजस्व विभाग को करोड़ों रूपए के राजस्व नुकसान की आशंका है। विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने दस्तावेजों का पंजीकरण कार्य निर्धारित अवधि से पहले या सर्वर कार्य पूर्ण होने के बाद ही कराएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# घर में घुसकर जानलेवा हमले का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददातता**

**शामली।** एक ईंट भट्टा व्यवसाई द्वारा घर में घुसकर बदमाशों द्वारा जानलेवा हमला करने, दुकान को नुकसान पहुंचने और घर में रखी नकदी लूटकर ले जाने के मामले में पुलिस पर कोई कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है। उन्होने कांधला पुलिस को दी गई तहरीर में भी फेरबदल कर मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाते हुए गंभीर आरोप लगाए है।

शुक्रवार को शहर के हनुमान रोड स्थित एक रेस्तरां में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कांधला निवासी ईंट भट्टा व्यवसाई शानू व उसके बेटे आरिफ ने परिजनों के साथ जानकारी देते हुए बताया कि गत 30 अक्टूबर को उसकी पत्नी घर पर अकेली थी। तभी कैराना थाना क्षेत्र के गांव जहानपुरा निवासी संगठित गिरोह के सदस्य मुबारिक, सादिक, सज्जान, रिजवान और समूल अपने साथ पांच छह महिलाओं को लेकर घर में घुस आए और घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। नुकीले हथियारों से शटर तोड़कर घर में घुस गए। इस संबंध में थाना कांधला पुलिस को सभी साक्ष्य उपलब्ध कराते हुए शिकायत की गई थी।आरोप है कि पुलिस ने पीड़ितों द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज न कर मात्र तीन लोगों के खिलाफ मनमाफिक तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया और हिरासत में लिए गए तीनों आरोपियों का शांतिभंग की धाराओं में चालान कर इति कर ली। इसके बावजूद आरोपियों ने दोबारा घर पर हमला बोल दिया और घर में रखी अलमारी, बक्शा, बेड आदि को तोड़फोड़ करते हुए जेवर व नगदी भी लूट ली, लेकिन पुलिस मामले में कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। पीड़ित ने कांधला पुलिस पर उक्त लोगों के खिलाफ कोई कार्यवाही न किए जाने का आरोप लगाते हुए आला अधिकारियों से संज्ञान लेने की मांग की है। इस अवसर पर मुन्नी, शाहजहां, सीमा, आसमीन आदि मौजूद रहे।



### नशा करने से रोका तो बाप बेटे ने बुजुर्ग दादा को पीटा

**थाना भवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव रसीदगढ़ निवासी दिलीप सिंह पुत्र रूलहा ने अपने ही पुत्र अमरीश और पोते गुल्लू के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित दिलीप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को उन्होंने अपने पुत्र और पोते को शराब व भांग का नशा करने से मना किया, जिस पर दोनों बाप-बेटे नाराज हो गए। विरोध करने पर उन्होंने दिलीप सिंह के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाना भवन पुलिस को तहरीर देकर दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दिलीप सिंह को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजकर मेडिकल परीक्षण कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।



### 150 वर्ष पूरे होने पर कंसर्ट का आयोजन

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर कंसर्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की गीता रानी ने बालिकाओं को वंदे मातरम के विषय में अवगत कराया। तत्पश्चात विद्यालय में उपस्थित बालिकाओं और समस्त आचार्यगण ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता रानी, कविता रानी, अनीता रानी, सुरभि, आकांक्षा, वंदना रानी, नीलम रानी, उपासना रानी, अमित कुमार, रवि कुमार, कपिल कुमार, मोहित कुमार, विकास कुमार, राहुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अश्विनी कुमार, मोनिका रानी, दिव्या रानी आदि उपस्थित रहे ।

### घरेलू विवाद में तीन भाइयों का पुलिस ने किया चालान

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढी श्याम में घरेलू विवाद को लेकर आपस में झगड़ रहे तीन भाइयों का पुलिस ने हिरासत में लेकर चालान किया है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम निवासी महिला रुचि पत्नी सन्नी ने विगत गुरुवार को थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसके साथ जेठ,जेठानी सहित अन्य परिवार के लोगों ने मारपीट की है। पुलिस ने पीड़ित महिला को कार्रवाई का आश्वासन दिया था। शुक्रवार को फिर से महिला का पति सन्नी, उसका भाई अजय और विजय आपस में झगड़ा करने लगे पड़ोस के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। झगड़े की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई पुलिस ने मौके से तीनों भाइयों को हिरासत में ले लिया और तीनों के विरुद्ध शांति भंग की धाराओं में चालान किया है।

# सकौती में मदरलैंड पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

## वृंदा-सचिन ने 100 मीटर में मारी बाजी, कबड्डी में देवांश व साक्षी की टीम विजेता




**शाह टाइम्स संवाददातता**

**चौसाना।** क्षेत्र के सकौती गांव स्थित मदरलैंड पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रिंसिपल विपिन राठी ने दीप प्रज्वलित कर तथा फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। मैदान में तालियों की गूंज के साथ खेलों का रोमांच छा गया।

चौसाना क्षेत्र के सकौती में मदरलैंड पब्लिक स्कूल प्रतियोगिता में 100 व 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद और कबड्डी जैसी खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं। सुबह से ही छात्र-छात्राओं ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। 100 मीटर सीनियर वर्ग की दौड़ में सचिन कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि देव द्वितीय और अनमोल तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, लड़कियों के सीनियर वर्ग में वृंदा ने पहला स्थान हासिल किया, साक्षी द्वितीय और राधा तृतीय स्थान पर रहीं। कबड्डी मुकाबले में भी छात्रों में जबरदस्त जोश नजर आया। लड़कों की सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता में देवांश राठी की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, लड़कियों के वर्ग में साक्षी की टीम विजेता रही, जिसने रोमांचक मुक. ाबले में विरोधी टीम को मात दी। स्कूल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना का विकास करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ में प्रविंद्र, आशीष, राकेश कुमार समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# गन्ना भुगतान में देरी पर किसानों में आक्रोश, पंचायत में आंदोलन की दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददातता**



**थाना भवन।** गांव सोंटा रसूलपुर स्थित पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भारतीय किसान यूनियन द्धटिकैतऋ के प्रदेश संगठन मंत्री मास्टर जाहिद के आवास पर रविवार को एक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में क्षेत्र के अनेक किसान और यूनियन पदाधिकारी शामिल हुए।बैठक में गन्ना भुगतान में हो रही लगातार देरी को लेकर किसानों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मिलों द्वारा बकाया गन्ना भुगतान अब तक न किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया, तो भाकियू टिकैत को बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

किसानों ने कहा कि वे अपने हक के लिए एकजुट हैं और किसी भी स्तर पर पीछे नहीं हटेंगे।इस अवसर पर मास्टर जाहिद ने किसानों से आह्वान किया कि वे 11 नवम्बर को शामली खेड़ी करमू बिजली घर पर होने वाले अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और अपनी एकजुटता दिखाएं। उन्होंने कहा कि किसान एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। जब तक किसान को उसका पूरा हक नहीं मिलेगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।पंचायत में भुट्टू प्रधान, चौधरी सलीम, राम पंडित, राकेश, संजय, अनुज, रामपाल, जाहिद ठेकेदार, खलील, सरफराज, कलाम, कादिर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में घायल गोकश गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने बाद मुठभेड़ गौकशी का प्रयास कर रहे एक गौकश को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 1 अवैध तमंचा, 2 जिंदा, 2 खोखा कारतूस, गौकशी करने के उपकरण तथा एक जिंदा गौवंश बरामद किया गया है। जबकि एक अन्य गौकश गन्ने के खेत का फायदा उठाते हुए मौके फरार हो गया।



सीओ सदर प्रिया यादव द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार को सूर्य ढलते ही चैकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा मिली गौकशी के प्रयास की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दुमझेडा वाली सडक से जंगल की ओर जाने वाली चकरोड के निकट गन्ने के खेत में जैसे ही छापेमारी की गई तभी एक गौवंश को पेड़ से बाँधकर गौकशी करने का प्रयास कर रहे दो व्यक्तियों ने पुलिस टीम को अपने समीप आता देख जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी तथा खेतों की ओर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा अपने बचाव में की गई जवाबी फायरिंग में एक गौकश के पैर में गोली लगने से वह घायल होकर वहीं गिर गया। जबकि एक अन्य गौकश गन्ने के खेत का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। घायल गिरफ्तार गौकश की पहचान भूरा पुत्र कालू निवासी मोहल्ला मजहर हसन कस्बा व थाना चिलकाना के रूप में की गई। गिरफ्तार आरोपी भूरा के खिलाफ पूर्व से भी गौकशी, गैंगस्टर एक्ट व आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में करीब एक दर्जन मुकदमें दर्ज बताए गए है। कार्यवाही टीम में थाना प्रभारी विनोद कुमार, एसआई चन्द्रपाल, बलराम, हैड कांस्टेबल अरुण तोमर, कांस्टेबल अनुज राणा, अमित तोमर तथा सौरव चौधरी शामिल रहे।

# पार्षदों ने मेयर व नगर आयुक्त को सौंपी अनुभवों की रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगर निगम कोच्चि (केरल) के छह दिवसीय शैक्षिक दौरे से लौटे 46 पार्षदों ने अपने अनुभव साझा करते हुए एक रिपोर्ट महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि को सौंपी है। पार्षद दल की ओर से टीम लीडर/उपसभापति मयंक गर्ग ने सौंपी गयी रिपोर्ट में सहारनपुर को भी स्वच्छ, सुंदर तथा विकसित बनाने के लिए अनेक सुझाव दिए है। पार्षद दल का कहना है कि कोच्चि में शहर के लोग पर्यावरण और साफ-सफाई के प्रति बहुत जागरुक है और निगम को सहयोग करते हैं। सड़कों पर कहीं धूल, कचरा और प्लास्टिक वहां नहीं मिली।



नगर निगम सहारनपुर से 46 पार्षदों का एक प्रतिनिधि मण्डल उपसभापति मयंक गर्ग के नेतृत्व और महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार की देखरेख में नगर निगम कोच्चि के शैक्षिक दौरे पर गया था। 30 अक्टूबर से 4 नवंबर, 2025 तक आयोजित इस दौरे का उद्देश्य सतत शहरी विकास, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जन स्वास्थ्य और प्रशासनिक दक्षता के प्रति कोच्चि के अभिनव दृष्टिकोणों का अवलोकन करना और उनसे सीखना था। पार्षद दल ने वहां से लौटकर महापौर व नगरायुक्त को जो सुझाव सौंपे हैं, उनमें सीबीजी संयंत्र स्थापना परियोजना में तेजी लाना, सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण को बढ़ावा देना,महानगर में चयनित स्थानों पर प्लास्टिक संग्रहण बूथों की स्थापना करना, लोगों को कचरा पृथक्करण के और प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक करना तथा कोच्चि की तरह ई-गवर्नेंस उपकरणों, जैसे ऑनलाइन प्रमाणपत्र जारी करना आदि को अपनाने के लिए एक अनुवर्ती कार्य समूह का गठन करने का सुझाव दिया है।

कोच्चि में महापौर एडवोकेट एम. अनिलकुमार ने पार्षद दल का स्वागत करते हुए नगर निगम कोच्चि की विशेताओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 'शहरी प्रगति एक साझा दृष्टिकोण है, जो एक-दूसरे की खूबियों से सीखने पर आधारित है।' टीम लीडर उपसभापति मयंक गर्ग ने बताया कि पार्षद दल ने भ्रमण के दौरान कोच्चि के मध्य में मरीन ड्राइव तट के किनारे स्थित सुभाष पार्क, कोच्चि नगर निगम के नवनिर्मित अत्याधुनिक प्रशासनिक कार्यालय, महापौर और उप महापौर के सुसज्जित कार्यालय तथा नागरिक सेवाओं की व्यवस्थाओं को देखा और उनसे प्रभावित हुआ है। सहारनपुर के निगम कार्यालयों में भी उसी तरह की व्यवस्थाओं के उन्नयन की पैरवी करने की प्रेरणा लेकर पार्षद दल वहां से लौटा हैं।

पार्षद दल ने इसके अलावा आईसीसीसी, निगम द्वारा संचालित अस्पताल व एमआरएफ सेंटर आदि का भी दौरा किया। एमआरएस सेंटर की विशेष बात यह थी कि आबादी के बीच में होने के बावजूद वहां कोई दुर्गध नहीं थी। वहां प्लास्टिक, धातु और कार्बनिक पदार्थों आदि पुनर्चक्रण योग्य पदार्थों को अलग करने के लिए स्वचालित मशीनों का उपयोग किया जा रहा था। पार्षद दल के साथ गए महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि पार्षदों को प्रगतिशील शहरी मॉडलों से परिचित कराने के उद्देश्य से यह दौरा सफल रहा है। पार्षद दल ने महापौर डॉ. अजय कुमार और नगरायुक्त शिपू गिरि को कोच्चि के शैक्षिक दौरे का अवसर प्रदान करने के लिए तथा कोच्चि में गर्मजोशी के साथ स्वागत के लिए कोच्चि के महापौर और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

# पति-पत्नी की कहासुनी में भिड़े

**चिलकाना।** संगमौर गांव में पति पत्नी की मामूली कहासुनी के चलते ससुराल व मायके पक्ष के बीच हुए झगड़े में कई लोग घायल हो गए, पुलिस ने थाना पहुंचे घायलों को मेडिकल जांच के लिए भिजवाया है।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम संगमौर निवासी आसिफ पुत्र फारुख व उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी। आसिफ की पत्नी की रिश्तेदारी ग्राम माहेश्वरी कलां में आज शादी का कार्यक्रम था। आपसी अनबन के चलते आसिफ ने अपनी पत्नी को शादी के कार्यक्रम में जाने से रोका हुआ था। जिसके चलते आसिफ की पत्नी को लेने के लिए उसके मायके ग्राम सराय से उसके भाई तथा माहेश्वरी कलां के कुछ रिश्तेदार ग्राम संगमौर आये थे तथा आसिफ के घर पर दोनो पक्षों के बीच इसी को लेकर बातचीत चल रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनो पक्षों के लोगों के बीच कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते मामूली कहासुनी इतनी बढ़ गई कि झगड़े का रूप धारण कर लिया तथा दोनो ओर से लाठी डंडे चलने लगे। जिसमें कई लोग बुरी तरह घायल हो गए। जिसके बाद दोनो पक्षों के घायल थाना पहुंच गए और कानूनी कार्यवाही की मांग करने लगे।

इस सम्बन्ध में जानकारी लेने पर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि घायल अवस्था मे थाना पहुंचे एक पक्ष के अनवर चौधरी पुत्र शौकत अली, मुनव्वर चौधरी पुत्र शौकत अली निवासी ग्राम सराय थाना कोतवाली देहात सहारनपुर, तौसीफ पुत्र खालिक, अफजल पुत्र अनवर निवासी ग्राम माहेश्वरी कलां थाना चिलकाना व मुव्ससिर पुत्र अफजाल निवासी ग्राम मानक माजरा थाना भगवानपुर उत्तराखंड तथा दूसरे पक्ष के रहमान खान उर्फ नोमान पुत्र नासिर, आसिफ पुत्र फारुख निवासी ग्राम संगमौर थाना चिलकाना को मेडिकल जांच के लिए भिजवाया गया है। तहरीर प्राप्त होने तथा मेडिकल जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# कथा के चौथे दिन कराया अमृतपान

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर स्थित जैन धर्मशाला में विश्व शांति मिशन के अंतर्गत रामकृष्ण सेवा समिति के तत्वाधान में चल रही श्री राम कथा के चौथे दिन कथा वाचक पंडित विपिन आनंद महाराज ने भगवान श्री रामचंद्र, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न के जन्म की कथा का वृतांत सुनाया।

उन्होंने बताया कि भगवान ने श्री राम के रूप में अवतार लेकर मानव धर्म की मर्यादाओं को स्थापित किया। माता पिता के प्रति पुत्र का, भाई के प्रति भाई का, प्रजा के प्रति राजा का, सेवक के प्रति स्वामी के कर्तव्य को समझाया। इन शिक्षाओं को स्वयं जीवन में चरित्रार्थ कर समाज को शिक्षा प्रदान की तथा पृथ्वी पर जन्म लेकर पृथ्वी की, सन्तो की, ब्राह्मणों की रक्षा कर मर्यादा पूर्ण जीवन व्यतीत करते हुए जनमानस को मर्यादा में रहकर कार्य करने की प्रेरणा दी। महाराज ने बताया कि मर्यादा में रहने के कारण ही भगवान श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। कथा में मुख्य यजमान सुरेंद्र सैनी, मुकेश सैनी, विनोद सैनी, पूनम सैनी, रक्षा देवी, कमलेश सैनी रहे। इस अवसर पर दिशा संस्थापक के एन तिवारी, रामनाथ सैनी, आनंद गुप्ता, अनिरुद्ध शर्मा, महावीर सिंह, मांगेराम धीमान, आशु सैनी, सुभम सैनी, राजीव सैनी, प्रिंस सैनी, सीताराम सैनी, भारती सैनी, हेमा सैनी, सुलेखा शर्मा मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया जनरल काउंसिल मीटिंग आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एवं रिटायरीज एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव कुमार जैन ने बताया कि 8 व 9 नवम्बर को एसोसिएशन की तृतीय त्रैवार्षिक आल इण्डिया जनरल काउंसिल मीटिंग का आयोजन सहारनपुर में किया जा रहा है, जिसमें अन्य प्रदेशों से भी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।



घंटाघर स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए राजीव कुमार जैन ने बताया कि 8 नवम्बर को एक भव्य पैदल यात्रा होगी जो कि मंडल कार्यालय पीएनबी शिवाजी नगर सहारनपुर से प्रारंभ होकर कमिश्नर आफिस तक जायेगी। सचिव उपेन्द्र कुमार शर्मा, के.डी.खेड़ा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पेंशनरों के लिए अलग वार्ता मंच की स्थापना करना, पेंशन अपडेशन में विशेष भत्ते को शामिल करते हुए एकीकृत पेंशन योजना का क्रियान्वयन किया जाये, पारिवारिक पेंशन में सुधार एवं कम्यूटेशन राशि की बहाली, महंगाई भत्ते का मुद्दा, त्याग पत्र देने वाले कर्मचारियों को त्याग पत्र की तिथि से पेंशन एवं अन्य सम्बद्ध मुद्दे, अनुग्रह राशि के सम्बन्ध में, कर्मचारी कल्याण निधि से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को होलीडे होम का आवंटन, चिकित्सा योजनाएं एवं जीएसटी, वर्ष 2020 में बैकों के विलय से उत्पन्न समस्याओं के निदान की मांग करना है। इसके लिए एसोसिएशन राष्ट्रीय समन्वय समिति पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एस. जी. मिश्रा को अवगत करायेगी तथा उनसे मांग करेगी की कि वे उनकी समस्याओं पर त्वरित गति से निदान करायेंगे। कार्यक्रम में नई दिल्ली से पीएनबी के कार्यकारी निदेशक डी.सुरेन्द्रन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। एच.के. मिगलानी एवं सतबीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में पीएनबी मेरठ के जोनल मैनेजर के.एस.राणा, पीएनबी सर्किल हेड ललित भाटिया, एसबीआई पेंशनर्स एसो.दिल्ली सर्किल के रविन्द्र गुप्ता, अखिल भारतीय पीएनबी स्टॉफ फैडरेशन के महामंत्री आर.के.शर्मा सहित भारी संख्या में पदाधिकारी पहुंचेगें। उन्होंने यह भी बताया कि संघ का पहला सम्मेलन जयपुर, दूसरा पटना और अब तीसरा सम्मेलन सहारनपुर में आयोजित किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में सतबीर सिंह, जयरथ एम.के., के.वी. वधावन मौजूद रहे।

# समाज को संदेश शगुन के तौर पर लिया 1 रुपया

शाह टाइम्स संवाददाता

**खेडा अफगान।** दहेज के लिए किस तरीके से लड़की पक्ष का उत्पीड़न किया जाता है यह लोगों ने कई बार देखा है। कई ऐसी घटनाएं हैं जिनमे दहेज की वजह से कई शादियां टूटी हैं। समय-समय पर दहेज के बहिष्कार के लिए पंचायतें भी होती रहती हैं।गुर्जर समाज में इन पंचायतों का काफी असर होता हुआ दिखाई दे रहा है। पिछले दो-तीन सालों में गुर्जर समाज से कई ऐसे परिवार निकलकर सामने आए हैं जिन्होंने शादी में शगुन के तौर पर केवल एक रुपया लिया है यानी इन परिवारों ने दहेज रहित शादी की है।गुर्जर समाज में आज भी बड़े बुजुर्गों का बहुत सम्मान है और नई पीढ़ी उनके फैसले के खिलाफ नहीं जा सकती।शिक्षा ने भी नौजवानों को जागरूक किया है। अभी हाल ही में देवबंद विधानसभा के गांव बिलासपुर में उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात नौजवान अभिषेक गुर्जर ने अपनी शादी में दहेज का विरोध करते हुए 11 लाख रुपये लेने से साफ इनकार कर दिया।अभिषेक ने शगुन के तौर पर केवल एक रुपया लिया।उन्होंने कहा कि बड़े बुजुर्गों के फैसले का वह सम्मान करते हैं।इसके साथ-साथ उन्होंने यह महसूस किया है कि दहेज एक बुराई है,एक अभिशाप है।इस बुराई को जड़ से समाप्त करनना होगा और इसके लिए युवा पीढ़ी को आगे आना होगा।अभिषेक गुर्जर इस समय हापुड़ में तैनात हैं और उनकी शादी देवबंद विधानसभा के ही गांव गांगनौली गुर्जर में सिमरन से हुई है।



आज से लगभग 15-20 साल पहले लड़के की शादी से एक दिन पहले जो मंढा होता था उसमें दाल चावल घी बुरे की दावत होती थी और उसमें पत्तल और कसोरो का इस्तेमाल किया जाता था,लोग नीचे टाट पट्टी पर बैठकर भोजन ग्रहण करते थे।लेकिन जैसे-जैसे समाज में आधुनिकता बढी तो यह पुरानी परंपरा भी समाप्त हो गई यानी जो शुद्ध खाना था उससे लोग वंचित होने लगे।गुर्जर समाज ने अपनी पंचायतों में यह निर्णय लिया कि वह अपनी पुरानी परंपरा को फिर से वापस लेकर आएंगे।देवबंद विधानसभा में तो कई ऐसे मंढे हो चुके हैं जिसमें दाल चावल,घी बुरे की दावत हुई है।अभिषेक गुर्जर ने भी अपना मंढा दाल चावल,घी बुरे से किया है।विस्वास आर्य,परविंदर प्रमुख,मास्टर मदनपाल,अमित शिवपुर,कुलदीप आर्य आदि ने अभिषेक गुर्जर और उसके परिवार की खूब प्रसंशा की है।लोगों का मानना है कि जिस तरीके से अभिषेक गुर्जर ने दहेज में मिले 11लाख रुपये वापस किए हैं और अपने मंढे में दाल चावल,घी बुरे का खाना बनवाया है तो इससे समाज में बड़ा सुधार होगा। नई पीढ़ी इससे प्रेरणा लेगी और लोगों को शादियों में बनने वाले जहर युक्त भोजन से भी छुटकारा मिलेगा।

# धूमधाम से मनाई गुरुनानक जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिहारीगढ़।** गुरुद्वारा तेग बहादुर सिंह साहिब गुरू सिंह सभा बिहारीगढ़ में गुरु नानक देव की 556 वी जयंती धूम-धाम से मनाई गई। तीन दिन पहले सोमवार को गुरुद्वारा मे अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ हुआ था, आज बुधवार को धार्मिक रीति रिवाज के साथ भोग पड़ा। जहां बड़ी संख्या में संगत ने गुरूद्वारा में पहुंचकर शब्द कीर्तन सुना और गुरुद्वारे का सामुहिक प्रसाद भी चखा।



गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से मिली जानकारी के मुताबिक तीन दिन पहले सोमवार को विधिवत गुरूद्वारा में अखण्ड पाठ साहिब शुरू हुआ था जहां संगत हर रोज शब्द कीर्तन सुनने पहुंची और धर्म लाभ कमाया। आज बुधवार को सुबह से ही गुरूद्वारा परिसर में दूर दराज से श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। जहां हुजुरी रागी जत्थों में शामिल ज्ञानी संजय सिंह, विपिन सिंह, रामसिंह और लाखनसिंह ने शब्द कीर्तन और गुरुवाणी का पाठ कर संगत को निहाल किया। इस दौरान दशमेश गुरूमुख विद्यालय के बच्चों सहित जसप्रीत और मनप्रीत की जोड़ी ने गुरुबाणी से सबको निहाल किया।

इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी बिहारीगढ़ के प्रधान सरदार गुरुदयाल सिंह, सरदार राम सिंह, सरदार जगत सिंह सिद्धू, शमशेर सिंह, सतीश सिंह, कंवर सिंह सिद्धू, सरदार कुलदीप सिंह, डॉक्टर रणवीर सिंह, अमरजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, डॉक्टर धनपत सिंह, बलबीर सिंह स्माटी आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त जन मौजूद रहे।

# भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**गंगोह।** श्री श्याम परिवार द्वारा आयोजित श्याम संकीर्तन में श्रद्धालुजन बाबा के भजनों पर देर रात तक नाचते गाते रहे।

शुरुआत गणेशादि पुजन से हुई। पूजन कार्य सचिन गोयल, कुलदीप सिंहल, सचिन बंसल, रजत अरोरा द्वारा सपरिवार की गई। झंडा पूजन महंत सुशील शर्मा व ज्योत प्रदीप गोयल अनीता गोयल द्वारा प्रज्जवलित की गई। गणेश वंदना सुधीर सिंघल व बालाजी वंदना शिवम् मितल ने की। अतिथि गायकों ज्योतिपाल मप्र, आशीष शर्मा ग्वालियर, किशोर वर्मा दिल्ली व दुर्गेश दिल्ली ने भजनों से बाबा को रिझाया। संचालन पीयूष गोयल ने किया, बांके बिहारी सेवा समिति एवं नामदेव फाइनेंस ने प्रसाद वितरण की कमान संभाली। इस अवसर पर रवि शंकर गर्ग, वैभव अग्रवाल, हैप्पी जिन्दल, नीरज मित्तल राकेश गोयल, दिशु नामदेव, अशोक गर्ग,मौजूद रहे।

# डिजायर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिहारीगढ़।** क्षेत्र के गाँव गणेश.पुर में शुक्रवार को ऐसा दर्दनाक हादसा हुआ जिसने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया।

जानकारी के अनुसार, सुदेश सिंह पुत्र सुरेन्द्र राणा, निवासी गणेश.पुर, अपनी बहन की शादी का सामान लेकर बाइक से बिहारीगढ़ से वापस लौट रहा था। जैसे ही वह गणेशपुर फ्लाईओवर पर पहुँचा, तभी सामने से तेज रफ्तार आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुदेश सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सुदेश सिंह पिछले कई वर्षो से होशियारपुर के गुरुद्वारे में नौकरी कर रहा था। आज वह अपनी चाचा की बेटी की शादी के लिए खघ्रीदा गया सामान लेकर खुशी-खुशी घर लौट रहा था, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। खुशियों से भरे घर में कुछ ही पलों में मातम छा गया। जहां सुबह तक घर में बैंड-बाजे और शादी की तैयारियों की चर्चा थी, वहीं अब रोते-बिलखते परिजनों की चीखें गूंज रही हैं।

हादसे की सूचना मिलते ही थाना बिहारीगढ़ पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजने को तैयार थे लेकिन मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

गाँव गणेशपुर में हर आंख नम है जिस बेटे के हाथों में बहन की डोली उठनी थी, अब उसी के लिए पूरा गाँव कंधा देकर आया है।

## दुष्कर्म मामले का आरोपी दबोचा

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में संलिप्त एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विगत तीन नवम्बर को वादिया की तहरीर पर मोहसीन पुत्र मसीह निवासी इन्द्रा चौक टावर वाली गली 62 फुटा रोड ने उसे झांसा देकर नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोशी की हालत में दुष्कर्म करने व पांच लाख रूपए लेकर वापस न देने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने वादिया की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। आज मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी व उपनिरीाक विकास तामर के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाह करते हुए आरोपी मोहसिन पुत्र वसीम अहमद निवासी इन्द्रा चौक बरेलियो का मदरसा टावर वाली गली कोतवाली मंडी को चिलकाना रोड की तरफ मैन गेट से गिरफ्तार कर लिया।

# शोभित में वंदेमातरम पर कार्यक्रम

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं के साथ साथ शिक्षकों ने भी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट एंड लैंग्वेजेज विभाग की डीन एंड हेड प्रो. डॉ. गुंजन अग्रवाल ने छात्र छात्राओं को बताया कि हमारा राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्, जिसे बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 1870 के दशक में लिखा था, केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति समर्पण, प्रेम और गौरव की अमर अभिव्यक्ति है। आज जब इस गीत के 150 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, यह अवसर हमें उसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक महत्व को पुनः स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। डॉ. करुणा अग्रवाल ने "सारे जहाँ से अच्छा" गीत प्रस्तुत किया। देशभक्ति के गीतों से गूंज उठा, जब छात्र छात्राओं ने "मेरे देश की धरती सोना उगले" गीत को सुरमय अंदाज में प्रस्तुत किया। समन्वयक विकास चौधरी व जूही अग्रवाल ने भी अपने विचार प्रस्तुत किया।

कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह व कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजकों को अनेक शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा कि आज 150 वर्ष बाद भी इसकी प्रासंगिकता बनी हुई है। यह हमें याद दिलाता है कि भारत की एकता, अखंडता और समृद्धि हमारे समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा से ही संभव है। 'वंदे मातरम्' हमें अपनी संस्कृति, अपनी मातृभूमि और अपने मूल्यों के प्रति गर्व महसूस करने की प्रेरणा देता है। अंत डीन एंड हेड ने कुलपति व कुलसचिव का आभार व्यक्त किया।

# कुत्तों के आतंक से दहशत में लोग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नकुड़।** नगर व क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या गंभीर समस्या का रूप ले चुकी है। झुंड बनाकर घूम रहे इन कुत्तों के आतंक से लोग हर दिन दहशत में जीने को मजबूर हो रहे हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों, सुबह टहलने वालों, महिलाओं व राहगीरों पर अक्सर इन कुत्तों के हमले का खतरा बना रहता है।



इन आवारा कुत्तों के आतंक से देहात क्षेत्रों में लोग दरवाजे से बाहर निकलने से मौजूदगी व गैर मौजूदगी को देखकर ही कदम आगे रखते हैं। नगर वासियों का कहना है कि नगर में मांसाहारी कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ये कुत्ते 8 से 10 तथा कई बार 15 से 20 की संख्या में एक साथ सड़कों पर घूमते दिखाई देते हैं। बाइक सवारों का पीछा करना, अचानक भड़ककर हमला करना और छोटे बच्चों को डराने जैसी घटनाएं आए दिन बढ़ रही हैं। कुत्तों के आक्रामक व्यवहार के चलते आम जनजीवन बाधित हो रहा है। नगर वासियों महफूज, फुरकान, अखलाक, शुएब, अनवर, राशिद, याकूब, इकबाल, अ.सलाम, मोहित, सुरेश, छोटा आदि ने इस बढ़ते खतरे पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। नगर वासियों का कहना है कि यदि स्थिति पर समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में गंभीर हादसे सामने आ सकते हैं। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से जल्द से जल्द विशेष अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ने व वैक्सीनेशन की प्रक्रिया शुरू करने तथा संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त कार्यवाही सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# चिलकाना व छुटमलपुर में छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** महिला मिशन शक्ति टीम ने मिशन शक्ति फेज 05 के तहत छात्राओं से संवाद स्थापित कर उन्हें उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

शुक्रवार को मिशन शक्ति इंचार्ज महिला एसआई सुमन की अगुवाई में महिला आरक्षी मनिता ने नगर के मुख्य चौराहों पर छात्राओं से संवाद स्थापित किये इस दौरान आरक्षी मनिता ने छात्राओं को सरकारी योजनाओ, सायबर फ्रॉड तथा उनकी सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए उनका हौंसला बढ़ाया।

रास्ते से आने जाने वाली सभी छात्राओ को विभिन्न महिला हेल्पलाइन नम्बरों जैसे कि वूमेन पावर लाइन, आपातकालीन पुलिस सेवा तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर आदि की जानकारी देते हुए पम्पलेट भी वितरित किये गए।

**छुटमलपुर।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत एंटी रोमियो स्क्वायड प्रभारी मिथिलेश राठौर ने अपनी टीम के साथ कस्बे में जमीनी स्तर पर बड़ा अभियान चलाया।

बाजार की चहल-पहल, शिक्षण संस्थानों की भीड़ और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर उन्होंने महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा तथा कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया।मिथिलेश राठौर ने साफ शब्दों में समझाया कि किसी भी प्रकार की छेड़खानी, उत्पीड़न, स्टॉकिंग या संदेहास्पद गतिविधि दिखे तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1090 (महिला पावर लाइन), 112 (इमरजेंसी), 181 (महिला हेल्पलाइन) और 1098 (चाइल्ड लाइन) पर संपर्क करें। "ये नंबर 24 घंटे सक्रिय हैं और गोपनीयता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं," उन्होंने जोर देकर कहा। साथ ही आत्मरक्षा की कुछ बुनियादी तकनीकें भी सिखाईं, ताकि आपात स्थिति में महिलाएं खुद को सुरक्षित रख सकें।थाना प्रभारी विनय शर्मा के नेतृत्व में टीम ने युवाओं से विशेष अपील की कि महिलाओं के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना अपनाएं। "महिलाएं अगर सजग रहें और समाज सहयोग करे, तो अपराधों को जड़ से रोका जा सकता है," मिथिलेश





राठौर ने कहा अभियान के दौरान स्कूलों में लड़कियों को विशेष सत्र लिए गए, जहां उन्हें साइबर सुरक्षा, गुड टच-बैड टच और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया समझाई गई।स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों और महिलाओं ने मिथिलेश राठौर की इस सक्रियता की जमकर तारीफ की। एक महिला व्यापारी ने कहा, "पहले बाजार में अकेले आने में डर लगता था, अब पुलिस की मौजूदगी और जागरूकता से आत्मविश्वास बढ़ा है।

छात्राओं ने भी हेल्पलाइन नंबर नोट किए और वादा किया कि कोई गलत हरकत दिखी तो तुरंत सूचना देंगी। मिशन शक्ति 5.0 का यह प्रयास अब केवल अभियान नहीं, बल्कि समाज में महिला सुरक्षा की नई संस्कृति का प्रतीक बन रहा है।

मिथिलेश राठौर जैसे अधिकारी की जमीनी मेहनत से छुटमलपुर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सकारात्मक माहौल बन रहा है।

# एनसीसी के 10 दिवसीय शिविर का शुभारंभ

**गंगोह।** हिंदू राष्ट्रीय इंटर कालेज में 86 यू पी बटालियन एनसीसी के 10 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। पहले दिन ग्रुप डिस्कशन, पी टी, ड्रिल आदि का अभ्यास कराया गया।

शिविर का शुभारंभ बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल कुमार गौरव व कालेज के प्रधानाचार्य विजय कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद एनसीसी की प्रासंगिकता और भी बढ़ी है तथा कैडेट्स को कैंप के दौरान सिखाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों को बड़े ध्यान से सीख कर देश और समाज के विकास में अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहिए। कैंप एडजुडेंट कैप्टन गौरव मिश्रा ने कैडेट्स को भारतीय सेवा के विभिन्न आयामों से परिचित कराया। विशेष कैंप प्रभारी कैप्टन अखिलेश श्रीवास्तव ने कैडेट्स का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि वह देश की सेवा में अपना अमूल्य योगदान दे सकते हैं। शिविर के पहले दिन कैडेट्स को ग्रुप डिस्कशन, पी टी, ड्रिल आदि का अभ्यास कराया गया। हवलदार जगदीश सिंह, संजय सैनी ने प्री आरडीसी के बच्चों को विशेष अभ्यास कराया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट आकाश जैन, लेफ्टिनेंट संदीप मोगा, डॉ अनिल जोशी, डॉ जैनेश, डॉ अरुण शर्मा, सूबेदार मेजर नीरज सिंह, संजय भट्ट, गुरनाम सिंह, राजेंद्र सिंह, सुहेल अहमद, नवीन गुप्ता, परविन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर लगाने गई विद्युत टीम का लोगो ने किया विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विद्युत निगम द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का उपभोक्ता लगातार विरोध कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को तल्हेड़ी चुंगी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची निगम की टीम को लोगों के लोगों के विरोध के चलते बेरंग लौटना पड़ा। इस दौरान विरोध कर रहे उपभोक्ताओं ने निगम के अधिकारियों पर भेदभाव करने का भी आरोप लगाया।

विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता मृत्यंजय शाही तल्हेड़ी चुंगी क्षेत्र में अपनी टीम के साथ स्मार्ट मीटर लगाने के लिए गए थे। लेकिन यहां पर लोगों ने उत्तर प्रदेश में विद्युत दरें बेहद मंहगी होने और स्मार्ट मीटर द्वारा अधिक बिल जनरेट करने की बात कहते हुए टीम का विरोध शुरू कर दिया। जिसके चलते टीम को वापस लौटना पड़ा। एक्सईएन मृत्यंजय शाही ने विरोध कर रहे उपभोक्ताओं को समझाने का प्रयास भी किया लेकिन लोग नहीं माने। इस दौरान पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। स्मार्ट मीटर का विरोध कर रहे उपभोक्ता रहीम, संजीव, अब्दुल बारी, मांगा आदि ने आरोप लगाते हुए कहा कि निगम अधिकारी स्मार्ट मीटर लगाने में भेदभाव बरत रहे हैं। सबसे पहले यह मीटर विद्युत निगम के दफतर के आस पास मौजूद कालो. नियों और रेलवे रोड पर लगने चाहिए लेकिन अधिकारी अपनी नाक के नीचे की कालोनियां छोडकर जबरन अन्य क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने का प्रयास कर रहे हैं। कहा कि आसमान छू रही मंहगाई से जनता बेहाल है ऊपर से उत्तर प्रदेश में विद्युत दरें सबसे मंहगी है। स्मार्ट मीटर लग जाने पर लोगों पर और अधिक बोझ बढ़ेगा क्योंकि इसकी रीडिंग सही नहीं होती है।






# बीएलओ ने लोगो को वितरित किए गणना प्रपत्र, असमंजस में लोग

**देवबन्द।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) ने घर-घर जाकर लोगों को गणना प्रपत्र बांटे। प्रपत्र भरने को लेकर लोग असमंजस की स्थिति में है। उनका मानना है कि इस प्रक्रिया में अधिक स्पष्टता और दिशा-निर्देशों की आवश्यकता है ताकि नागरिकों को सही जानकारी मिल सके।

बीएलओ ने घर घर जाकर लोगों को गणना प्रपत्र वितरित किए। इस दौरान लोग प्रपत्र भरने को लेकर असमंजस की स्थिति में दिखाई दिए, अधिकांश लोग तो फार्म मिलने के बाद उन्हें भरवाने के लिए इधर उधर दौड़ पड़े। हालांकि बीएलओ प्रपत्र वितरित करने के साथ ही लोगों को उसके बारे में समझा भी रहे हैं। लेकिन जागरूकता की कमी की वजह से यह प्रक्रिया लोगों की समझ नहीं आ रही है। मोहल्ला खानकाह निवासी अब्दुल रहीम ने बताया कि फार्म तो ले लिया लेकिन इसमें क्या भरना है यह समझ नहीं आ रहा है। मोहम्मद कलीम ने बताया कि फार्म भरवाने के लिए कई जगह गए लेकिन कोई भी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल रही। बीएलओ मोहम्मद खालिद ने बताया कि गणना प्रपत्र में आधार संख्या, जन्म तिथि, माता पिता का नाम और उनका एपिक नंबर, पति या पत्नी का नाम, मोबाइल नंबर, माता-पिता का नाम व उनका एपिक नंबर भरना होगा। साथ ही वर्तमान फोटो चस्पा करनी होगी। कहा कि जल्द ही लोगों को इस प्रक्रिया के बारे में जागरुक किया जाएगा।



# स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल के छात्रो ने किया नए व पुराने संसद भवन का भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने देश की राजधानी दिल्ली पहुंच कर पुराने और नए संसद भवन का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सर्वोच्च विधायी प्रक्रिया और दुनिया के सबसे बड़े और मजबूत लोकतंत्र के बारे में जानकारी हासिल की।

स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक साद सिद्दीकी व सह प्रबंधक अहमद सिद्दीकी ने संयुक्त रुप से जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल के 150 छात्रों और शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने देश के नए और पुराने संसद भवन का विशेष शैक्षणिक दौरा किया। इसका उद्देश्य छात्रों को सर्वोच्च विधायी प्रक्रिया और भारत के समृद्ध लोकतांत्रिक इतिहास से परिचित कराना था। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक दौरे छात्रों को किताबी ज्ञान से परे जाकर वास्तविक दुनिया के अनुभव प्रदान करते हैं, जिससे वह देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को करीब से समझ सकें। उन्होंने संसद भवन के भ्रमण कार्यक्रम में विशेष सहयोग के लिए सहारनपुर सांसद इमरान मसूद का आभार जताया।



# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर हुए कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शिक्षण संस्थाओं में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस दौरान हुई संगोष्ठियों में कहा गया कि वंदे मातरम गीत हमारी राष्ट्रीय एकता एवं सांस्कृतिक महत्व को दर्शाता है।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुए कार्यक्रम की शुरुआत में छात्रों ने सामूहिक रूप में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का वाचन किया। प्राचार्य प्रो. अतुल शर्मा ने कहा कि वंदे मातरम हमारी आजादी की गौरव गाथा के संदेश भाव का प्रेरणा गीत है। डा. टीना व डा. कुसुमलता ने कहा कि वंदे मातरम गीत भारत माता की गौरव गाथा, शक्ति और कृपा को उजागर करता है। इसके प्रत्येक शब्द के गहरे मायने हैं। डा. गौरव बालियान, राकेश कुमार, विश्वास चंद, लोकेश शर्मा, राजीव कुमार मौजूद रहे। राजकीय माडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर में हुए कार्यक्रम में प्राचार्य डा. राकेश कुमार व डा. मदनपाल सिंह ने कहा कि वंदे मातरम न केवल भारत के स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरणास्रोत रहा है बल्कि यह भारतीय संस्कृति की आत्मा और नारी शक्ति का प्रतीक भी है। डा. त्रिसुख सिंह, डा. रेनू रानी, डा. धीर सिंह व डा. सचिन कुमार शामिल रहे।



# दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर एवं राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, चांदपुर के संयुक्त तत्वावधान में लिन्कन यूनिवर्सिटी कॉलेज, मलेशिया के सहयोग से एक अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया।

यह इंटरनेशनल समिट ऑन एम्पावरिंग डेवलपमेंट थ्रू इंजीनियरिंग, साइंस एंड मैनेजमेंट टुवड्र्स सस्टेनेबल फ्यूचर (IS-EDESM 2025)" शीर्षक के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. एम आर वर्मा, प्रो. जे.पी. पांडे व विशिष्ट अतिथि प्रो. संदीप पोद्दार (डिप्टी वॉइस चांसलर लिन्कन यूनिवर्सिटी कॉलेज, मलेशिया) व डॉ. एनपीएस नारंग, प्रो. पीके गर्ग (IIT Roorkee) रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज कोषाध्यक्ष श्रीमती स्वाति वीरा एवं मुख्य अतिथि प्रो. एमआर वर्मा व विशिष्ट अतिथि प्रो. संदीप पोद्दार व डॉ. एनपीएस नारंग, प्रो. पीके गर्ग, कॉलेज निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने माँ सरस्वती को दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया।

इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य 'इंजीनियरिंग, साइंस एवं मैनेजमेंट के माध्यम से सतत विकास की दिशा में सशक्तिकरण' विषय पर विचार-विमर्श करना है।

प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने बताया कि यह कार्यक्रम हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) दोनों माध्यमों में आयोजित किया गया, जिससे देश-विदेश के शोधार्थी, शिक्षाविद् एवं उद्योग विशेषज्ञ ने भाग लिया। यह International Summit विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करेगा तथा अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं प्रबंधन की नवीन तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ. लो. केश कुमार अग्रवाल ने कॉन्फ्रेंस के सफल आयोजन हेतु सभी का आभार व्यक्त किया।



# जामिया तिब्बिया कालेज में हुआ कार्यक्रम, यूनानी पद्धति के प्रचार प्रसार का आहवान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जामिया तिब्बिया कालेज में कार्यक्रम आयोजित कर नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। इस दौरान यूनानी पद्धति के बारे में विस्तार से चर्चा करते इसके प्रचार प्रसार का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजमल खान तिब्बिया कालेज के डीन प्रो. उबैदुल्लाह खान ने कहा कि यूनानी पद्धति में सभी रोगों का इलाज संभव है। हमें यूनानी पद्धति के प्रचार प्रसार के लिए हमेशा अग्रसर रहना चाहिए। प्रो. अनीस अहमद ने कहा कि ब्लड सप्लाई और दिमाग संबंधी रोगों पर विस्तार से व्याख्यान दिया। इस दौरान कालेज के सीनियर विद्यार्थियों ने प्रवेश लेने वाले नए छात्रों का स्वागत किया। कालेज के सचिव डा. अख्तर सईद ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर कालेज का समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं शामिल रहा।



# ट्रैक्टर के नीचे दब कर युवक की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम कुआंखेड़ा खदरी में युवक की खेत में कृषि कार्य करते समय ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत हो गई। स्वजन ने बिना किसी कार्यवाही के मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम कुआंखेड़ा खदरी निवासी गुरबक्श सिंह (23 वर्ष) पुत्र अमरजीत सिंह शुक्रवार की सुबह खेत पर ट्रैक्टर से कृषि कार्य कर रहा था। तभी अचानक वह ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर से उतर गया। पहिये के नीचे दबकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। खेत पर कार्य कर रहे अन्य लोगों ने घटना की जानकारी स्वजन को दी। स्वजन घायल को गंभीर अवस्था में अफजलगढ़ सीएचसी ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही गुरबक्श की मौत हो गई। घटना से स्वजन में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंदर कुमार ने बताया कि स्वजन ने कार्यवाही से इंकार करते हुए तहरीर दी है। गुरबक्श अविवाहित था और चालक था।



# अवध शुगर मिल में पेराई सत्र का शुभारंभ

## किसानों को कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी: चौ. सुखवीर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** बिरला ग्रुप की प्रसिद्ध अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड यूनिट स्योहारा में वर्ष गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ विधि-विधान एवं हवन-पूजन के साथ किया गया।

मिल परिसर में पंडित राकेश शर्मा एवं पंडित देवीदत्त के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अधिशासी अध्यक्ष चौ. सुखवीर सिंह, उपाध्यक्ष सुशील कुमार, उपाध्यक्ष (वित्त एवं लेखा) मुकेश मिश्रा, उपाध्यक्ष (तकनीक) दिनेश चौहान, उपाध्यक्ष (उत्पादन) वी.के. शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष (गन्ना मार्केटिंग) प्रमोद कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष (गन्ना विकास) डॉ. रजनीश कुमार, डिस्टिलरी हेड जे.के. सिंह, एच.आर. प्रमुख विवेक श्रीवास्तव, राजेश शर्मा एडवोकेट, इंजीनियर प्रमोद कालिया, वीर सिंह पुंडीर (आईटी हेड), गन्ना सहकारी समिति स्योहारा के विशेष सचिव प्रदीप शर्मा तथा अमित कुमार पांडे (एएसडीआई) सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं किसान मौजूद रहे। पूजन के उपरांत सभी गणमान्य जनों ने प्रतीकात्मक रूप से गन्ना चेन में डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर चौधरी फहीमुर्रहमान, भाजपा नेता डॉ. विनीत देवरा, किसान नेता चौ. गजेन्द्र सिंह टिकैत, चेयरमैन गन्ना समिति स्योहारा सुशील कुमार उर्फ बंटी, चेयरमैन धामपुर रामवीर सिंह, चेयरमैन नूरपुर अमित चौधरी, ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, चौ. महावीर सिंह, डॉ. अभय वीर ढाका, पृथ्वी सिंह, कुलदीप चिकारा, यशवंत सिंह, सुरेंद्र सिंह, चौ. हुकुम सिंह, चौ. श्याम सिंह अहलावत, महिपाल सिंह, लोकेंद्र सिंह, निखिल चौधरी, खुर्शीद खां, चौ. शकील अहमद, हाजी जुल्फिकार आदि सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

मिल प्रशासन की ओर से सबसे पहले गन्ना तुलवाने वाले किसान (कुरी फार्म) को सम्मानित करते हुए उन्हें कंबल, नगद राशि और बैलों की झूल भेंट की गई।

इस अवसर पर मिल के अधिशासी अध्यक्ष चौ. सुखवीर सिंह ने कहा कि मिल में गन्ना लाने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। गन्ना संबंधित सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मिल प्रबंधन किसानों के साथ तालमेल बनाकर अधिकतम सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। गन्ना पेराई सत्र शुरू होने से किसानों में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा। सभी ने मिल की समय पर शुरुआत पर प्रसन्नता व्यक्त की।



# रोडवेज बस में बैग से नकदी उड़ाई

**नहटौर।** जिला अमरोहा के कस्बा सेदनंगली के मौहल्ला मदीना मस्जिद निवासी फहीम अहमद पुत्र मौहम्मद अजहर अपनी ससुराल कोतवाली देहात के मुमताज कॉलोनी से अपनी पत्नी के साथ कोतवाली देहात से रोडवेज बस में बैठकर अमरोहा जा रहा था। नहटौर के आसपास रोडवेज बस में रखे बैग से अज्ञात लोगों ने रुपए 4500 व चांदी की पाजेब साफ कर दी। पता चलने पर नहटौर में हल्दौर पुलिस चौकी पर दम्पत्ति ने शिकायत की। शिकायत पर पुलिस कार्रवाई में जुट गई। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# जमीन के पट्टों को लेकर समीक्षा बैठक

**बिजनौर।** जनपद के तहसील धामपुर और तहसील नगीना के कुछ ग्रामों में रह रहे तथाकथित विस्थापित लोगों को भौमिक अधिकार देने की पूर्व से चल रही मांग के संबंध में कल प्रमुख सचिव राजस्व रणवीर प्रसाद जनपद में आए थे। उनके द्वारा कल रात्रि में जनपद के और दोनों तहसीलों के सभी अधिकारियों के साथ और सभी संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक की गई, रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया और आज मदपूरी ग्राम में आसपास के अन्य प्रभावित ग्रामों के ग्राम वासियों के साथ वार्ता कर समस्या को जाना गया। प्रमुख सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी प्रभावित ग्रामों में एक विस्तृत सर्वे कर लिया जाए। शासन स्तर पर उक्त बिंदुओं के परिप्रेक्ष्य में अग्रेत्तर निर्णय लिया जाएगा।

# यातायात संबंधित निर्देश दिए

**हीमपुर दीपा।** यातायात नवंबर माह के मद्देनजर पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह ने हीमपुर दीपा थाने पहुंचकर थाना क्षेत्र के दर्जनों ड्राइवरों, स्कूल प्रबधकों व रिक्शा चालकों को यातायात के प्रति सचेत किया। उन्होंने यातायात वाहनों की फिटनेस, उन्हें लिमिट स्पीड में चलाने, ड्रावरो की वेरिफिकेशन कराने, वाहनों को सर्टिफाइड कराने आदि संबंधित वाहन चाल. कों व स्कूल प्रबंधकों को निर्देश दिये। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि हम सबको मिलकर अपनी अपनी जिम्मेदारी निभानी है, तभी सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता हैं। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में वेवजह सैकड़ों लोगों की जान रोज चली जा रही है, इन पर अंकुश लगाने के लिए वाहन चालकों को और सजगता की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि अब स्कूली वाहन चालकों अथवा सरकारी वाहन चालकों सभी का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाएगा। साथ ही उसके विषय में क्षेत्र में भी पता किया जाएगा। यदि उस पर कोई आपराधिक मुकदमा है अथवा वह नशेड़ी व्यक्ति है तो ऐसे व्यक्ति को क्षेत्र में सार्वजनिक वाहन चलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बड़ी संख्या में ड्राइवरों व स्कूल प्रबंधकों के थाने पहुंच कर बैठक में शामिल होने पर आभार व्यक्त किया।

# थाना परिसर में 'वंदे मातरम' का गायन

**शेरकोट।** थाना शेरकोट परिसर में एक विशेष राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने भारत माता के सम्मान में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन किया। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने इस अवसर पर पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस का पहला धर्म राष्ट्र सेवा है। उन्होंने कहा कि हर पुलिसकर्मी को देश, संविधान और राष्ट्रीय सम्मान के प्रति समर्पण की भावना को सदैव हृदय में जीवित रखना चाहिए। उनके अनुसार, 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह देश की आत्मा और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है।

# हॉकी के सौ वर्ष पूर्ण होने पर नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** हॉकी खेल के 100 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला खेल कार्यालय द्वारा नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक दिवसीय जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ सम्पन्न हुई।

इस प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार एवं वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन अवसर पर राजकुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हॉकी केवल एक खेल नहीं, बल्कि यह हमारे देश की गौरवशाली खेल संस्कृति और एकता का प्रतीक है। युवा खिलाड़ियों को चाहिए कि वे अनुशासन और टीम भावना के साथ खेलें और देश का नाम रोशन करें। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों और खेल संस्थानों की टीमों ने भाग लिया।

फाइनल मुकाबले में स्टेडियम ए की टीम ने स्टेडियम बी को रोमांचक संघर्ष में 6-5 से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से वि. के. त्यागी, खालिद इसरार, अचल महर्षि, सरदार अली, विकास अग्रवाल, विजेंद्र सिंह, विकल महर्षि, अफसर, मनोज गुप्ता, फुरकान, सुरेंद्र राणा, शबनम जैदी, बबीता शर्मा, शकील अहमद, राजेश कुमार, कपिल सैनी, सहनवाज आलम, नगमा, अभिनव वाल्टर, विजय कुमार, मुसब्बर, फरहत अली, महेश विश्नोई, फगेंद्र पाल सिंह, मिथिलेश और अभिनव शर्मा रजत शर्मा शामिल रहे।

# रैंडम पद्धति से क्रॉप कटिंग

**चांदपुर।** ग्राम अकबरपुर जोजा में रैंडम पद्धति से चयनित प्लॉट की क्रॉप कटिंग सफलतापूर्वक कराई गई। यह गतिविधि गन्ना विभाग और स्थानीय चीनी मिल के संयुक्त प्रयासों की सफलता को दर्शाती है जिसके कारण गन्ने की पेड़ी फसल में अच्छी उपज दर्ज की गई है। क्रॉप कटिंग के दौरान कृषक हृदेश रानी के खेत पर पेड़ी प्रजाति 0238 की उपज 1020 क्विंटल प्रति हेक्टेयर दर्ज की गई। इसी प्रकार कृषक विभाष देवी के खेत पर भी इसी प्रजाति की उपज 920 क्विंटल प्रति हेक्टेयर दर्ज की गई। इस उत्कृष्ट उपज से यह संकेत मिलता है कि इस क्षेत्र में पेड़ी की उपज बहुत अच्छी हुई है, जिससे आगामी पेराई सत्र में चीनी मिलों को गन्ने की अच्छी मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस अभियान में गन्ने के दो प्रमुख शत्रु रेड रॉट (लाल सड़न) और टॉप बोरर (चोटी बेधक) के नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया गया था। समस्या नियंत्रण हेतु मुख्य उपाय के बारे में बताते हुए कहा कि रेड रॉट (लाल सड़न) ट्राइकोडर्मा (जैविक फफूंदनाशी), थियोफिनेट मिथाइल (रासायनिक फफूंदनाशी) और बीज शोधन, ट्राइकोडर्मा] मिट्टी जनित फफूंद को नियंत्रित करने में सहायक है, जबकि थियोफिनेट मिथाइल रोग के प्रसार को रोकता है।

# राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन

**चांदपुर।** शासन के निर्देशानुसार गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन अत्यंत गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम ठीक प्रात: 9 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगीत गायन के दौरान विश्राम की मुद्रा में खड़े होकर राष्ट्रगीत के प्रति अपना असीम सम्मान और श्रद्धा प्रकट की। इस अवसर पर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्रगीत के गहरे शाब्दिक अर्थ और उसके महत्व को विस्तार से समझाया।

# ब्रिस्बेन में सीरीज कब्जाने उतरेगा भारत

● भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का आखिरी मैच धमाकेदार होने के आसार

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** शनिवार को गाबा में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का आखिरी मैच धमाकेदार होने वाला है, जहां भारत 2-1 की मामूली बढ़त के साथ उतरेगा। दांव आसमान छू रहे हैं, और जहां ऑस्ट्रेलिया सीरीज बराबर करने के लिए पूरी ताकत झोंक देगा, वहीं भारत आत्मविश्वास के साथ इस निर्णायक मैच में सीरीज कब्जाने उतरेगा।

ऑस्ट्रेलिया के सामने एक कठिन चुनौती है। ट्रैविस हेड और जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति में उनकी आक्रामक क्षमता कमज़ोर पड़ गई है। मिशेल मार्श को मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल के साथ मिलकर भारत के खिलाफ आक्रमण की कमान संभालनी होगी। गेंदबाज़ी में, नाथन एलिस और एडम जम्पा पर भारत की मजबूत लाइनअप को ध्वस्त करने की ज़िम्मेदारी होगी।



गाबा में यह एक जानी-पहचानी कहानी है। घरेलू मैदान का फायदा मायने रखता है, लेकिन भारत इस दौरे में किसी भी तरह का समझौता नहीं कर रहा है। इस बीच, भारत लय में है। अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने धमाकेदार प्रदर्शन किया है, जबकि शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव क्रीज पर संयम बनाए हुए हैं। वाशिगटन सुंदर और जितेश शर्मा जैसे निचले क्रम के बल्लेबाज जरूरत पड़ने पर अपनी रणनीति बदल सकते हैं। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह अगुआ बने हुए हैं और किसी भी साझेदारी को ध्वस्त करने में सक्षम हैं। इतिहास बताता है कि गाबा लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम के पक्ष में है। पिछले पांच घरेलू टी-20 मुकाबलों में सभी मैच बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम के नाम रहे हैं, और 180-190 के प्रतिस्पर्धी स्कोर के साथ, टॉस निर्णायक हो सकता है। खासकर जब बादल छाए हों और गरज के साथ बारिश हो सकती हो। उम्मीद है कि कप्तान नई गेंद का इस्तेमाल करेंगे। अगर भारत पावरप्ले में अपनी क्षमता साबित कर सके और ऑस्ट्रेलियाई टीम को बैकफुट पर रख सके, तो उसके पास सीरीज़ 3-1 से अपने नाम करने का अच्छा मौका है। ऑस्ट्रेलिया को मैच में बने रहने के लिए शुरुआती सफलताओं और मार्श तथा डेविड के दमदार योगदान की जरूरत होगी। दोनों टीमें जीत की भूखी हैं, ऐसे में प्रशंसक ब्रिस्बेन की रोशनी में एक रोमांचक टी-20 मैच की उम्मीद कर सकते हैं।

**भारत:** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, वाशिगटन सुंदर, जितेश शर्मा, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, रिकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, हर्षित।

**ऑस्ट्रेलिया:** मिशेल मार्श, मैथ्यू शॉर्ट, जोश इंगलिस, टिम डेविड, जोश फिलिप, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, बेन ड्वार्शुइस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, एडम जम्पा, मिशेल ओवेन, मैथ्यू कुहनेमन, तनवीर संघा, महली बियर्डमैन।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आईसीसी बैठक में पहुंचे पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन

**दुबई, वार्ता।** सभी तरह की अटकलों को विराम देते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आज हो रही बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे। एशिया कप में विजेता भारतीय टीम को ट्रॉफी नहीं सौंपने के मुद्दे के बीच आज मोहसिन नकवी दुबई में स्थिति आईसीसी के मुख्यालय पहुंचे। नकवी हाल ही में आईसीसी बैठक से दूर रहे हैं, जिसमें जुलाई में सिगापुर में हुई सालाना कॉन्फ्रेंस भी शामिल है। इसलिए इस बार भी उनके आने को लेकर संदेह था। पीसीबी के प्रमुख पर हाल ही में भारत द्वारा जीती गई एशिया कप ट्रॉफी अपने पास रखने का आरोप है। वह आज अपरान्ह आखिरी मिनट में आईसीसी की बैठक में पहुंचे। ऐसा माना जा रहा है कि बैठक में अनसुलझे मुद्दे पर चर्चा चल रही थी।

### स्पोर्ट्स मिनिस्टर इलेवन ने जीता प्रदर्शनी मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हुए प्रदर्शनी मुकाबले में स्पोर्ट्स मिनिस्टर इलेवन ने हॉकी इंडिया इलेवन को 3-1 से हराया। यहां आयोजित समारोह के दौरान में पुरुष एफआईएच हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 टूर्नामेंट की ट्रॉफी का अनावरण किया गया। यह टूर्नामेंट 28 नवम्बर से 10 दिसंबर तक तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै शहरों में खेला जाएगा। इस अवसर पर तमिलनाडु के खेल मंत्री उदय निधि मारन, केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया , अंतर्राष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष दातो तैयब इकराम मौजूद थे।

## टी-20 विश्व कप के लिए वेन्यू तय

● भारत में पांच और श्रीलंका में तीन स्थानों पर होंगे मुकाबले



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए आईसीसी ने अहमदाबाद, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता को भारत के पांच वेन्यू के तौर पर तय किया है।

कैंडी और कोलंबो श्रींलका के तीन में से दो वेन्यू होंगे जबकि एक अन्य वेन्यू अभी तय नहीं किया गया है। यह टूर्नामेंट संभावित तौर पर 7 फरवरी से शुरू होगा जबकि इसका फाइनल 8 मार्च को अहमदाबाद में खेला जा सकता है। टूर्नामेंट शुरू होने में अब तीन महीनों का समय बचा है और आईसीसी अगले हफ्ते तक इसका कार्यक्रम जारी कर सकता है। बीसीसीआई और पीसीबी के बीच पहले से तय समझौते के आधार पर पाकिस्तान अभी सभी मुकाबले श्रीलंका में खेलेगा। अगर पाकिस्तान फाइनल में पहुंचता है तो फाइनल श्रीलंका में खेला जाएगा। टी-20 विश्व कप पिछले संस्करण की तर्ज पर ही खेला जाएगा और सभी टीमों को पांच-पांच के चार ग्रुप में विभाजित किया जाएगा, जिसमें हर टीम अपने ग्रुप की हर दूसरी टीम के खिलाफ एक मुकाबला खेलेगी।

हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सुपर-8 में प्रवेश करेंगी जिसमें टीमों को चार-चार के दो ग्रुप में विभाजित किया जाएगा। सुपर-8 में दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी और दोनों सेमीफाइनल के विजेता फाइनल खेलेंगे।

## भारत ने हांगकांग सिक्सर्स में पाक को हराया

● रॉबिन उथप्पा 28, भरत चिप्ली 24 की शानदार पारी के दम पर भारत ने पूल सी में डीएलएस से पाक को रौंदा

**हांगकांग, वार्ता।** रॉबिन उथप्पा (28), भरत चिप्ली (24 की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत ने शुक्रवार को हांगकांग सिक्सर्स टूर्नामेंट 2025 के पूल सी के वर्षा बाधित मुकाबले में डकवर्थ-लुईस पद्धति से पाकिस्तान को दो रनों से शिकस्त दी।

यहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह ओवर में चार विकेट पर 86 रन बनाए, जिसमें रॉबिन उथप्पा के 11 गेंदों में 28 रन और भरत चिप्ली के 13 गेंदों में 24 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा कप्तान दिनेश कार्तिक ने छह गेंदों में नाबाद 17 रन बनाकर भारत को एक प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। वर्षा बाधित इस मैच में, भारत ने धैर्य बनाए रखते हुए करीबी जीत हासिल की। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद शहजाद ने दो विकेट लिये। अब्दुल समद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

पाकिस्तान की पारी की शुरुआत अच्छी रही और तीन ओवर के बाद जब उसका स्कोर एक विकेट पर 41 रन था, तभी भारी बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। उसके बाद खेल नहीं हो सका और डीएलएस पद्धति के अनुसार पाकिस्तान को दो रन हार का सामना करना पड़ा। स्टुअर्ट बिन्नी की कसी हुई गेंदबाजी, जिसमें उन्होंने सिर्फ सात रन दिए और एक विकेट लिया। इस बीच, पूल बी में, ऑस्ट्रेलिया ने यूएई को 10



विकेट से हराया। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने विस्फोटक बल्लेबाज का प्रदर्शन करते हुए मात्र तीन ओवर में 88 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।

जैक वुड ने 11 गेंदों में 55 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि निक हॉब्सन सिर्फ पांच गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान ने पूल ए में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दक्षिण अफ्रीका पर 49 रन की शानदार जीत दर्ज की। यह टूर्नामेंट में उनकी दूसरी जीत थी। कप्तान गुलबदीन नैब ने 12 गेंदों में 50 रन बनाए, जबकि करीम जनत ने 11 गेंदों में 46 रन जोड़े, जिससे अफगानिस्तान ने छह ओवर में छह ओवरो में 148 रन बनाए। जवाब में, दक्षिण अफ्रीका की टीम दो विकेट पर 99 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। पूल डी में, बांग्लादेश ने श्रीलंका पर 14 रन से जीत दर्ज की। कप्तान अकबर अली ने नौ गेंदों में 32 रन बनाए।



## दीप्ति के इस्तकबाल के लिए ताज नगरी पलक पांवड़े बिछा कर तैयार

● दीप्ति शर्मा आगरा के अवधपुरी की रहने वाली है वह अब अपने घर आने वाली हैं

**आगरा, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑल राउंडर खिलाड़ी दीप्ति शर्मा के स्वागत के लिए घर में तैयारियां बहुत जोर शोर से चल रहीं हैं। दीप्ति के परिजन ने बताया कि शुक्रवार सुबह से ही घर को संवारने और सजाने का काम शुरू हो गया है। दीप्ति शर्मा आगरा के अवधपुरी की रहने वाली हैं।

वह अब घर आने वालीं हैं लिहाजा परिजन बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दीपावली पर घर की रंगाई पुताई नहीं हुई थी लेकिन दीप्ति के आगमन पर घर का रंग रोगन और सजाया जा रहा है। घर के आसपास भी सफाई की जा रही है यानी दीप्ति घर आएगी तो आलीशान स्वागत किया जाएगा।

दीप्ति शर्मा आगरा कब आयेगीं ये अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं है लेकिन आगरा शहर में अलग अलग संगठनों ने स्वागत में अभी से होर्डिंग लगाने शुरू कर दिए हैं। कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बताया है कि शहर के कई हिस्सों में दीप्ति का स्वागत किया जाएगा। महिला विश्व के फाइनल में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को करारी शिकस्त दी थी।

## गॉफ को हराकर सबालेंका सेमीफाइनल में



● सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के स्टेफीग्राफ ग्रुप में क्लीन स्वीप किया

**रियाद, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने गुरुवार को गत विजेता अमेरिका की कोको गॉफ को 7-6 (5), 6-2 से हराकर 2025 डब्ल्यूटीए फाइनल्स के स्टेफी ग्राफ ग्रुप में क्लीन स्वीप किया और ग्रुप विजेता के रूप में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने आमने-सामने के मुकाबले में 6-5 की बढ़त बनाए रखी थी और इस साल के फ्रेंच ओपन फाइनल में अपनी पिछली भिड़ंत तीन सेटों में जीती थी, लेकिन सबालेंका ने शुरुआती सेट में शानदार प्रदर्शन और दूसरे सेट में दबदबे के साथ इस रुझान को पलट दिया।

पहला सेट उतार-चढ़ाव भरा रहा। गॉफ ने शुरुआती गेम में सर्विस तोड़ी, सबालेंका ने चौथे गेम में वापसी की लेकिन गॉफ ने फिर से बढ़त बना ली। 4-5 से पिछड़ने के बाद, सबालेंका ने सर्विस तोड़कर बराबरी हासिल की और गॉफ को टाईब्रेकर के लिए मजबूर किया। टाईब्रेकर में, सबालेंका ने 2-4 से लगातार चार अंक जीते और अपना दूसरा सेट आसानी से जीता। दूसरे सेट में गॉफ की गलतियां बढ़ने के साथ उनका स्तर गिर गया, जबकि सबालेंका ने 4-0 की बढ़त बना ली और मैच 6-2 से जीतकर लगातार तीसरी ग्रुप जीत हासिल की, जिससे दोनों के बीच का स्कोर 6-6 से बराबर हो गया। पहले सेट के बारे में बताते हुए, सबालेंका ने कहा कि सच कहूं तो, मैं दूसरे सेट के लिए पहले से ही मेहनत कर रही थी। कुछ हुआ और मैं ब्रेक हासिल करने में कामयाब रही। उस गेम ने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया कि मैं इस सेट में भी जीत हासिल कर सकती हूं। और हां, लगातार सेट जीतकर मैं बहुत खुश हूं। गुरुवार को ग्रुप के दूसरे मैच में, पांचवीं वरीयता प्राप्त संयुक्त राज्य अमेरिका की जेसिका पेगुला ने इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 6-3 से हराकर दूसरा सेमीफाइनल स्थान हासिल किया। शुक्रवार के सेमीफाइनल में, पेगुला का सामना कज़ाकिस्तान की एलेना रयबाकिना से होगा, जो सेरेना विलियम्स ग्रुप विजेता हैं, जबकि सबालेंका का सामना अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा से होगा। अंगोला के खिलाफ मैत्री मैच में अर्जेंटीना की टीम की अगुवाई करेंगे मेसी ब्यूनस आयर्स। लियोनेल मेसी 14 नवम्बर को लुआंडा में अंगोला के खिलाफ होने वाले मैत्री मैच में अर्जेंटीना की टीम की अगुवाई करेंगे। मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने गुरुवार को 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें तीन नए खिलाड़ी शामिल हैं। बेनफिका के विगर जियानलुका, स्ट्रासबर्ग के फॉरवर्ड जोआक्विन और कोमो के मिडफील्डर मैक्सिमो पेरोन दक्षिण अमेरिकी चैंपियन के लिए चुने गए।

## विदित गुजराती ने फॉस्टिनो ओरो की उम्मीदें तोड़ी

● प्रणव वी और प्रणेश एम भी रैपिड गेम के पहले सेट में जीतकर तीसरे दौर पहुंचे

**पणजी।** भारत के ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने गुरुवार को दूसरे रैपिड गेम में अर्जेंटीना के वंडर किड फॉस्टिनो ओरो के डिफेंस को भेदने में कामयाबी हासिल की, जबकि प्रणव वी और प्रणेश एम ने भी रैपिड गेम के पहले सेट में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

विदित पर 12 वर्षीय ओरो ने दो क्लासिकल गेम में दबाव बनाया था, लेकिन गुरुवार को 31 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए काले मोहरों से खेले गए दूसरे रैपिड गेम में 52 चालों में जीत हासिल की। प्रणव ने नॉर्वे के आर्यन तारी को हराया, जबकि प्रणेश ने जर्मनी के दिमित्रिज कोलार्स को हराकर खुद की अगले दौर में विश्व चैंपियन गुकेश डी, अर्जुन एरिगासी, पी हरिकृष्णा, कार्तिक वेंकटरमण और दिप्तायन घोष जैसे खिलाड़ियों की कतार में शामिल कर लिया है। प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी को हराने के बाद की भावना के बारे में बात करते हुए विदित ने स्वीकार किया कि इस युवा खिलाड़ी के खिलाफ खेलना चुनौतीपूर्ण था क्योंकि दबाव उन पर था। उन्होंने आगे कहा कि अगले दौर के लिए क्वालीफाई करके अच्छा लग रहा है। यह कोई आसान मैच नहीं था, इसलिए और भी अच्छा लग रहा है। विदित का सामना अब अमेरिका के सैम शैंकलैंड से होगा, जिन्होंने दूसरे दौर में ग्रैंडमास्टर वासिल इवानचुक को हराया था। दूसरे बोर्ड पर, विश्व जूनियर चैंपियन प्रणव ने बुधवार को दूसरे क्लासिकल गेम में मिली हार को पीछे छोड़ते हुए रूक-पॉन के अंत में पहला रैपिड गेम 44 चालों में जीत लिया। इसके बाद उन्होंने दूसरे गेम में नॉर्वे के खिलाड़ी को ड्रॉ पर रोककर आगे बढ़ने का मौका बनाया। प्रणव ने कहा कि आज मैंने बस अपना स्वाभाविक खेल खेलने की कोशिश की और पिछले दो गेमों के बारे में नहीं सोचा और मेरी तैयारियां कामयाब रहीं। अब प्रणव का सामना लिथुआनिया के टिटास स्ट्रेमाविसियस से होगा, जिन्होंने दूसरे राउंड में वेस्ली सो को हराया। प्रणेश और कोलार्स के बीच हुए मैच में, भारतीय खिलाड़ी ने काले मोहरों से खेलते हुए दूसरे रैपिड गेम में 24वीं चाल में बढ़त हासिल की और फिर लगातार बढ़त बनाते हुए 48 चालों में जीत हासिल की। अब उनका सामना जर्मन ग्रैंडमास्टर विसेंट कीमर से होगा। आर प्रज्ञानंदधा ने विश्व सर्किट पर अपने एक खतरनाक प्रतिद्वंद्वी होने का परिचय देते हुए दूसरे दौर के टाईब्रेक में तेमुर को हराकर शानदार जीत हासिल की।

### उपराष्ट्रपति ने पैरा खिलाड़ी श्रीमंत झा को किया सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** छत्तीसगढ़ के अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक खिलाड़ी श्रीमंत झा को हाल ही में जर्मनी ओपन पैरा आर्मरेसलिग कप में स्वर्ण पदक जीतने की उपलब्धि पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति ने झा की खेल भावना, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें देश का गौरव बताया। श्रीमंत झा अब तक 58 अंतर्राष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं। वे वर्तमान में विश्व रैंकिग में तीसरे स्थान तथा एशिया रैंकिग में प्रथम स्थान पर हैं। इस अवसर पर श्रीमंत झा ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणाोत है और वे हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित होने वाली आगामी वर्ल्ड पैरा आर्मरेसलिग कप में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने के लिए पूर्ण समर्पण से तैयारी कर रहे हैं।

## जहानारा ने चौंकाने वाले आरोपों पर बीसीबी ने बिठाई जांच

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने तेज गेंदबाज जहानारा आलम द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच करने के लिए एक कमेटी गठित करने का फैसला किया है। जहानारा ने यह आरोप लगाया है कि 2022 वनडे विश्व कप के दौरान एक पूर्व चयनकर्ता का बर्ताव उनके साथ ठीक नहीं था। बोर्ड ने समिति को यह स्पष्ट आदेश दिया है कि वह 15 कार्यदिवसों के अंदर अपनी पूरी जांच रिपोर्ट और सुझाव सौंप दे। बीसीबी ने कहा है कि जांच कमिटी के रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। बीसीबी ने अपने बयान में कहा कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) मीडिया में आई उन रिपोर्ट्स को लेकर चिंतित है, जिसमें बांग्लादेश महिला टीम की एक पूर्व सदस्य ने टीम से जुड़े कुछ व्यक्तियों पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया है। मामला संवेदनशील होने के कारण, बीसीबी ने आरोपों की गहराई से जांच के लिए एक समिति गठित करने का निर्णय लिया है। समिति 15 कार्यदिवसों के भीतर अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें सौंपेगी। बीसीबी सभी खिलाड़ियों और स्टाफ के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और पेशेवर माहौल बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। बोर्ड इस तरह के मामलों को पूरी गंभीरता से लेता है और जांच के निष्कर्षों के आधार पर उचित कदम उठाएगा। जहानारा अब ऑस्ट्रेलिया में रहती हैं। उन्होंने पत्रकार रियासद अज़ीम को दिए गए एक साक्षात्कार में एक पूर्व चयनकर्ता के बारे में कई बातें बताई।

## हॉकी ने भारत को ओलंपिक में खास जगह दिलाई: मनसुख मांडविया



**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को हॉकी के शताब्दी समारोह में कहा कि ओलंपिक में हॉकी के जरिए ही हमने दुनिया को दिखाया कि भारत खेलों में क्या हासिल कर सकता है। यहां भारतीय खेल प्राधिकरण और हॉकी इंडिया ने ऐतिहासिक मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में एक भव्य शताब्दी समारोह के साथ भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस अवसर पर डा. मांडविया ने इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनने पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि इस खेल ने कई दौर देखे हैं, और ओलंपिक में हॉकी के जरिए ही हमने दुनिया को दिखाया कि भारत खेलों में क्या हासिल कर सकता है। तब से हमने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपने समृद्ध इतिहास के साथ, भारतीय हॉकी एक बार फिर से आगे बढ़ रही है और एक और ओलंपिक पदक की ओर बढ़ रही है। आज जब देश भर में एक हजार से अधिक मैच खेले जा रहे हैं, तो पूरा भारत इस गौरवपूर्ण पल का जश्न मना रहा है। भारत सरकार हमारे खिलाड़ियों और खेल को हर संभव तरीके से सपोर्ट करती रहेगी। मैं हॉकी इंडिया, खिलाड़ियों, कोचों और फैंस को इस शानदार सफर का हिस्सा बनने के लिए बधाई देता हूं। संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि इस खास मौके पर मैं खेल के दिग्गजों के बीच खड़ा हूं। भारतीय हॉकी के लिए यह एक लंबा और प्रेरणादायक सफर रहा है। मैं हॉकी इंडिया को हमारे महान खिलाड़ियों के साथ-साथ मौजूदा सितारों को सम्मानित करने, हमारे समृद्ध इतिहास को हमारे उज्ज्वल भविष्य के साथ जोड़ने के लिए बधाई देता हूं। इस अविश्वसनीय सफर का हिस्सा रहे सभी लोगों को बधाई। एफआईएच के अध्यक्ष दातो तैयब इकराम ने कहा कि भारतीय हॉकी के लिए इस ऐतिहासिक मील के पत्थर का हिस्सा बनना खुशी की बात है। आज हम अपने दिग्गजों, खिलाड़ियों, फैंस और प्रशासकों का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस सफर को आकार दिया है। भारत ने 100 साल के लचीलेपन और इनोवेशन के जरिए विश्व हॉकी में नेतृत्व किया है। मैं भारत सरकार और हॉकी इंडिया को उनके लगातार सपोर्ट के लिए धन्यवाद देता हूं। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत की वापसी उसकी ताकत दिखाती है, और मुझे विश्वास है कि अगले 100 साल भारतीय हॉकी के लिए और भी शानदार होंगे। इस खास मौके पर केंद्रीय खेल मंत्री,मांडविया, खेल राज्यमंत्री रक्षा, संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू आदि रहे।

## दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हराया

**फैसलाबाद।** नांद्रे बर्गर (चार विकेट) और एन पीटर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद क्विटन डी कॉक (नाबाद 123) रनों शतकीय और टोनी डीजॉर्जी (76) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे एकदिवसीय मैच में पाकिस्तान को 59 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। क्विटन डी कॉक को उनकी शानदार शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 269 का स्कोर बनाया। पाकिस्तान की शुरुआत खबरा रही और उसने पांच ओवर में 22 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। इसके बाद आगा सलमान ने सैम अयूब के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट लिए 92 रनों की साझेदारी हुई। 25वें ओवर में कॉर्बिन बॉश ने सैम अयूब (53) को आउटकर पाकिस्तान को पांचवां झटका दिया। इसके हुसैन तलत 11 रन को एन पीटर ने आउट किया। मोहम्मद नवाज ने आगा सलमान के साथ 59 रन जोड़े। 41वें ओवर में कॉर्बिन बॉश ने ने आगा सलमान (69) को आउट किया। फहीम अशरफ (28) रन बनाकर आउट हुये। पाकिस्तान का नौवां विकेट 50वें ओवर की पांचवीं गेद पर हसन नवाज के रूप में गिरा।

# जैश-ए-मौहम्मद के पोस्टर लगाने का आरोपी गिरफ्तार

## जांच के बाद सहारनपुर पहुंची श्रीनगर पुलिस, पिछले छह महीने से फेमस हॉस्पिटल में कर रहा था काम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर के फेमस हॉस्पिटल में काम कर रहे चिकित्सक डा.आदिल अहमद राठर को श्रीनगर पुलिस ने जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टर लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। हाल ही में कुछ क्षेत्रों में इन पोस्टरों से तनाव बढ़ गया था। पुलिस ने जांच के बाद डॉक्टर की पहचान की और उसे गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के बाद हॉस्पिटल में जम्मू कश्मीर के कार्यरत कर्मचारियों व जिले में आने वाले वहां के लोगों के रिकार्ड खंगाले जा रहे है।



जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले श्रीनगर के कई इलाकों में जैश-ए-मोहम्मद के समर्थन में लिखे पोस्टर लगाए गए थे, जिससे इलाके में तनाव फैल गया था। पुलिस ने 28 अक्तूबर को अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में डॉक्टर आदिल की पहचान हुई। इसके बाद मोबाइल सर्विलांस के जरिए उसकी लोकेशन ट्रेस की गई।

### जम्मू कश्मीर से आने वालों के रिकॉर्ड खंगालने में जुटी पुलिस

श्रीनगर पुलिस की टीम ने गुरुवार को सहारनपुर पहुंचकर एसएसपी आशीष तिवारी से मुलाकात की और कार्रवाई की अनुमति ली। इसके बाद स्थानीय पुलिस की मदद से डॉ. आदिल को गिरफ्तार किया गया।

बताया जा रहा है कि डॉ. आदिल कुछ समय से सहारनपुर फेमस हॉस्पिटल में मेडिसिन विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत था।

एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि यह श्रीनगर का मामला है और आरोपी वहां वांछित था। स्थानीय पुलिस ने केवल सहयोग किया और आगे भी जम्मू-कश्मीर पुलिस को जरूरत के अनुसार मदद दी जाएगी।

### डॉक्टर को तलाश रही थी श्रीनगर पुलिस

आरोपी डॉक्टर की लोकेशन यूपी के सहारनपुर में मिली थी. लोकेशन ट्रेस होने के बाद श्रीनगर पुलिस की टीम ने सहारनपुर पुलिस और एसओजी के सहयोग से अंबाला रोड स्थित अस्पताल में दबिश दी. डॉक्टर को हिरासत में लेकर स्थानीय थाने लाया गया।जहां सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गई. इसके बाद अदालत के आदेश पर आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर श्रीनगर पुलिस को सौंप दिया गया. एसएसपी सहारनपुर आशीष तिवारी से मुलाकात के बाद टीम ने गिरफ्तारी संबंधी दस्तावेज साझा किया।

### हाल ही में डॉक्टर ने किया था निकाह

जानकारी के अनुसार, डॉ. आदिल ने हाल ही में 4 अक्टूबर को सहारनपुर की एक महिला डॉक्टर से निकाह किया था. इससे पहले वह दिल्ली रोड के एक अन्य बड़े अस्पताल में भी सेवाएं दे चुके थे. स्थानीय सूत्र बताते हैं कि सहारनपुर में इस समय जम्मू-कश्मीर से आए कई डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ काम कर रहे हैं. इस घटनाक्रम के बाद लोकल इंटेलिजेंस यूनिट और पुलिस ने भी सतर्कता बढ़ा दी है. अब जम्मू-कश्मीर से आने वाले पेशेवरों और कर्मचारियों की बैकग्राउंड जांच शुरू कर दी गई है।

फेमस हॉस्पिटल के एडमिन इंचार्ज असलम जैदी के अनुसार डॉक्टर करीब छह महीने पहले अस्पताल में नियुक्त हुआ था।

# जयघोष रैली में भागेदारी का आह्वान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पुरानी पेंशन योजना की बहाली एवं टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर ऑल इंडिया एनपीएस एम्प्लाइज फेडरेशन द्वारा एक विशाल पेंशन जयघोष रैली 9 नवम्बर को नई दिल्ली में होगी।

रैली की सफलता के लिये आल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन के बैनर तले राष्ट्रीय अध्यक्ष डा मंजीत पटेल एवं प्रदेश अध्यक्ष अंकुर त्रिपाठी ने नेतृत्व में शिक्षक कर्मचारियों के संगठनो ने सयुक्त बैठक आहूत की। जिसमें सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, इंटर कालेज, डिग्री कॉलेज, राज्यकर विभाग, कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों से जुड़े कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रदेश प्रभारी तरुण भोला ने बताया कि कर्मचारी लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत हैं। सरकार ने अभी हाल ही में यूनिफाइड पेंशन योजना लागू की है जिसको लेकर कर्मचारी पूरी तरह नाखुश है। इसके अलावा क्षेत्रीय अध्यक्ष लोक निर्माण विभाग आशुतोष शर्मा, मुकुल चोपड़ा, मनीष डोबरियाल, धर्मेन्द्र धवलहार ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में आनंद त्यागी, रूपेश कुमार, विनोद कुमार, मोती यादव, सचिन मित्तल, रंजीत गिरी, मनोज सैनी, संजय कुमार, कृष्णा राय, मुकेश शर्मा, अमित शर्मा, सौरभ गौतम, देवेंद्र गोसाई, गौरव डाबरा आदि कर्मचारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# वंदेमातरम का सामूहिक गायन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परिषदीय विद्यालयों में वंदे मातरम का सामूहिक गायन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह कार्यक्रम वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, भारत सरकार तथा राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। इस दौरान बच्चों को राष्ट्रगीत वंदे मातरम के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के विषय में शिक्षकों द्वारा जानकारी दी गई। इस विशेष अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की देखरेख में सभी विद्यालयों में सामूहिक रूप से गायन सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम का लक्ष्य बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और राष्ट्रगीत का सम्मान बढ़ाना रहा। आगे भी वर्षभर अलग-अलग चरणों में विद्यालयों में इससे जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण, निबंध प्रतियोगिता और देशभक्ति पर आधारित गतिविधियां सम्मिलित रहेगी ।यह सामूहिक गायन जनपद के सभी विद्यालयों में एकसाथ बड़े उत्साह से सम्पन्न हुआ, जिससे हर किसी में गौरव और एकता की भावना का संचार हुआ।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में लिंक्डन प्रोफाइल बिल्डिंग का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन के संरक्षण में, कुलपति प्रोफेसर जॉन फिनबे की प्रेरणा तथा कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की अनुप्रेरणा से, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर स्टूडेंट क्लब के द्वारा न्यू इनोवेशन एंड रिसर्च के तत्वाधान में ग्लोकल विश्व. विद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार लिंक्डइन प्रोफाइल बिल्डिंग का आयोजन किया गया।



सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को लिंक्डइन जैसी प्रोफेशनल सोशल मीडिया साइट पर प्रभावशाली प्रोफाइल बनाने की जानकारी देना तथा सोशल मीडिया के माध्यम से शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास के अवसर बढ़ाना था। प्रो. शोभा त्रिपाठी, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर, ग्लोकल विश्वविद्यालय ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थी चाहे किसी भी पृष्ठभूमि से हों, उन्हें हर मंच पर अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्हें अपनी क्षमताओं को आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शित करना चाहिए। हमारा दायित्व है कि हम उन्हें इस स्तर तक प्रशिक्षित करें कि वह दुनिया के अन्य विद्यार्थियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो सके।

कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. सना जकी, एसोसिएट प्रोफेसर, ग्लोकल यूनानी कॉलेज ऑफ मेडिसिन द्वारा किया गया। उन्होंने लिंक्डइन के प्रमुख बिंदुओं और उसके लाभों पर विस्तार से चर्चा की तथा उसका संक्षिप्त इतिहास भी प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि लिंक्डइन किस प्रकार अकादमिक जगत और उद्योग जगत के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करता है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्लोकल विश्वविद्यालय सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग में हमेशा अग्रणी रहा है और विश्वविद्यालय की स्थापना से ही डिजिटल भागीदारी एवं विद्यार्थियों के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है।

मोहम्मद कैफ मलिक, बी.सी.ए. अंतिम वर्ष के छात्र, ग्लोकल स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने लिंक्डइन प्रोफाइल निर्माण पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने लिंक्डइन के विभिन्न फीचर्स, नेटवर्किंग के उपयोग और प्रोफाइल को आकर्षक बनाने के व्यावहारिक तरीकों को समझाया। उन्होंने प्रतिभागियों को ट्रेनिंग भी दी, जिसमें छात्रों ने लाइव प्रोफाइल बनाना और सुधारना सीखा। सेमिनार में एक प्रश्न-उत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन अलीना रशीद, बी.ए.एल.एल.बी. छात्रा, ग्लोकल लॉ स्कूल द्वारा किया गया।

# वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने का मनाया जशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार में लोनिवि राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि वंदे मातरम् भारत की आजादी का उद्घोष था। यह हर दौर में प्रासंगिक है।

वंदे मातरम गीत की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज भाजपा द्वारा भगत सिंह चौक पर आयोजित वंदे मातरम गायन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि 1937 में वंदे मातरम् का एक हिस्सा हटा दिया गया था। उसके टुकड़े कर दिए थे। वंदे मातरम् के इस विभाजन ने देश के विभाजन के बीज बोए थे। राष्ट्र निर्माण के इस महामंत्र के साथ ये अन्याय क्यों हुआ? वही विभाजनकारी सोच आज भी देश के लिए चुनौती बनी हुई है।



नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा रवींद्रनाथ टैगोर ने एक बार कहा था कि बंकिमचंद्र का श्आनंदमठश सिर्फ एक उपन्यास नहीं है। यह स्वतंत्र भारत का एक सपना है। बंकिम बाबू के लिखे हर शब्द का गहरा मतलब है। इस गीत की रचना गुलामी के दौर में हुई थी, लेकिन यह सिर्फ उसी समय तक सीमित नहीं है। वंदे मातरम् हर युग में प्रासंगिक है।

महापौर डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा जब 1875 में बंकिम चंद्र ने बंगदर्शन में वंदे मातरम् प्रकाशित किया, तो कुछ लोगों ने सोचा कि यह सिर्फ एक गीत है। हालांकि, धीरे-धीरे, वंदे मातरम् भारत के स्वतंत्रता संग्राम के लाखों लोगों की आवाज बना। एक ऐसी आवाज, जिसने हर भारतीय की भावनाओं की प्रतिध्वनि किया। उन्होंने कहा कि आज जब हम अपने राष्ट्रीय गीत के 150 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, यह हमारे देश के महान नायकों के प्रति श्रद्धांजलि है। उन लाखों शहीदों को नमन है, जिन्होंने फांसी पर चढ़ते हुए वंदे मातरम् का नारा लगाया, जिन्होंने वंदे मातरम् जपते हुए कोड़ों की मार झेली।

भाजपा महानगर अध्यक्ष ने कहा कि वंदे मातरम् एक शब्द, एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक संकल्प है। वंदे मातरम् हमें इतिहास में ले जाता है। ये हमारे भविष्य को नया हौसला देता है कि ऐसा कोई संकल्प नहीं जिसकी सिद्धी न हो सके, ऐसा कोई लक्ष्य नहीं जो हम भारतवासी पा न सकें।

वंदे मातरम गायन संजीव पराशर ने किया।

इस दौरान प्रमुख रूप से देवबंद चेयरमैन विपिन गर्ग, पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, हेमंत अरोड़ा, कार्यक्रम संयोजक किशोर शर्मा, महामंत्री विपिन कुमार, योग चुघ, अनिल मित्तल, संदीप रावत, मंडल अध्यक्ष मनुज तायल, विजय वर्मा, जोगिंद्र कुमार, संदीप धीमान, मयंक गर्ग, ज्योति कुमारी, आरती शर्मा, विजेंद्र धीमान, जावेद खान आदि उपस्थित रहे।

## तीन वांछित दबोचे

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने अपहरण कर हत्या करने के मुकदमे में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

बृहस्पतिवार को वादी ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया था कि आरोपी फरमान, सलीम, रूकसार, शमीम व अरशद निवासीगण रामपुर मनिहारान ने उसके भाई का अपहरण कर लिया था। अपहरण की सूचना पर जब मैं अपने भाई का पता लेने के लिए आरोपियों के पास गया तो उन्होंने मेरे साथ गाली गलौच कर एक लाख रूपए की मांग की थी। थाना देहात कोतवाली पुलिस ने आज प्रभारी निरीक्षक सूबेसिंह व वरिष्ठ उपनि. रीक्षक सुनील कुमार शर्मा, उप निरीक्षक नरेंद्र भड़ाना व महिला उपनिरीध्क्षक रश्मि के नेतृत्व में मुक. दमा उपरोक्त में वांछितों को दबोचा।

# अवैध खनन व परिवहन रोकने को बनाई गई टास्क फोर्स





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिले में उपखनिज के अवैध खनन व परिवहन की बढती शिकायतों के दृष्टिगत जिलाधिकारी मनीष बंसल व एसएसपी आशीष तिवारी ने तहसील स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया ।

तहसील स्तरीय टास्क फोर्स समिति बेहट, सदर व नकुड तहसीलों में बनाई गयी है। तीनो तहसीलों में एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी व खान अधिकारी समिति में रहेंगे। यह समिति उपखनिज के अवैध खनन व परिवहन की रोकथाम हेतु नियमित रूप से कार्यवाही करते हुए उच्चाधिकारियों को अवगत करायेगी और यदि इन क्षेत्रों में उच्चाधिकारियों व अन्य किसी जांच समिति द्वारा अवैध खनन पकडा जाता है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही के लिए प्रकरण शासन को संदर्भित किया जायेगा।

# विधानसभा कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर बेहट में भाजपा द्वारा विधानसभा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का कार्य है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन बूथ स्तर तक सक्रिय है और हर कार्यकर्ता को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं। मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य पारदर्शी और सटीक मतदाता सूची तैयार करना है ताकि आगामी विधानसभा चुनावों में अधिक से अधिक लोग मतदान कर सकें।



पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। ऐसे में लो. कतंत्र की मजबूती के लिए जनता की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर कार्य कर रही है।

इस दौरान कार्यशाला में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बूथवार समीक्षा की तथा मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारने और नए नाम जोड़ने की रणनीति पर चर्चा की। बैठक में साढ़ौली कदीम जिला कोषाध्यक्ष अनिल सिंघल, ब्लॉक प्रमुख विश्वास चौधरी, मुजफ्फराबाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश पुंडीर, जिला पंचायत सदस्य रामू चौधरी, हंसराज, विजय सैनी, बॉबी कर्णवाल, प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष मानवीर पुंडीर, मंडल अध्यक्ष रजत त्यागी, विजेंद्र कुमार, मिर्जा फजलुर्रहमान, चौधरी रणवीर प्रधान, राहुल राणा, सचिन गर्ग सहित जिला व मंडल स्तर के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# नागल में निकाला गया नगर कीर्तन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** गुरू पर्व के प्रकाश उत्सव उपलक्ष मे शुक्रवार को कस्बे में नगर कीर्तन का आयोजन किया गया जिसका जगह जगह पर स्वागत किया गया।

ब्लाक चौराहा स्थित गुरूद्वारा मे सुबह अखंड पाठ किया गया। कीर्तन दरबार व अरदास के बाद गुरू के अटूट लंगर से श्रद्धालुओं की सेवा की गयी। दोपहर बाद बैंड बाजे से शुरू हुआ नगर कीर्तन कस्बे के मुख्य मार्गो से होता हुआ देर शाम गुरुद्वारे पर संपन्न हुआ। नगर कीर्तन मे शामिल अखाडे के कलाकारों ने हैरतअंगेज कारनामे दिखाकर नगर कीर्तन देखने वालों को आश्चर्यचकित किया।

नगर कीर्तन मे शामिल गुरुग्रंथ साहब की पालकी के आगे आगे चल रहे पंज प्यारे व महिला संगत द्वारा किये जा रहे कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना हुआ था। शोभायात्रा मे



मुख्य रूप से बाबा गुलजार सिंह, कृपाल सिंह, संतोख सिंह, नरेंद्र नीलू,इन्द्रजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, गुरूचरण सिंह, गगन सिंह, अगम सिंह, वरदान बत्रा, परमजीत सिंह, गिरीश बत्रा,अमरीक सिंह, कपिल डावर, हेमंत अरोडा,अनमोल सिंह, लक्की, राजसिंह, प्रीतम सिंह, प्रेम. सिंह, सरबजीत सिंह, विमल बत्रा सहित खडखडी,पुडैन, कुराली, ताजपुर, जौला पनियाली गांव की संगत उपस्थित रही।

# बास्केट बॉल चैम्पियनशिव में बेहतरीन प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ब्राउनवुड पब्लिक स्कूल में शुरू हुई जिला अंतर विद्यालय बास्केटबॉल चैम्पियनशिप 2025 में खिलाडियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीमों को अगले दौर में प्रवेश कराया।

स्कूल परिसर में आयोजित चैंपियनशिप का शुभारंभ जिला बास्केटबाल संघ के संयुक्त सचिव डा.संदीप गुप्ता, स्कूल निदेशक श्रीमती सफिया सुबूही व संयुक्त निदेशक सय्यद अमीर हमजा ने किया। प्रतियोगिता के अंडर 13 में ब्राउनवुड पब्लिक स्कूल ए, सेंटर मैरीज स्कूल, खालसा स्कूल, न्यू ऐरा अकादमी, ब्राउनवुड पब्लिक स्कूल बी, के.एल.जी अंबाला रोड, सेंट मैरीज स्कूल, के.एल.जी शारदा नगर तथा अंडर 16 में न्यू एरा अकादमी, खालसा पब्लिक स्कूल, ब्राउनवुड





पब्लिक स्कूल, अलपाइन पब्लिक स्कूल, सेंट मैरीज स्कूल, सेंट मैरीज अकादमी, सेंट जोसेफ स्कूल, के. एल.जी अंबाला रोड, के.वी.एस. सरसावा, के.एल.जी शारदा नगर, आशा मॉडर्न स्कूल तथा अंडर 18 में ब्राउनवुड पब्लिक स्कूल, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, अलपाइन पब्लिक स्कूल, न्यू एरा अकादमी, आशा मॉडर्न स्कूल, सेंट मैरीज स्कूल, सेंट मैरीज अकादमी, सेंट जोसेफ स्कूल की टीमें भाग ले रही है। अंडर 18 के पहले मैच में ब्राउनवुड पब्लिक स्कूल ने क्रिसेंट पब्लिक स्कूल को 36-5, अंडर 13 में खालसा पब्लिक स्कूल ने न्यू ऐरा अकादमी को 9-0, के.एल.जी ने सेंट मैरीज स्कूल को 29-11, के.एल.जी अंबाला रोड ने ब्राउनवुड पब्लिक स्कूल को 21-3, अंडर 16 में ब्राउनवुड पब्लिक स्कूल ने खालसा पब्लिक स्कूल को 20-2 से पराजित किया।आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य रियाज कुरैशी, मास्टर मुरसलीन, आदिल खान, शहजेब खान, एम. ओवैस तथा अब्दुल हादी उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए महिलाएं सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के विशेष अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 50 महिलाओं को एडीएमई द्वारा सम्मानित किया गया।

कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में मेगा इवेंट कार्यक्रम में महिलाओं को एडीएमई द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचा. लित सभी कल्याणकारी योजनाओं यथा निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), सखी- वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाइन, दत्तक ग्रहण इकाई आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी हेल्प लाइन नंबर जैसे चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, महिला पावर हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181 पुलिस हेल्पलाइन 112, एंबुलेंस सेवा 108 तथा 102 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उसकी उपयोगिता के बारे में बता कर महिलाओं को जागरूक किया गया। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान कराया गया।

## तीन वांछित दबोचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म व धर्म परिवर्तन के मुकदमे में वांछित चल रहे तीन वांछित आरोपियों को दबो. चने में सफलता हासिल कर ली।

विगत 11 अगस्त को वादिया ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया था कि आरोपी वसीम पुत्र सलीम निवासी ग्राम घानाखंडी थाना कोतवाली देहात ने अपने मुस्लिम धर्म को छिपाकर अपना नाम राजू राठौर बताते हुए उससे धोखाधड़ी कर शादी करने, अश्लील वीडियो दिखाकर ऑनलाईन पैसे लेने तथा आरोपी फरमान, सलमान व पीरू उर्फ वसीम समस्त निवासी ग्राम घानाखंडी थाना कोतवाली देहात ने उसके साथ दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी दी थी तथा आरोपी फरमान सहित अन्य आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर धर्म परिवर्तन करने का जोर दिया था।

# कुत्तों पर सुप्रीम आदेश

भारतीय इतिहास में कुत्ता सबसे वफादार जानवर बताया गया है। कई ऐसी सच्ची घटनाएं सामने आई हैं कि अपने मालिक को बचाने के लिए कुत्तों ने अपनी जान भी दे दी, लेकिन अब इन पर ही सर्वोच्च न्यायालय का आदेश आ गया है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी राज्य 2 हफ्ते के अंदर ऐसे संस्थानों और परिसरों की लिस्ट तैयार करें, जो कोर्ट की तरफ से बताई गई श्रेणी में आते हैं। कोर्ट ने स्कूल-कॉलेज, अस्पताल और दूसरी इमारतों को इस श्रेणी में रखा है। इसके अलावा हाईवे से गाय-बैल को हटाने के लिए भी कहा गया है। इस आदेश के बाद डॉग लवर को राहत मिली है क्योंकि किसी भी तरह उनका अपने पाले गए कुत्ते से मोह नहीं हट रहा है। हटे भी कैसे, उस कुत्ते को उन्होंने अपनी औलाद की तरह ही पाला है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एक महिला वकील तो कोर्ट में ही रोने लगी। शहरों में आम तौर पर हर चौथे घर में कुत्ता पालने की परंपरा रही है, जबकि गली-मौहल्ले के कुत्ते उस गली की सुरक्षा करते हैं, जिसमें वह रहते हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश ऐसे लोगों के लिए नहीं है, जिन्होंने कुत्ते पाल रखे हैं। कोर्ट का आदेश तो केवल उन सार्वजनिक स्थानों तक है, जहां का संबंध आम जन से जुड़ा हुआ है। कोर्ट ने सभी शैक्षणिक संस्थानों, हॉस्पिटल, बस डिपो, रेलवे स्टेशन, सरकारी दफ्तरों और स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स से आवारा कुत्तों को हटाने के लिए कहा है। इसके साथ ही कोर्ट ने हाईवे और एक्सप्रेसवे से आवारा गाय-बैल को भी हटाने के लिए कहा है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन वी अंजारिया की बेंच ने सभी राज्य सरकारों और संबंधित संस्थाओं से 8 हफ्ते में इस आदेश का पालन करने के लिए कहा है। मामले की अगली सुनवाई 13 जनवरी को होगी। कोर्ट का कहना था कि सड़क और हाईवे पर घूमने वाले आवारा पशुओं को हटाने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है। राज्य सरकारें इसके लिए गश्ती दल का गठन करें, जो लगातार सड़कों की निगरानी करे। हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाए, जिसमें लोग सड़क पर आवारा पशुओं की जानकारी दे सकें। इन पशुओं के लिए गोशाला समेत दूसरे स्थायी आश्रय गृह बनाए जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने 11 अगस्त के निर्देश में संशोधन किया, जिसमें दिल्ली-एनसीआर के शेल्टर होम से आवारा कुत्तों को बाहर निकालने पर रोक लगाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में कुत्ते के काटने से रेबीज होने संबंधी मीडिया रिपोर्ट पर स्वत: संज्ञान लिया और कहा कि इसमें कुछ चिंताजनक और परेशान करने वाले आंकड़े हैं। 11 अगस्त को आवारा कुत्तों के काटने से, खासकर बच्चों को उत्पन्न बेहद गंभीर स्थिति को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने दिल्ली-एनसीआर के अधिकारियों को जल्द से जल्द सभी आवारा कुत्तों को सड़कों से स्थायी रूप से शेल्टर होम में भेजने का निर्देश दिया।


## भाजपा-संघ ने वंदेमातरम से दूरी बनाए रखी



कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की गर्वित ध्वज वाहक है, वंदे मातरम ने ही देश की सामूहिक आत्मा को जगाया और देश की आजादी का बुलंद नारा बन गया, वंदे मातरम देश की एकता में अनेकता की भावना को दर्शाता है, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वंदे मातरम की गर्वित ध्वजवाहक रही है, यह बहुत अजीब बात है कि जो लोग (भाजपा- आरएसएस) आज खुद को राष्ट्रवाद का स्वघोषित रक्षक बताते हैं, उन्होंने कभी भी अपनी शाखाओं या दफ्तरों में वंदे मातरम या हमारे राष्ट्रगान, जन गण मन नहीं गाया है। इसके बजाय, वे नमस्ते सदा वत्सले गाते रहते हैं, जो उनके संगठन की महिमा करने वाला गीत है, देश का नहीं, 1925 में अपनी स्थापना के बाद से आरएसएस ने इसकी सार्वभौमिक श्रद्धा के बावजूद वंदे मातरम से दूरी बनाए रखी है, इसके साहित्य में एक बार भी इस गीत का जिक्र नहीं मिलता। **-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# 25 वर्षों में बदली उत्तराखंड में शिक्षा की तस्वीर

## राष्ट्रीय औसत से भी ज्यादा सूबे का सकल नामांकन अनुपात, शिक्षा में सुधार को कई योजनाएं लागू, छात्रवृत्तियों का भी मिला लाभ



**एस. आलम अंसारी**

राज्य के गठन के बाद विगत 25 वर्षों में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था सीमित संसाधन, विषम भौगोलिक परिस्थितियां, विद्यालयों तक पहुंच और ड्राप आउट जैसी चुनौतियों के बावजूद न सिर्फ मजबूत हुई है बल्कि कई क्षेत्रों में मील के पत्थर भी स्थापित किए हैं।

शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए राज्य सरकार ने कई सुधारात्मक कदम उठाए। इसके अलावा राज्य में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, साक्षर भारत कार्यक्रम, नव भारत साक्षरता कार्यक्रम, पीएम योजना, पीएम जनमन कार्यक्रम और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आदि का सटीक क्रियान्वयन कर गांव-गांव तक शिक्षा का उजियारा फैलाया।

**बस्तियों तक बनी शिक्षा की पहुंच**

राज्य में आज 97 फीसदी बस्तियों में एक किलोमीटर की परिधि में प्राथमिक विद्यालय जबकि 98 फीसदी बस्तियों में तीन किलोमीटर की परिधि में उच्च प्राथमिक विद्यालय, 92 फीसदी बस्तियों में 5 किमी की परिधि में हाईस्कूल एवं 94 फसदी बस्तियों में 7 किमी की परिधि में इंटरमीडिएट विद्यालयों की पहुंच है। शेष बस्तियां मानक पूरे न होने के कारण विद्यालय खुलने से वंचित रह गई हैं। जबकि राज्य गठन के उपरांत प्राथमिक स्तर के 18 फीसदी एवं माध्यमिक स्तर पर 26 फीसदी नए विद्यालय खोले गए हैं।

**राष्ट्रीय औसत से अधिक प्रदेश की जीईआर**

राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों तक विद्यालय खोले जाने से राज्य गठन के बाद सकल नामांकन अनुपात द्धग्रॉस एनरॉलमेंट रेसियो-जीईआरऋ में अत्याधिक सुधार हुआ है। विशेषकर उच्च प्राथमिक स्तर पर यह अनुपात 80 से लेकर 104 प्रतिशत तथा माध्यमिक स्तर पर 56 से 93 प्रतिशत तक हो गया है। जो कि वर्तमान स्थितियों में शैक्षिक सूचकांकों के क्रम में राज्य का प्रदर्शन कुल राष्ट्रीय औसत से अच्छा है।

**बोर्ड परीक्षा परिणामों में बढ़ा उत्तीर्ण प्रतिशत**

राज्य गठन के उपरांत विद्यालय शिक्षा की पहुंच आसान होने, जन जागरूकता, विद्यालयों में संसाधनों की प्रयाप्त उपलब्धता, शिक्षकों के प्रशिक्षण आदि के परिणाम स्वरूप छात्र-छात्राओं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में निरंतर सुधार हुआ है। जहां एक ओर राज्य गठन के समय हाईस्कूल स्तर पर बोर्ड परीक्षा में छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत मात्र 32.6 फीसदी था वहीं वर्तमान में यह प्रतिशत 90.8 फीसदी हो गया है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट स्तर पर बोर्ड परीक्षा में छात्रों का तत्कालीन उत्तीर्ण प्रतिशत 61.2 था जो अब 83.3 फीसदी हो गया है।

**भौतिक संसाधन सम्पन्न बने विद्यालय**

राज्य गठन के बाद विद्यालयों में भौतिक संसाधनों का चरणवद्ध ढंग से विकास किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप वनभूमि क्षेत्रांतर्गत आने वाले 0.15 फीसदी विद्यालयों को छोड़कर शेष सभी विद्यालयों में भवन निर्माण कराए गए। जहां पर शत प्रतिशत विद्यालयों में बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर उपलब्ध है। करीब 98 फीसदी विद्यालयों में बालक-बालिकों के लिए शौचालय, 99 फीसदी विद्यालयों में पेयजल सुविधा तथा 95 फीसदी विद्यालयों में विद्युतीकरण आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। ढांचागत विकास में प्रगति के लिए राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर विद्यालई शिक्षा के बजट में वृद्धि की जाती रही है। जहां राज्य गठन के समय प्रारम्भिक स्तर पर 342 करोड़ का बजट स्वीकृत था वहीं वर्तमान में 4384 करोड़ हो गया है। इसी प्रकार माध्यमिक स्तर पर बजट 323 करोड़ से बढ़कर 7017 करोड़ हो गया है।

**शिक्षा व्यवस्था में सुधार को योजनाएं लागू**

राज्य की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के लिए राज्य गठन के बाद समय-समय पर विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों का क्रियान्वयन किया गया। जिसके संतोषजनक परिणाम मिले हैं। उदाहरण स्वरूप वर्ष 2003-04 में राज्य के दूर्गम एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभावान बालक-बालिकों को गुणवतापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए एक-एक आवासीय विद्यालय राजीव गांधी नवोदय विद्यालय नाम से स्थापित किए गए। जिसका सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इसी प्रकार वर्ष 2015-16 में राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में 4 राजीव गांधी अभिनव आवासीय विद्यालय व प्रत्येक विकासखंड में दो-दो मॉडल स्कूल विकसित किए गए। जिनकी वर्तमान में कुल संख्या 190 हो चुकी है। जिनके सफल संचालन के लिए 22 करोड़ 44 लाख रुपये का बजट आवंटित है। इसी प्रकार एनईपी-2020 की अनुसंशा के आधार पर विद्यालयों को शिक्षा के उत्कृष्ट केन्द्र के रूप में विकसित किए जाने, भौतिक एवं मानव संसाधनों के अभीष्टतम उपयोग, छात्र-छात्राओं को गुणवतपूर्ण शिक्षा प्रदान करने के समान अवसर दिए जाने के दृष्टिगत वर्ष 2023-24 में कलस्टर विद्यालयों का शुभारम्भ किया गया। इस योजना के अंतर्गत माध्यमिक स्तर पर 559 विद्यालयों चयन कलस्टर स्कूल के लिए किया गया है, जिसके तहत अभी तक 86 करोड़ 6 लाख रूपये आंवटित किए जा चुके हैं। जबकि प्राथमिक स्तर पर 679 स्कूलों चयन कलस्टर विद्यालय के लिए किया गया है। जिनके लिए शीघ्र बजट आंवटित किया जाना प्रस्तावित है।

**बालिका शिक्षा को मिला प्रोत्साहन**

राज्य में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के दृष्टिगत 39 कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास स्थापित किए गए। जिनमें कक्षा-6 से 12 तक की 4300 बालिकाओं के लिए नि:शुल्क आवासीय सुविधाएं उपलब्ध है।

**छात्र-छात्राओं को मिला विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ**

प्रदेश के कमजोर एवं अपवंचित वर्ग के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित किए जाने के लिए वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री छात्र प्रोत्साहन योजना शुरू की गई। जिसके तहत छात्रवृत्ति परीक्षा में बैठने वाले कुल छात्रों के 10 फीसदी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जा रही है। जिसके तहत कक्षा-6 के छात्रों को 600 रुपये प्रतिमाह से शुरूकर कक्षा-12 के छात्रों को 1200 रुपये प्रतिमाह दी जा रही है। इसी प्रकार हाईस्कूल एवं इंटर बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों एवं प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किए जाने के लिए वर्ष 2029 में पंडित दीन दयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार प्रारम्भ किए गए है। जिसके तहत इंटरमीडिएट स्तर पर श्रेष्ठ तीन विद्यालयों को क्रमश: 10 लाख, 5 लाख व 3 लाख रुपये तथा हाईस्कूल स्तर पर श्रेष्ठ तीन विद्यालयों को क्रमश: 8 लाख, 4 लाख व 2 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जा रहा है। इसी प्रकार इंटर स्तर पर श्रेष्ठ तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमश: 21 हजार, 15 हजार व 11 हजार तथा चौथे से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 5100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। इसी प्रकार हाईस्कूल स्तर पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 15 हजार, 11 हजार व 8 हजार तथा चौथे से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 2100 का नकद पुरस्कार दिया जा रहा है।

**विद्या समीक्षा केन्द्र की स्थापना**

प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के दृष्टिगत रियल टाइम आंकड़ों के संग्रहण के लिए वर्ष 2023-24 में केन्द्र सरकार के सहयोग से विद्या समीक्षा केन्द्र की स्थापना की गई, जो देश का दूसरा विद्या समीक्षा केन्द्र स्थापित किया गया। जिससे सभी विद्यालयों, छात्रों एवं शिक्षकों को जोड़ा गया। वर्तमान में छात्रों एवं शिक्षकों की ऑनलाइन रियल टाइम उपस्थिति ली जा रही है तथा छात्रों के रियल टाइम आंकलन के लिए परख कार्यक्रम भी इसी के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। विद्या समीक्षा केन्द्र के माध्यम से शिक्षकों हेतु ऑनलाइन प्रशिक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। राज्य के विद्यालय समीक्षा केन्द्र को राष्ट्रीय विद्या समीक्षा केन्द्र से भी जोड़ा गया है।



राज्य सरकार विद्यालई शिक्षा को उत्कृष्ट, रोजगारपरक और मूल्यपरक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुरूप पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन किया जा रहा है, ताकि शिक्षा को व्यवहारिक और जीवनोपयोगी बनाया जा सके। साथ ही छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु खेल, कला और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। केंद्र सरकार से वित्त पोषित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए, राज्य में शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य सतत जारी है।

**डॉ. धन सिंह रावत,**
**विद्यालई शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# परीक्षा देने का सबसे अच्छा समय क्या है

कामेंलो विकारियो एवं उनके साथियों ने फ्रंटियर्स इन साइकोलॉजी पत्रिका के जुलाई 2025 के अंक मी एक शोधपत्र प्रकाशित किया था, जिसका शीर्षक था 'Timing Matters. Academic assessment changes throughout the day (समय मायने रखता है। शैक्षणिक मूल्यांकन दिन भर बदलता रहता है)। इस अध्ययन में उन्होंने संपूर्ण इटली के 1,04,552 विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन का विश्लेषण प्रस्तुत किया है, जो कहता है कि परीक्षा का समय मायने रखता है। अध्ययन में पाया गया कि सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच आयोजित परीक्षाओं के परिणाम बहुत अच्छे आए थे, और उनमें मध्यान्ह (12 बजे) के आसपास आयोजित परीक्षाएं सबसे अच्छी रहीं। जबकि सुबह 8 से 9 बजे के बीच और दोपहर 2 से 5 बजे के बीच आयोजित परीक्षाओं के परिणाम खराब रहे।

यानी नतीजों पर इस बात का असर पड़ता है कि महत्वपूर्ण निर्णय दिन के किस समय लिए गए हैं। ग्राफ पर परीक्षा में सफलता दर घंटाकार वक्र रेखा के रूप में प्रदर्शित हुई थी, जिसके शिखर पर मध्यान्ह 12 बजे का समय था। अर्थात यदि सुबह 11 बजे या दोपहर 1 बजे परीक्षा हो तो उत्तीर्ण होने की संभावना में कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन यदि परीक्षा सुबह 8-9 बजे या दोपहर 3-4 बजे ली जाती है तो उत्तीर्ण होने की संभावना अपेक्षाकृत कम हो जाएगी। उत्तीर्ण होने की संभावना सुबह और देर दोपहर में बराबर थी। इस अध्ययन के एक सह लेखक बोलोग्ना विश्वविद्यालय के प्रोफसर एलेसियो एवेनंती का कहना है कि ह्इन निष्कर्षों के व्यापक निहितार्थ हैं। ये नतीजे इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि कैसे जैविक लय (biological rhythms) महत्वपूर्ण मूल्यांकन परिणाम को सूक्ष्म रूप से लेकिन काफी प्रभावित कर सकती है जबकि इस बात को अक्सर निर्णय लेने के संदर्भ में अनदेखा कर दिया जाता है। हालांकि अध्ययन में इस पैटर्न के पीछे के क्रियाविधि का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन दोपहर के समय उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या में अधिकता इस बात के प्रमाण के समान है कि संज्ञानात्मक प्रदर्शन सुबह के दौरान बेहतर होने लगता है और दोपहर के दौरान कम होता जाता है। देर-दोपहर में विद्यार्थियों के ऊर्जा स्तर में गिरावट के कारण उनकी एकाग्रता कम हो सकती है, जिससे उनका प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। प्रोफेसर/शिक्षक भी (जांच के दौरान) निर्णय लेने में थकान का अनुभव कर सकते हैं, जिसके कारण उत्तरों मूल्यांकन प्रभावित हो सकता है। वहीं, सुबह के समय में खराब परिणाम क्रोनोटाइप या जैविक घड़ी की विविधता के कारण हो सकते हैं। 20 की उम्र के लोग आम तौर पर रात में जागने वाले होते हैं, जबकि 40 या उससे ज्यादा उम्र के लोग सुबह जल्दी उठने वाले होते हैं। यानी जब प्रोफेसर शिक्षक सबसे ज्यादा चेतन फुर्तीले हैं तब विद्यार्थी उनींदे से होते हैं नतीजा होता है संज्ञानात्मक प्रदर्शन में गिरावट।




इटली के मेसिना विश्वविद्यालय के डॉ. विकारियो का सुझाव है कि दिन के समय के प्रभावों का मुकाबला करने के लिए, विद्यार्थियों को अच्छी नींद लेना चाहिए, दिन के जिस समय वे खुद को सबसे कम ऊर्जावान महसूस करते हैं उस दौरान महत्वपूर्ण परीक्षाओंध्साक्षात्कार रखने से बचना चाहिए, परीक्षा से पहले दिमाग को आराम देने जैसी रणनीतियां अपनाना चाहिएय और संस्थानों द्वारा सत्र देर-सुबह शुरू करने या प्रमुख मूल्यांकन देर-सुबह रखने से परिणाम में सुधार हो सकता है, लेकिन शैक्षणिक प्रदर्शन पर दिन के समय के प्रभाव को पूरी तरह से समझने और वाजिब मूल्यांकन सुनिश्चित करने के तरीके विकसित करने के लिए अधिक शोध की आवश्यकता है। शोध पत्र के वरिष्ठ लेखक मेस्सिना विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मासिमो मुच्चियार्डी का कहना है कि अध्ययन में ह्हम अन्य कारकों को पूरी तरह से शामिल नहीं कर पाए हैं। जैसे हम विद्यार्थियों या परीक्षकों के विस्तृत डैटा (जैसे सोने-जागने की आदतें, तनाव या जैविक लय सम्बंधी जानकारी) नहीं हासिल कर पाए। यही कारण है कि हम अंतर्निहित तंत्रों को उजागर करने के लिए शारीरिक या व्यवहारिक कारकों को शामिल कर आगे के अध्ययनों का सुझाव देते हैं। हालांकि यह शोध इटली में हुआ है, लेकिन इसके निष्कर्ष भारत में भी भलीभांति लागू हो सकते हैं। भारत में भी कई प्रवेश परीक्षाएं आम तौर पर सुबह और दोपहर के समय में आयोजित की जाती हैं।

साभार स्रोत फीचर्स

# इसरो की नई छलांग, आसमान में चमका भारत का बाहुबली



**योगेश कुमार गोयल**

पिछले दिनों हरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 'बाहुबली' रॉकेट एलवीएम 3-एम 5 ने भारत के अब तक के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस-3 को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाया और उसी के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। यह प्रक्षेपण न केवल भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नई छलांग है बल्कि यह उस आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है, जिसकी परिकल्पना आज का भारत अपने वैज्ञानिक संकल्प से साकार कर रहा है। करीब 4,410 किलोग्राम वजनी सीएमएस-3 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया है। यह भारत की धरती से अब तक छोड़ा गया सबसे भारी संचार उपग्रह है। यह उपग्रह भारत तथा आसपास के समुद्री क्षेत्रों में मल्टी-बैंड संचार सेवाएं प्रदान करेगा और अगले 15 वर्षों तक देश की संचार प्रणाली की रीढ़ साबित होगा। इस मिशन की सफलता ने एक बार फिर इसरो की वैज्ञानिक दक्षता, तकनीकी परिपक्वता और अडिग संकल्प का प्रमाण दिया है।

'बाहुबली' नाम अपने आप में इस रॉकेट की क्षमता का परिचायक है। एलवीएम 3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) इसरो का सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान है, जो लगभग 43.5 मीटर ऊंचा और तीन चरणों में कार्य करने वाला रॉकेट है। इसकी भार वहन क्षमता ही इसे 'बाहुबली' का दर्जा देती है। यह रॉकेट लगभग 4,000 किलोग्राम वजन तक के उपग्रहों को जीटीओ में और 8,000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को पृथ्वी की निम्न कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट) तक पहुंचाने में सक्षम है। यह वही रॉकेट है, जिसने भारत को विश्व पटल पर गौरव दिलाने वाला ऐतिहासिक चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया था, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत का झंडा लहराया। एलवीएम 3-एम 5 रॉकेट तीन चरणों में कार्य करता है। पहले चरण में इसके दो ठोस बूस्टर रॉकेट एस-200 प्रारंभिक लिफ्ट ऑफ के लिए भारी थ्रस्ट उत्पन्न करते हैं। दूसरे चरण में एल-110 लिक्विड प्रोपल्शन स्टेज आता है, जिसे विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में विकसित किया गया है। तीसरे और अंतिम चरण में क्रायोजेनिक इंजन सी-25 कार्य करता है, जो सैटेलाइट को सटीक रूप से उसकी कक्षा में स्थापित करने की अंतिम जिम्मेदारी निभाता है। यह जटिल प्रणाली और उसकी सटीक कार्यप्रणाली भारत की उस इंजीनियरिंग दक्षता की परिचायक है, जिसने आज विश्व की शीर्ष चार अंतरिक्ष शक्तियों में भारत को स्थापित किया है।

इसरो के इस मिशन की सबसे बड़ी सफलता यह है कि यह भारत को भारी उपग्रह प्रक्षेपण में पूर्ण आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करता है। इससे पहले इसरो को अपने भारी उपग्रहों के लिए विदेशी लॉन्च सेवाओं का सहारा लेना पड़ता था, जैसे कि दिसंबर 2018 में जीएसएटी-11 को फ्रैंच गयाना से एरिएन-5 रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। उस समय जीएसएटी-11 (5854 किलोग्राम) इसरो का सबसे भारी उपग्रह था परंतु वह भारत से लॉन्च नहीं हो सका था। आज सीएमएस-03 के सफल प्रक्षेपण के साथ भारत ने यह उपलब्धि अपने दम पर हासिल कर ली है। सीएमएस-03 को इसरो के वैज्ञानिकों ने आधुनिक संचार अवसंरचना की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। यह एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जो देश के दूरस्थ और समुद्री इलाकों में तेज और विश्वसनीय संचार सेवाएं सुनिश्चित करेगा। इस उपग्रह के माध्यम से रक्षा क्षेत्र, नौसेना, आपदा प्रबंधन, नागरिक संचार और डिजिटल कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार होगा। विशेष रूप से यह नौसेना के लिए समुद्री क्षेत्रों में सुरक्षित और निर्बाध संचार नेटवर्क प्रदान करेगा, जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा क्षमताएं कई गुना बढ़ जाएंगी।

भारत की समुद्री सीमाएं लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी हैं और उसके पास व्यापक आर्थिक क्षेत्र है। ऐसे में सुदूर समुद्री इलाकों में संचार का सशक्त नेटवर्क आवश्यक है। सीएमएस-03 इस दिशा में एक बड़ा कदम है, जो भारतीय नौसेना को रणनीतिक रूप से अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके अलावा, यह देश के ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में डिजिटल पहुंच को भी सुदृढ़ करेगा। एलवीएम 3-एम 5 मिशन की सफलता इस बात का भी प्रमाण है कि भारत अब न केवल वैज्ञानिक तकनीक का उपभोक्ता देश है बल्कि वह तकनीक निर्माता और नवोन्मेषी शक्ति के रूप में भी उभर चुका है। इसरो के वैज्ञानिकों ने खराब मौसम की चुनौतियों और अत्यधिक जटिल तकनीकी परिस्थितियों में भी इस मिशन को सफलता तक पहुंचाया। इसरो प्रमुख वी। नारायणन के शब्दों में, 'यह बाहुबली रॉकेट की ताकत का एक और प्रमाण है। उपग्रह को सटीक रूप से कक्षा में स्थापित किया गया है और यह हमारे वैज्ञानिकों की अथक मेहनत का परिणाम है।' एलवीएम 3-एम 5 रॉकेट की अब तक की सभी आठ उड़ानें 100 प्रतिशत सफल रही हैं। यह सफलता दर किसी भी विकसित अंतरिक्ष एजेंसी के मानकों पर श्रेष्ठ मानी जा सकती है। भारत के लिए यह मिशन केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है बल्कि यह उस दृष्टि का विस्तार है, जो प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प से जुड़ी है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने हाल के वर्षों में जो प्रगति की है, उसने न केवल विश्व को चकित किया है बल्कि निजी उद्योगों और स्टार्टअप्स के लिए भी अंतरिक्ष तकनीक में नए अवसर खोले हैं। सीएमएस-3 मिशन भारत की उस अंतरिक्ष नीति को भी मजबूत करता है, जिसके तहत देश आने वाले वर्षों में वाणिज्यिक प्रक्षेपण सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। भारत अब वैश्विक स्तर पर उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जो भारी उपग्रहों को स्वयं की तकनीक से अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम हैं। इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की वैश्विक विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। इसरो के मिशनों की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसने हर उपलब्धि सीमित बजट में हासिल की है। एलवीएम 3 की संरचना और प्रदर्शन का स्तर यूरोपियन एरिएन-5 या अमेरिकी फाल्कन-9 जैसी श्रेणी के रॉकेटों के समान है जबकि इसकी लागत उन मिशनों की तुलना में बेहद कम है। यही भारतीय प्रतिभा और वैज्ञानिक अनुशासन की असली पहचान है। इस मिशन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि सीएमएस-3 से भारत की डिजिटल कनेक्टिविटी और रक्षा नेटवर्क दोनों को मजबूती मिलेगी। देश के सुदूरवर्ती द्वीपों, सीमांत इलाकों और समुद्री मार्गों पर निर्बाध संचार स्थापित करना अब अधिक आसान होगा। इस मिशन के जरिए भारत का संचार तंत्र और आपदा प्रबंधन प्रणाली भी अधिक सटीक और प्रभावी होगी। यह उपलब्धि भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज जब विश्व अंतरिक्ष की नई प्रतिस्पर्धा में प्रवेश कर चुका है, जहां अमेरिका, रूस, चीन और यूरोप अपनी तकनीकी श्रेष्ठता सिद्ध करने की होड़ में हैं, भारत ने शांत, दृढ़ और सटीक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपनी अलग पहचान बनाई है। चंद्रयान-3 के बाद 'बाहुबली' की यह सफलता भारत की उसी निरंतर प्रगति का प्रतीक है, जिसने विज्ञान को राष्ट्रीय गौरव से जोड़ा है। कुल मिलाकर, भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब केवल खोज का नहीं बल्कि सशक्त राष्ट्र निर्माण का माध्यम बन चुका है। सीएमएस-03 केवल एक उपग्रह नहीं बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता, आत्मविश्वास और दूरदृष्टि का प्रतीक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच फिर गोलीबारी

**काबुल/इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के कंधार प्रांत के एक सीमावर्ती जिले में पाकिस्तानी सेना ने भारी हथियारों का भी जमकर इस्तेमाल किया। अफगानिस्तान के स्थानीय मीडिया के अनुसार गोलीबारी स्थानीय समयानुसार गुरुवार शाम लगभग 5 बजे हुई। इसमें कहा गया है कि स्पिन बोल्डक जिले के एक व्यावसायिक बाज़ार पर मोर्टार के गोले दागे गए, जिससे निवा. सियों और व्यापारियों को इलाक़े से भागने पर मजबूर होना पड़ा।

### पाकिस्तान और इराक से 433 अफगानी कैदी रिहा

**काबुल।** पाकिस्तान और इराक की जेलों में बंद 433 अफगानी कैदियों को पिछले सप्ताह रिहा कर अफगानिस्तान भेज दिया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने गुरुवार देर रात यह जानकारी दी। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान में हिरासत में लिए गए 430 लोग दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा के रास्ते देश में वापस आ गए। इसके अलावा छह महीने से इराक की जेलों में बंद तीन अन्य कैदी पश्चिमी निमरोज़ प्रांत में पुल-ए-अब्रेसिम सीमा पार करके वापस लौटे।

### वियतनाम में तूफान कालमेगी से पांच लोगों की मौत

**हनोई।** मध्य वियतनाम में तूफान कालमेगी के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए हैं। स्थानीय दैनिक लाओ डोंग ने शुक्रवार को यह जानक. ारी दी। तीन मौतें डाक लाक प्रांत में हुईं, जबकि अन्य दो गिया लाई प्रांत में हुईं। स्थानीय अधिकारियों की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार पूरे क्षेत्र में 52 घर ढह गए और 2593 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय अधिकारी नुकसान का आकलन और राहत कार्य जारी रखे हुए हैं। वियतनाम के कृषि एवं पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि तूफान आज तड़के एक उष्णकटिबंधीय दबाव क्षेत्र में कमज़ोर हो गया और फिर दक्षिणी लाओस के ऊपर एक निम्न दबाव क्षेत्र में बदल गया।

### ब्रिस्बेन हवाई अड्डे पर वर्जिन के विमान में आग लगी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन हवाई अड्डे पर गुरुवार को वर्जिन ऑस्ट्रेलिया एयरलाइन के एक विमान के ब्रेक प्रणाली में आग लग गई। वर्जिन ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि विमान में सवार 178 यात्रियों और चालक दल के किसी भी सदस्य को कोई चोट नहीं आई। एयरलाइन कम्पनी ने कहा कि डार्विन से उड़ान भरने वाले बोइंग 737-800 के कल शाम स्थानीय समयानुसार लगभग सात बजे ब्रिस्बेन में उतरने के बाद उसके ब्रेक सिस्टम में आग लग गई।

# श्रीनगर में मौसम की सबसे सर्द रात

## न्यूनतम तापमान 0.2°C रिकॉर्ड किया गया, पहलगाम में हाड़ कंपाने वाली ठंड

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में रात का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया जबकि श्रीनगर में मौसम की सबसे सर्द रात दर्ज की गई, जहां न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया तथा घाटी में औसत तापमान एक से तीन डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार कश्मीर के ऊपरी इलाकों में हाल ही में हुई हिमपात के कारण घाटी में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है और कई इलाकों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। अनंतनाग जिले के पर्वतीय रिसॉर्ट पहलगाम में शून्य से नीचे 3-0 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया जो कश्मीर का सबसे ठंडा स्थान रहा। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम की अब तक की सबसे सर्द रात थी। तापमान सामान्य 1.9 से गिरकर 1.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने घाटी के प्रवेश द्वार काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कोकरनाग में 1.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



**तापमान सामान्य 1.9 से गिरकर 1.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।**

उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में तापमान शून्य से नीचे 2-6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान केन्द्र शासित प्रदेश में मुख्यत: मौसम शुष्क रहने का अनुमान व्यक्त किया है। इसके साथ ही विभाग ने यह भी कहा है कि अगले दो दिनों में मौसम में कोई बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है, जिससे पूरे क्षेत्र में शुष्क और ठंडी स्थिति यथावत रहने का अनुमान है।

# डेमोक्रेटस की जीत का ओबामा ने मनाया जश्न

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हालिया चुनावों को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी में जश्न का माहौल है। इस बीच पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा वाशिंगटन में एक कार्यक्रम में अप्रत्याशित रूप से भाग लेते हुए नजर आए।

यहां उन्होंने कहा कि अमे. रिकी वोटर्स अब ट्रम्प के एजेंडे को खारिज कर रहे हैं। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि डेमोक्रेट्स के बीच जारी मतभेदों को दूर किया जा सकता है। ओबामा ने पाड सेव अमेरिका नाम के पाडकास्ट के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि हमारा मंगलवार बहुत अच्छा रहा। उनके ये बोलते ही भीड़ ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा संकेत है कि अमेरिकी जनता ध्यान दे रही है। वे निर्दयता नहीं चाहते। वे ऐसे लोगों को नहीं देखना चाहते जो सत्ता में बने रहने के लिए हरसंभव कोशिश करते हैं। न्यूयार्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर और खुद को समाजवादी कहने वाले जोहरान ममदानी और वर्जीनिया और न्यू जर्सी के गवर्नर चुनावों में क्रमश: डेमोक्रेट्स एबिगेल स्पैनबर्गर और मिकी शेरिल की जीत हुई थी। इसके बाद से ही यह चर्चा तेज हो गई है कि 2026 के मध्यावधि चुनावों की तैयारी के दौरान पार्टी अपने प्रगतिशील और मध्यमार्गी गुटों के बीच मतभेदों को कैसे सुलझाएगी। एसोसिएटेड प्रेस के वोटर पोल, जिसमें न्यूयार्क सिटी, वर्जीनिया, न्यू जर्सी और कैलिफोर्निया के 17,000 से अधिक मतदाताओं से राय ली गई है, के मुताबिक अधिकांश मतदाताओं ने तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रदर्शन को अस्वीकार किया और माना कि उनकी कठोर आव्रजन नीति हद पार कर गई। ओबामा ने स्वीकार किया कि डेमोक्रेटिक पार्टी में अभी काफी काम किया जाना बाकी है, लेकिन कहा कि पार्टी के अलग-अलग गुट एक-दूसरे के साथ चल रहे हैं न कि किसी दिखावे या बनावटी तरीके से। डेमोक्रेटिक पार्टी के समाजवादी नेता और ममदानी के समर्थक सीनेटर बर्नी सैंडर्स ने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि डेमोक्रेट्स के बीच मतभेद हैं, लेकिन उन्हें दूर किया जा सकता है।



**पूर्व राष्ट्रपति ने कहा: अमेरिकी वोटर्स अब राष्ट्रपति ट्रम्प के एजेंडे को खारिज कर रहे**

# पाक एटमी हथियारों की तस्करी कर रहा: भारत

## विदेश मंत्रालय ने कहा: हमने हमेशा इस बारे में बताया, ट्रम्प ने कहा था-पाक न्यूक्लियर टेस्ट कर रहा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान सालों से सीक्रेट तरीके से न्यूक्लियर एक्टिविटी करता रहा है। इसमें तस्करी, नियम तोड़ना, सीक्रेट साझेदारी और एक्यू खान नेटवर्क शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा दुनिया को इसकी याद दिलाता रहा है। इसी वजह से हमने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पाकिस्तान के न्यूक्लियर टेस्ट वाले बयान पर भी गौर किया है।

दरअसल ट्रम्प ने रविवार को एक इंटरव्यू में कहा था कि पाकिस्तान सीक्रेट तरीके से परमाणु परीक्षण कर रहा है। विद. ेश मंत्रालय ने साप्ताहिक प्रेस कान्फ्रेंस में इसी बयान पर प्रतिक्रिया दी है। एक्यू खान नेटवर्क एक सीक्रेट अंतर्राष्ट्रीय परमाणु तस्करी नेटवर्क था, जिसे पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक डा. अब्दुल कदीर खान ने बनाया था। यह नेटवर्क 1970 के दशक से लेकर 2000 के शुरुआती सालों तक एक्टिव रहा। कदीर खान को पाकिस्तान के परमाणु बम के जनक कहा जाता है। उन्होंने पाकिस्तान के लिए यूरेनियम संवर्धन तकनीक डेवलप की थी, जिससे पाकिस्तान ने 1998 में परमाणु परीक्षण किया। हालांकि बाद में सामने आया कि डा. खान ने यही तकनीक दूसरे देशों तक भी पहुंचाई। इसे ही एक्यू खान नेटवर्क कहा गया। यह नेटवर्क कोई औपचारिक संस्था नहीं था, बल्कि वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और कंपनियों का एक सीक्रेट नेटवर्क था जो अलग-अलग देशों में फैला था। इनके जरिए एटमी प्रोग्राम के लिए जरूरी पुर्जे, मशीनें और डिजाइन चुपचाप ईरान, उत्तर कोरिया और लीबिया जैसे देशों तक पहुंचाए गए।



**भारत हमेशा दुनिया को इसकी याद दिलाता रहा है**

साल 2003 में इस सीक्रेट का पर्दाफाश तब हुआ जब लीबिया ने अपने परमाणु कार्यक्रम की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को दी। जांच में यह पता चला कि लीबिया को तकनीक पाकिस्तान से मिली थी। इसके बाद 2004 में डा. कदीर खान ने टीवी पर आकर स्वीकार किया कि उन्होंने इन देशों की मदद की थी, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने यह काम अपनी मर्जी से किया, सरकार के आदेश पर नहीं। अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ने के बाद पाकिस्तान ने खान को गृह नजरबंद कर दिया और कहा कि नेटवर्क को खत्म कर दिया गया है। ट्रम्प ने कहा था कि अमे. रिका को फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास इतने परमाणु हथियार हैं कि दुनिया को 150 बार नष्ट किया जा सकता है, लेकिन रूस और चीन की गतिविधियों के चलते टेस्ट करना जरूरी है। जब ट्रम्प से पूछा गया कि नार्थ कोरिया के अलावा कोई भी परमाणु टेस्ट नहीं कर रहा तो आप क्यों कर रहे हैं? इस पर ट्रम्प ने कहा कि रूस, पाकिस्तान और चीन भी गुप्त परीक्षण कर रहे हैं, बस दुनिया को पता नहीं चलता।

## पीओके में पाक के विरुद्ध सड़कों पर जेन-जी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में एक बार फिर शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ विरा. ेध-प्रदर्शन भड़क उठा है। नेपाल की तरह ही अब पीओके में भी आंदोलन की कमान जेन-जी ने संभाल ली है। हालांकि, शुरू में छात्रों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन शिक्षा सुधार और फीस कटौती पर केंद्रित था लेकिन उनकी मांगों को सुनने के बजाय सेना-पुलिस की मदद से उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की गई तो हालात बेकाबू हो गए। सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं जिसमें मुजफ्फराबाद के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी सड़कों पर उतरे छात्रों को नारेबाजी, तोड़फोड़ करते और टायर आदि जलाते देखा जा सकता है। शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन में बदले विरोध-प्रदर्शन को पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में युवा पीढ़ी के बीच गहराते असंतोष के तौर पर देखा जा रहा है। कई सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी कहा जा रहा है कि नेपाल के बाद अब पीओके में जेन-जी के आंदोलन ने पाकिस्तान की सरकार और सेना के लिए हालात मुश्किल बना दिए हैं। प्रदर्शन मुजफ्फराबाद की एक प्रमुख यूनिवर्सिटी में भारी-भरकम फीस और सुविधाओं के अभाव पर विरोध जताने के लिए शुरू हुआ था। प्रदर्शन शांतिपूर्ण जारी था लेकिन प्रशासन ने यूनिवर्सिटी में सभी राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगा दी। स्थिति तब बिगड़ गई जब एक अज्ञात बंद. ूकधारी ने छात्रों के एक समूह पर गोली चलाई। एक महीने पहले भी पीओके में इसी तरह अशांति हुई थी।

**प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर फायरिंग से बढ़ा बवाल, पिछली बार प्रदर्शन के दौरान हिंसा में गई थीं कई जानें**

# गाजा की सुरंग में फंसे 200 हमास लड़ाके

**गाजा।** गाजा के राफा बार्डर के पास करीब 200 हमास लड़ाके एक सुरंग में फंस गए हैं और वहां से निकल नहीं पा रहे हैं। इजरायली मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि ये लड़ाके मार्च 2025 से यहां फंसे हुए हैं। इजरायली सेना ने इनके बाहर निकलने का रास्ता बंद कर दिया है। इजरायली अधिकारियों के मुताबिक, ये लड़ाके गाजा के उस हिस्से में मौजूद हैं, जो इजरायल के नियंत्रण में है।

वे सुरंगों के अंदर छिपे हैं, लेकिन अगर पीछे हटने की को. शिश करेंगे तो सीधे इजरायली सैनिकों (आईडीएफ) के हाथों पकड़े जाने का खतरा है। वाईनेट न्यूज के मुताबिक इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कहा है कि उन्हें सुरक्षित निकलने की इजाजत नहीं दी जाएगी। वहीं, इजरायली सेना के चीफ आफ स्टाफ एयाल जमीर ने कहा कि लड़ाकों को निकालने के लिए हमास से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हम उन्हें अंडरवियर में सैन्य ठिकाने ले जाएंगे। कुछ इजरायली मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि अगर हमास के लड़ाके अपने हथियार डाल दें, तो उन्हें बाहर निकलने दिया जा सकता है। हालांकि, नेतन्याहू के दफ्तर ने इस दावे को झूठा बताया और साफ किया कि किसी भी हमास सदस्य को माफी या सुरक्षित निकलने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

**इजरायल ने निकलने का रास्ता बंद किया, इजरायली सेना बोली: इन्हें अंडरवियर में आर्मी कैंप ले जाएंगे**

सदे तेइमान एक सैन्य ठिकाना है जो इजरायल के नेगेव रेगिस्तान में गाजा की सीमा के नजदीक है और अक्टूबर 2023 के बाद इसे गाजा से पकड़े गए लोगों को रखने और पूछताछ करने के लिए इस्तेमाल किया गया है। कुछ रिपोर्ट्स के मुता. बिक यहां पर हजारों फिलिस्तीन कैदी हैं। जमीर ने सरकार को सलाह दी कि जब तक सभी बंधक और शहीद सैनिकों के शव वापस नहीं आ जाते, तब तक सीजफायर समझौते के अगले चरण पर नहीं बढ़ना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि गाजा को पूरी तरह से हथियारों से मुक्त किए बिना वहां किसी तरह का कामकाज शुरू नहीं होना चाहिए।

# अमेरिका में 40 एयरपोर्ट्स पर 700 उड़ानें बंद

## ट्रम्प के शटडाउन की वजह से स्टाफ नहीं मिल रहा, बिना वेतन काम कर रहे कर्मचारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में शटडाउन हुए 37 दिन बीत चुके हैं। इसका सबसे ज्यादा असर हवाई यात्रा पर पड़ रहा है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने 40 बड़े हवाई अड्डों पर उड़ानों में कटौती का ऐलान किया है। शुक्रवार सुबह से यह कटौती शुरू हो गई है। इसमें न्यूयॉर्क और वाशिंगटन डीसी के बड़े एयरपोर्ट्स शामिल हैं। कुल 40 में से ज्यादातर देश के सबसे व्यस्त हब हैं।

इससे थैंक्स गिविंग वीक की छुट्टियों से पहले यात्रा करने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई हैं। रायटर्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई बड़े एयरलाइंस पहले ही उड़ानें कैंसिल कर चुके हैं। अब तक कुल 700 से ज्यादा उड़ानें कैंसिल हो चुकी हैं। इसमें रीजनल और मुख्य उड़ानें शामिल हैं। हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें इससे बचेंगीं। एफएए के मुताबिक यह कदम एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स की कमी को कम करने के लिए उठाया गया है। ये कंट्रोलर्स एक महीने से ज्यादा समय से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। उड़ानों में कटौती के बाद कई बड़े एयरलाइंस उड़ानें कैंसिल कर रहे हैं। रोजाना 1,800 उड़ानें कैंसिल होने का खतरा, 2.68 लाख लोग प्रभावित, यह कटौती धीरे-धीरे बढ़ेगी। शुक्रवार से 4 प्रतिशत उड़ानें कम होंगी, 14 नवम्बर तक यह 10 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। यह सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। इससे घरेलू उड़ानें प्रभावित होंगी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इससे रोजाना 1,800 उड़ानें रद्द हो सकती हैं। वहीं, करीब 2.68 लाख लोग प्रभावित होंगे। डेल्टा एयर लाइंस ने शुक्रवार के लिए 170 उड़ानें रद्द कीं। यूनाइटेड एयरलाइंस ने 200 उड़ानें कैंसिल कीं। यह उनके शुक्रवार के शेडयूल का 4 प्रतिशत है। वही, अमेरिकन एयरलाइंस ने 220 उड़ानें कम कीं। साउथवेस्ट एयरलाइंस ने 100 उड़ानें रद्द कीं। एयरलाइंस फार अमेरिका ने कहा कि हम सरकार के साथ मिलकर यात्रियों की परेशानी कम करने की कोशिश कर रहे हैं। एफएए ने कहा कि एयरलाइंस खुद तय करेंगी कि कौन सी उड़ानें रद्द करनी है। फ्रंटियर समेत कई बड़ी एयरलाइंस ने अगले 10 दिनों के भीतर ट्रैवल करने वाले यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। फ्रंटियर एयरलाइंस के सीईओ बैरी बिफल ने इंस्टाग्राम पर कहा कि अगर आप शुक्रवार या अगले 10 दिनों में उड़ान भरने वाले हैं। तो बैकअप टिकट बुक करें। दूसरी एयरलाइन पर इकोनामी टिकट लें।




**थैंक्स गिविंग वीक की छुट्टियों से पहले यात्रा करने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई हैं**




**श्रीनगर। नशा विरोधी रैली में भाग लेते छात्र-छात्राएं।**

# ट्रम्प नीति को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की मुहर

## पासपोर्ट पर लिंग पहचान सीमित, ट्रांसजेंडर समुदाय में नाराजगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन को ऐसी नीति लागू करने की मंजूरी दे दी है, जिसके तहत ट्रांसजेंडर और नानबाइनरी लोग (ऐसे लोग जो खुद को केवल पुरुष या महिला के रूप में नहीं पहचानते हैं) अब अपने पासपोर्ट पर अपनी लैंगिक पहचान खुद नहीं चुन पाएंगे।

इस फैसले से पहले एक निचली अदालत ने आदेश दिया था कि सरकार लोगों को पासपोर्ट पर पुरुष, महिला या अन्य लिंग में से अपनी पहचान चुनने की अनुमति देती रहे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश रोक दिया है। सुप्रीम कोर्ट के छह जजों की बहुमत वाली बेंच ने कहा कि पासपोर्ट पर जन्म के समय का लिंग दिखाना, समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं है। यह देश के जन्मस्थान दिखाने जैसा ही है, सिर्फ एक तथ्यात्मक विवरण। तीन लिबरल जजों ने इस फैसले का विरोध किया। जस्टिस केतानजी ब्राउन जैक्सन ने कहा कि यह नीति ट्रांसजेंडर लोगों को 'हिंसा, उत्पीड़न और भेदभाव' के खतरे में डालती है। उन्होंने लिखा कि यह अदालत एक बार फिर ऐसे कदम को मंजूरी दे रही है जिससे लोगों को तुरंत नुकसान पहुंचेगा, बिना किसी ठोस कारण के। जैक्सन ने यह भी कहा कि यह नीति ट्रम्प के उस कार्यकारी आदेश से निकली है, जिसमें ट्रांसजेंडर पहचान को झूठा और विनाशकारी बताया गया था। अमेरि. कन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) के वकील जान डेविडसन ने कहा कि यह फैसला बेहद दुखद है। यह लोगों को अपनी असली पहचान से दूर करने की को. शिश है और ट्रांसजेंडर समुदाय के खिलाफ सरकार के अभियान को और बढ़ावा देगा। कई ट्रांसजेंडर और नानबाइनरी लोगों ने अदालत में बताया था कि जब उनके पासपोर्ट पर उनकी पहचान गलत होती है, तो उन्हें हवाई अड्डों और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर अपमान, तलाशी और हिंसा का सामना करना पड़ता है। ट्रम्प प्रशासन ने दलील दी कि पासपोर्ट विदेशी मामलों का हिस्सा हैं और यह पूरी तरह से कार्यपालिका (राष्ट्रपति) के अधिकार में आता है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने इस फैसले को 'कामन सेंस और राष्ट्रपति ट्रम्प की विचारधारा की जीत' बताया। अटार्नी जनरल पैम बान्डी ने कहा कि सिर्फ दो ही लिंग हैं, पुरुष और महिला। न्याय विभाग इस सच्चाई की रक्षा करता रहेगा।



**पासपोर्ट पर जन्म के समय का लिंग दिखाना, समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं है: अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट**

# न्यूयॉर्क की कहानी, प्यूर्टो रिको के बिना अधूरी: ममदानी

**सैन जुआन।** न्यूयार्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी ने चुनाव जीतने के बाद प्यूर्टो रिको का दौरा किया, जहां हर साल न्यूयार्क के राजनेता और लाबिस्ट जमा होते हैं। यह वार्षिक सम्मेलन श्सोमोसश के नाम से जाना जाता है और राजनीतिक रणनीति, चर्चाओं और मेलजोल का केंद्र माना जाता है।

समुद्र तट पर आयोजित स्वागत समारोह में जोहरान ममदानी का जोरदार स्वागत किया गया। वहां मौजूद भीड़ ने तालियों बजाकर उनका स्वागत किया, और न्यूयार्क की अटार्नी जनरल लेटिशिया जेम्स ने मंच से सबको 'ममदानी, वो-ओ-ओ-ओ' गीत गाने के लिए प्रेरित किया, पुराना मशहूर गीत 'वोलेरे' की धुन पर। जोहरान ममदानी ने सभा को संबो. धित करते हुए कहा कि मैं सोमोस में आकर बहुत खुश हूं। न्यूयॉर्क सिटी की कहानी आप प्यूर्टो रिको की कहानी के बिना नहीं बता सकते। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने यहां का पारंपरिक पकवान 'मोफोंगो' खाया और उसकी तारीफ की। इस सम्मेलन के दौरान 'राइजिंग कम्युनिटीज के जरिए वर्कफोर्स डेवलपमेंट' और 'ह्यूमन सर्विसेज का जश्न' जैसे विषयों पर कार्यक्रम रखे गए हैं। इसके अलावा कई विधाई कार्यशालाएं भी होंगी। आमतौर पर यह सम्मेलन चुनाव के बाद नेताओं के लिए आराम, बातचीत और नेटवर्किंग का मौका होता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108